भोपाल
सोमवार, 28 जुलाई 2025
श्रावण मास शुक्ल पक्ष-04
वर्ष : 12, अंक : 118
पृष्ठ : 12 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 26
न्यून. 25

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

यह सत्र 8 अगस्त तक चलेगा विधायकों ने 3377 सवाल लगाए

## विधानसभा का मानसून सत्र आज से, 10 बैठकें होंगी

- *विधानसभा अध्यक्ष ने लिया तैयारियों का जायजा*
- *कहा, विरोध प्रदर्शन पर प्रतिबंध नया नियम नहीं*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र सोमवार 28 जुलाई से शुरू हो रहा है। 8 अगस्त तक चलने वाले इस सत्र के हंगामेदार होने के आसार हैं। विपक्ष सरकार को बिजली संकट, महंगाई और तबादला नीति जैसे मामलों पर घेरने की तैयारी में है, जबकि सत्तापक्ष ने भी विपक्ष के मुद्दों और अपनी उपलब्धियों के जरिए जवाब देने की रणनीति बनाई है। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रविवार को विधानसभा परिसर का निरीक्षण करते हुए सत्र की व्यवस्थाओं और तैयारियों का ▶▶ शेष पेज 6 पर

### अनुपूरक बजट पेश करेगी सरकार

विधानसभा के इस सत्र में 10 बैठकें होंगी। सत्र को लेकर विधायकों ने 3377 सवाल लगाए हैं। इसमें से 1718 तारांकित प्रश्न और 1659 अतारांकित प्रश्न लगाए गए हैं। इसके अलावा 226 ध्यानाकर्षण, 1 स्थगन प्रस्ताव, 23 ▶▶ शेष पेज 6 पर





*मुख्यमंत्री ने सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन से एम्स तक एवं वापसी में एम्स से आरकेएमपी स्टेशन तक टेस्ट रन लिया*

# भोपालवासियों को मेट्रो ट्रेन की सौगात जल्द, पीएम अक्टूबर में करेंगे उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपालवासियों को बहुत जल्द (अक्टूबर तक) मेट्रो ट्रेन की सौगात मिल जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को इसका ट्रायल रन लिया। उन्होंने कहा कि इंदौर में यात्री मेट्रो सेवा शुरू हो चुकी है। भोपाल मेट्रो ट्रेन का काम भी तेजी से जारी है। कुछ काम शेष रह गए हैं, जो डेढ़ से दो महीने में पूरे कर लिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि अक्टूबर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भोपाल मेट्रो का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री ▶▶ शेष पेज 6 पर

भोपाल मेट्रो ट्रेन परियोजना के लिए कुल 27 अत्याधुनिक मेट्रो ट्रेन सेट होंगे, इनमें से 7 ट्रेन सेट भोपाल पहुंच चुके हैं



### मेट्रो रेल के प्रायोरिटी कॉरीडोर के बारे में जानकारी ली

मुख्यमंत्री सुभाष नगर मेट्रो स्टेशन के समीप स्थापित मेट्रो ट्रेन के सेंट्रल कंट्रोल रूम (कमांड सेंटर) भी पहुंचे। वहां से मेट्रो ट्रेन संचालन के बारे में तकनीकी जानकारी प्राप्त की। अपर मुख्य सचिव (नगरीय प्रशासन) संजय दुबे ने मुख्यमंत्री को मेट्रो ट्रेन के लिए अब तक के विकास घटनाक्रम की विस्तार से जानकारी दी। मेट्रो ट्रेन की सवारी के बाद मुख्यमंत्री ने आरकेएमपी स्टेशन पर मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस परियोजना को कुल 6941.40 करोड़ रुपए की ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### 2000 रुपए से अधिक के लेनदेन पर जीएसटी नहीं



नई दिल्ली। केंद्र सरकार की ओर से कहा गया है कि 2,000 रुपए से अधिक के यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) आधारित लेनदेन पर जीएसटी लगाने की कोई योजना नहीं है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने राज्यसभा में कहा कि जीएसटी परिषद ने 2,000 रुपए से अधिक के यूपीआई लेनदेन पर जीएसटी लगाने की सिफारिश नहीं की है।

### कार पेड़ से टकराई तीन लोगों की मौत



देवास। रविवार सुबह कमलापुर थाना अंतर्गत इंदौर नागपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर सड़क हादसा हो गया। राजस्थान से धार्मिक यात्रा कर लौट रही एक कार बेडामऊ के पास अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में महिला, बेटा और बहू शामिल हैं।

### टीसीएस में 12,000 कर्मचारियों की छंटनी



नई दिल्ली। आईटी दिग्गज टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) 2 फीसदी कर्मचारियों की कटौती करने जा रही है। जिसका असर मध्यम और वरिष्ठ प्रबंधन पर पड़ेगा। इससे करीब 12,000 कर्मचारियों की नौकरी जाएगी। कंपनी ने कहा कि यह बदलाव योजनाबद्ध किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि हमारे ग्राहकों को दी जाने वाली सेवाओं पर कोई असर न पड़े।

तमिलनाडु के अरियालुर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ऑपरेशन सिंदूर पर बोले

# भारत के दुश्मनों और आतंकियों के लिए दुनिया में कोई जगह सेफ नहीं

एजेंसी ▶▶ अरियालुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु दौरे पर कहा कि आज का भारत अपनी सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया ने देखा कि अगर कोई भारत की सुरक्षा और संप्रभुता पर हमला करता है, तो भारत उसे उसी की भाषा में जवाब देना जानता है।

इस ऑपरेशन ने साफ कर दिया है कि अब भारत के दुश्मनों और आतंकवादियों के लिए दुनिया में कोई जगह सुरक्षित नहीं है। जब मैं हेलीपैड से यहां आया तो तीन-चार किलोमीटर की दूरी अचानक एक रोड शो में बदल गई और हर कोई ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा कर रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति और एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का अहसास होना चाहिए।

चोल साम्राज्य विकसित भारत के लिए प्राचीन रोडमैप जैसा

*पीएम ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने पूरे देश में एक नई जागृति और एक नया आत्मविश्वास पैदा किया है। दुनिया को भारत की ताकत का अहसास होना चाहिए*





- *काशी से लाया गया गंगाजल चोल साम्राज्य की विरासत को करता है सम्मानित*
- *चोल राजाओं के कार्य एक भारत, श्रेष्ठ भारत के महायज्ञ को नई ऊर्जा, नई शक्ति और नया उत्साह देते हैं*

### चोल साम्राज्य हमें प्रेरित करता है कि हमें विकसित भारत बनाना है

पीएम मोदी ने कहा कि चोल काल में भारत ने जो आर्थिक और सैन्य ऊंचाइयां हासिल कीं, वे आज भी हमें प्रेरित करती हैं। उन्होंने प्राचीन भारत के राजाओं की दूरदर्शिता को रेखांकित करते हुए कहा कि राजराजा चोल ने एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया, जिसे राजेंद्र चोल ने और मजबूत किया। यह हमें बताता है कि अगर हमें विकसित भारत बनाना है, तो हमें अपनी नौसेना, रक्षा बलों को मजबूत करना होगा और नए अवसरों की तलाश करनी होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उन्हें खुशी है कि काशी से गंगाजल एक बार फिर यहां लाया गया है। उन्होंने कहा कि मैं काशी का जनप्रतिनिधि हूं और मेरा मां गंगा से विशेष जुड़ाव है। प्रधानमंत्री ने कहा कि चोल राजाओं के कार्य और उनसे जुड़ी ऐतिहासिक घटनाएं एक भारत, श्रेष्ठ भारत के महायज्ञ को नई ऊर्जा नई शक्ति और नया उत्साह देती हैं। उन्होंने चोल सम्राटों की विरासत को भारत की एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक बताया।

### बृहदेश्वर मंदिर में की पूजा



इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु के प्रसिद्ध बृहदेश्वर मंदिर में दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि भगवान बृहदेश्वर के चरणों में पूजा करने का सौभाग्य मुझे मिला। मैंने 140 करोड़ देशवासियों की भलाई और भारत की निरंतर प्रगति के लिए प्रार्थना की है। मेरी कामना है कि सभी को भगवान शिव का आशीर्वाद मिले। यह मंदिर चोल वंश की स्थापत्य कला का अद्भुत उदाहरण है और पीएम मोदी की यह यात्रा भारत की सांस्कृतिक विरासत के सम्मान का प्रतीक मानी जा रही है। ▶▶ पढ़ें पेज 09 भी

करणी सेना पर लाठीचार्ज मामले में मुख्यमंत्री का बड़ा एक्शन

# एएसपी, एसडीएम व एसडीओपी को तत्काल प्रभाव से हटाया गया

- *दो टीआई किए गए लाइन अटैच*



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हरदा में करणी सेना परिवार के आंदोलन के दौरान राजपूत छात्रावास में पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज मामले में एक्शन लिया है। सीएम डॉ. मोहन यादव ने हरदा के एडिशनल एसपी, एसडीएम और ▶▶ शेष पेज 6 पर

### 16 जुलाई को दिए थे जांच के आदेश

16 जुलाई को सीएम ने दुबई यात्रा के दौरान ही हरदा लाठीचार्ज प्रकरण की जांच के आदेश दिए थे। जांच में पुलिस अफसरों की गलती पाए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने ये एक्शन लिया है। हरदा में राजपूत छात्रावास ▶▶ शेष पेज 6 पर

भिंड बीईओ थप्पड़ कांड पर कार्रवाई

# मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा पर 15 दिन बाद 'एफआईआर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिंड



■ गुरुपूर्णिमा के दिन मारा था चांटा

जिले के मेहगांव ब्लॉक शिक्षा अधिकारी थप्पड़कांड के मामले में आ खि र का र पुलिस ने एक्शन ले लिया है। घटना के 15 दिन बाग पुलिस ने भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा पर एफआईआर दर्ज की है। नीरज पर शासकीय कार्य में बाधा सहित जान से मारने की धमकी और मारपीट की धाराओं में केस दर्ज किया गया है। इस मामले ▶▶ शेष पेज 6 पर

धामी ने जाना घायलों का हाल

## करंट फैलने की अफवाह से मनसा देवी में भगदड़, 8 की मौत



ट्रस्ट ने कहा एक श्रद्धालु के फिसलने से भगदड़

एजेंसी ▶▶ हरिद्वार

हरिद्वार के मनसा देवी मंदिर मार्ग पर रविवार सुबह भगदड़ मचने से बड़ा हादसा हो गया। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई। वहीं, हादसे में 22 घायल हैं और पांच लोग गंभीर घायल हैं, 23 लोग सामान्य हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी भी हरिद्वार पहुंचे और अस्पताल में घायलों का हाल जाना। सीएम ने मजिस्ट्रियल जांच के निर्देश दिए हैं। मनसा देवी ट्रस्ट के पदाधिकारियों ▶▶ शेष पेज 6 पर

संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा आज

## दोनों सदनों में 16-16 घंटे होगी बहस, राजनाथ करेंगे शुरुआत



पीएम भी चर्चा में हो सकते हैं शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र में सोमवार को लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर 16 घंटे लंबी चर्चा की शुरुआत होगी। इस चर्चा की अगुवाई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दोपहर 12 बजे करेंगे। इसके बाद मंगलवार से राज्यसभा में भी ऑपरेशन सिंदूर के मुद्दे पर 16 घंटे की बहस होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी चर्चा में शामिल होने की संभावना है। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इस चर्चा के लिए ▶▶ शेष पेज 6 पर

केंद्रीय मंत्री गड़करी का बयान

## सरकार निकम्मी होती है, चलती गाड़ी को पंक्चर करने में माहिर



'मुफ्त की योजनाओं' पर भी चोट की

एजेंसी ▶▶ नागपुर

अपनी बेबाकी के लिए मशहूर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर में एक कार्यक्रम में फ्रीबीज यानी 'मुफ्त की योजनाओं' पर भी चोट की। उन्होंने कहा कि सबको फोकट का कुछ चाहिए, मैं नहीं देता फोकट में कुछ।

मेरे 4 साल के अनुभव के बाद मुझे ये समझ आया कि सरकार, बहुत निकम्मी होती है। कॉर्पोरेशन के भरोसे कोई काम नहीं होता। चलती गाड़ी को ▶▶ शेष पेज 6 पर

वीआईटी कॉलेज के 5 छात्र गए थे पिकनिक मनाने

## सेल्फी लेते वक्त पैर फिसला दूसरा बचाने गया, दोनों की मौत

खिवनी अभयारण्य के जंगल में भैरू खो झरने की घटना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

जिले के दौलतपुर से लगे देवास जिले के खिवनी अभयारण के जंगल में स्थित भैरू खो झरने की घटना सामने आई है। यहां पर वीआईटी कॉलेज के दो छात्र डूब गए। बताया जा रहा है कि रविवार को अवकाश ▶▶ शेष पेज 6 पर

कलेक्टर, एसपी सहित जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन की समझाईश एवं सख्ती बेअसर ही साबित हो रही है। यही कारण है कि लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं।

आधा दर्जन जिलों में तेज बारिश, दो दिन बाद आएगी कमी

## बैतूल में छात्र झरने में गिरा, पार्वती नदी में बाढ़ श्योपुर-बांरा हाईवे बंद, शिवपुरी में कार बही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में बारिश का सबसे स्ट्रॉन्ग सिस्टम एक्टिव होने से रविवार को आधा दर्जन जिलों में तेज बारिश हुई। भोपाल में रुक-रुककर बारिश होती रही।

कई जगह बाढ़ के हालात बन गए, जिससे जन जीवन अस्त व्यस्त रहा। सबसे अधिक वर्षा श्योपुरकलां में 28 मिमी रही। तापमान में 3 डिग्री तक का उतार चढ़ाव रहा। बैतूल में दोस्तों को साथ पिकनिक मनाने गया 10वीं का छात्र सेल्फी लेते समय झरने में गिर गया। पैर फिसलने से यह हादसा हुआ। उसकी ▶▶ शेष पेज 6 पर

विदिशा में ट्रैक्टर पुलिया पार करते वक्त बहा चालक की जान बची



श्योपुर में मार्ग बंद

### कहां कितनी बारिश?

पिछले 24 घंटे के दौरान शिवपुरी में सबसे ज्यादा 4.8 इंच और रतलाम में 4.1 इंच पानी गिर गया। उमरिया में 2.1 इंच, सतना में 2 इंच, खजुराहो में 1.9 इंच, बैतूल में 1.8 इंच, टीकमगढ़-खंडवा में 1.7 इंच, नरसिंहपुर-गुना में 1.6 इंच, ग्वालियर, नौगांव-नर्मदापुरम में डेढ़ इंच, उज्जैन में 1.4 इंच, खरगोन-श्योपुर में 1.1 इंच बारिश हुई। मंडला, सतना, बालाघाट, रायसेन, सिवनी, रीवा, जबलपुर, दमोह, भोपाल, इंदौर, छिंदवाड़ा, सीधी, शाजापुर, विदिशा, ▶▶ शेष पेज 6 पर

पीएम मोदी ने 'मन की बात' में भोपाल की महिलाओं के स्वच्छता समूह 'सकारात्मक सोच' की तारीफ की

# पहले यह महिलाएं पॉजिटिविटी किटी चलाती थीं, पीएम की अपील के बाद घर-घर लेकर जाती हैं रजिस्टर और गंदगी न फैलाने की दिलाती हैं 'शपथ'

अलग खबर

मधुरिमा राजपाल ▶▶ भोपाल

'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल की 'सकारात्मक सोच' टीम की सराहना की। पीएम मोदी ने बताया कि यह टीम 200 महिलाओं की है जो 17 पार्कों की सफाई करने के साथ-साथ लोगों में जागरूकता भी फैला रही हैं।

शहर के 17 पार्कों की एक साथ सफाई करना और कपड़े के थैले बांटना, उनका हर कदम एक संदेश ▶▶ शेष पेज 6 पर

> 25 वार्डों में फैला है साढ़े तीन हजार लोगों के लिए बर्तन बैंक

> पुरानी किताबों की लाइब्रेरी भी शुरू की, जिससे बच्चे निशुल्क किताबें ले जाते हैं








**जरूरतमंद ले जाते हैं बर्तन, इस्तेमाल के बाद आ जाते हैं वापस**

*किरण शर्मा कहती हैं कि इसके अलावा हमारा बर्तन बैंक का भी काम है जिसमें वर्तमान में साढ़े तीन हजार लोगों के खाने तक के बर्तन हमारे पास मौजूद हैं और यह बैंक हमने 25 वार्डों में फैलाया हुआ* ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पीएम ने स्वच्छता के अनूठे तरीकों के उदाहरण दिए

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें एपिसोड में एक बार फिर 'स्वच्छता' पर जोर दिया। पीएम मोदी ने कहा कि देशभर के शहर और कस्बे अपने-अपने पर्यावरण और जरूरतों के अनुसार स्वच्छता के अनूठे तरीकों को अपना रहे हैं। इस साल देश के 4500 से ज्यादा शहर और कस्बे, इसमें शामिल हुए। 15 करोड़ से ज्यादा लोगों ने ▶▶ शेष पेज 6 पर

# शुभ योगों में मनाई हरियाली तीज

## महिलाओं ने पीपल की पूजा कर मांगी परिवार की सुख-समृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में रविवार को हरियाली तीज का त्यौहार महिलाओं ने धूमधाम से मनाया।

महिलाओं ने पीपल की पूजा कर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। मंदिरों में भगवान बांके बिहारीलाल को झूला झुलाया गया, तो कहीं फूलों का श्रृंगार किया गया।

मां चामुण्डा दरबार के पुजारी गुरु पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार की हरियाली तीज का त्योहार बहुत खास माना जाता है। इस बार कई शुभ योग के साथ ही रवि योग, शिव योग महालक्ष्मी राजयोग में यह त्योहार मनाया गया। हरियाली तीज भगवान शिव और देवी पार्वती के पुनर्मिलन के उपलक्ष में मनाया जाता है।

### महिलाओं ने की शिव-गौरी की पूजा अर्चना, राधा-रानी झूले झूला

हरियाली तीज पर महिलाओं ने पति की लंबी उम्र के लिए हरे रंग की साड़ी, हरी चूड़ियां आदि पहनकर शिव-गौरी की पूजा अर्चना की। हरियाली तीज को लेकर मंदिरों में काफी उत्साह रहा। लखेरापुरा स्थित श्रीजी मंदिर में प्रातः प्रभु श्रीनाथ जी को चंदन, आंवला, इत्र और सुगंधित तेल से स्नान कराया गया, फिर लाल चुनरी के वस्त्र पहनाए गए और साथ में सिर पर लाल छज्जे दार पाग के ऊपर कलगी पहनाई गई। लाल रंग प्रेम और अनुराग के भाव से होता है। शाम को संध्या आरती के पश्चात प्रभु को लाल चुनरी, मोती एवं कौड़ी से निर्मित झूले में विराजमान किया गया और कीर्तन तीज महातम आयो तुम देखो सखी गाया गया। अष्टमी के दिन से जन्माष्टमी की बधाई कीर्तन शुरू हो जाएंगे। वहीं श्री बांके बिहारीलाल जी मार्कण्डेय महाराज मंदिर तलैया चोबदारपुरा भोपाल में हरियाली तीज पर श्री बांके बिहारी लाल जी संग प्रियाजू राधारानी झूला को झुला झुलाया गया। राधा रानी को मेंहदी लगाई गई। सुहाग सामग्री चढ़ाई गई। यही सामग्री महिलाओं में प्रसादी रूप में बांटी गई।

### हरियाली तीज पर हनुमान चालीसा, श्री गुरु गीता सामूहिक पाठ कर किया पौधरोपण



दादाजी धाम मंदिर रायसेन रोड पटेल नगर में रविवार को हरियाली तीज पर श्री हनुमान चालीसा एवं श्री गुरु गीता का सामूहिक पाठ भक्तों द्वारा किया गया। इसके बाद भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया गया। मंदिर में बाउंड्री वॉल के चारों ओर अशोक, आम, जामुन, बेलपत्र,पीपल, बरगद, बादाम,नीम, चंपा, रुद्राक्ष एवं बहुत से वृक्ष लगे हुए हैं इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा हरे वस्त्र हरी चूड़ियां से सज धजकर पौधे रोपण किया गया साथ ही। पर्यावरण संरक्षण के लिए धरा को हरा- भरा बनाने का संकल्प लिया।

## 'श्रावणी सावन उत्सव' में दिया पर्यावरण का संदेश, बांटे पौधे




सावन के महीने में महिलाएं हरियाली तीज का उत्सव मनाकर हरियाली और खुशहाली का संदेश शहरवासियों को दे रही हैं। रविवार को कोलार स्थित होटल वेस्टर्न में वूमेन आफ विजडम के सभी सदस्यों ने उत्साह और उमंग के साथ 'श्रावणी सावन उत्सव' मनाया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. बबीता शर्मा ने बताया कि सभी महिलाएं परंपरागत हरे रंग की वेशभूषा और हाथों में मेहंदी और हरी चूड़ियों के साथ शामिल हुईं। कार्यक्रम में पर्यावरण का संदेश दिया और हरियाली के प्रतीक स्वरूप तुलसी के पौधों के साथ सभी का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण सावन क्वीन कॉन्टेस्ट था, जिसमें दो राउंड रखे गए। प्रथम राउंड रैंप वॉक का था और दूसरा जूरी सदस्यों से पूछे गए ट्रिकी प्रश्नों का उत्तर देना था, जिसमें डॉ. नीरू कुंदवानी विजेता रहीं, जिन्होंने मंच से पर्यावरण संरक्षण के लिए प्लास्टिक का उपयोग न करने का सामाजिक संदेश दिया। सावन क्वीन की उपविजेता विभूति तिवारी रहीं। कार्यक्रम में बारिश थीम पर फिल्मी गानों और नृत्य की प्रस्तुतियां भी दी गई। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में भोपाल की वरिष्ठ रंगकर्मी और कई बॉलीवुड फिल्मों व टीवी सीरियल्स में अभिनय कर चुकी शिवांगी पवार भी सम्मिलित हुई।

## 'हरियाली तीज महोत्सव' में महिलाओं ने सोलह श्रृंगार कर किया रैंप वॉक

**प्राइम क्वींस ग्रुप की महिलाओं ने आलोक धाम गार्डन में किया आयोजन**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन के रंगों और लोक परंपराओं से सराबोर 'हरियाली तीज महोत्सव' रविवार को कोलार रोड स्थित प्राइम एवेंयू कॉलोनी की महिलाओं के प्राइम क्वींस ग्रुप द्वारा आलोक धाम गार्डन में मनाया गया। महोत्सव में महिलाओं ने पारंपरिक परिधान और सोलह श्रृंगार में सज-धज कर रैंप वॉक किया। मिस ग्रीन कॉन्टेस्ट में प्रतिभागियों ने अलग-अलग अंदाज में प्रस्तुति देकर खूब वाह वाही बटोरी। ग्रुप की डॉ विभा पांडे ने बताया कि हरियाली तीज महोत्सव में सभी महिलाओं ने डांस, झूला झूलना, मेहंदी आदि प्रतियोगिता आयोजित कर विविध व्यंजनों के लुत्फ भी उठाया। कार्यक्रम में विमला दुबे, डॉ विभा पांडे, शुभा सिंघल, प्रियंका देशमुख, प्रियंका गौतम, शिवानी राठौड़, विमला डौंडे, अलका श्रीवास्तव, नेहा प्रधान, इशू रावत, अनुपमा श्रीवास्तव, अर्पिता जौहरी, लीना श्रीवास्तव, बबली यादव, सोनल, कृतिका तोमर ने कहा कि हरियाली तीज केवल एक पर्व नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक विरासत का जीवंत उत्सव है। आयोजन में उपस्थित महिलाओं ने सावन के गीतों पर झूमते हुए एक-दूसरे को तीज की शुभकामनाएं देकर सुहागन सामग्री उपहार स्वरूप प्रदान की।

## महिलाओं ने उत्साह और उमंग से मनाया हरियाली तीज महोत्सव



हरियाली तीज के पावन अवसर पर तुलसी विहार एवं कृष्णा विहार की महिलाओं ने उत्साह, उमंग और पारंपरिक गरिमा के साथ यह पर्व उल्लासपूर्वक मनाया। सभी महिलाएं पारंपरिक परिधानों में सजधज कर एकत्रित हुईं और श्रद्धाभाव से कान्हा जी को झूला झुलाया। इसके पश्चात सभी ने मिलकर झूला झूला, पारंपरिक गीत, नृत्य एवं भजनों के माध्यम से वातावरण को भक्तिमय एवं आनंदमय बना दिया। इस दौरान /"एक पेड़ मां के नाम/" अभियान के अंतर्गत, प्रत्येक महिला ने एक पौधा रोपित किया और यह संकल्प लिया कि वे उसकी देखरेख पूरी जिम्मेदारी के साथ करेंगी, जब तक वह पूर्ण रूप से विकसित न हो जाए। यह संपूर्ण आयोजन आरती बिसारे, शालिनी अरोरा, नविता घोरपड़े, प्रज्ञा सिंह, डॉली खंगार, राखी विश्वकर्मा, सुषमा यादव आदि के कुशल संचालन एवं समर्पण से सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## 'धूमधाम से मनाया 'हरियाली तीज महोत्सव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री संकट हरण महादेव मंदिर गिन्नोरी तलैया में रविवार महिलाओं ने धूमधाम से 'हरियाली तीज महोत्सव' मनाया। महोत्सव में महिलाओं ने सामूहिक हरियाली तीज पूजन, भजन कीर्तन, आरती, सुहागन साम्रगी का वितरण किया। हरियाली तीज महोत्सव में सभी महिलाएं हरे रंग के परिधान और सोलह श्रृंगार कर शामिल हुईं। महोत्सव में शामिल सविता राठौर ने बताया कि हरियाली तीज वह दिन होता है जब महिलाएं भक्ति भाव से भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना करती हैं और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करती हैं। यह त्योहार सोलह श्रृंगार और सौंदर्य के साथ-साथ आंतरिक श्रद्धा और शक्ति का प्रतीक है। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक लोकगीतों पर नृत्य प्रस्तुतियां भी दी।



### निकाली कांवड़ यात्रा

राठौर संघ द्वारा श्री संकट हरण महादेव मंदिर गिन्नौरी में चल रहे श्रावण महोत्सव अंतर्गत भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रविवार दोपहर कावड़ यात्रा बड़वाले महादेव मंदिर से प्रारंभ होकर संकट हरण महादेव मंदिर पर पहुंची। कावड़ यात्रा का श्रद्धालुओं ने जगह-जगह फूल बरसा कर स्वागत किया।

## मां दुर्गा मंदिर में मनाई हरियाली तीज



मां दुर्गा मंदिर में हरियाली तीज उत्साह के साथ मनाया गया। दीपा प्रज्जलन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस अवसर पर महिलाओं के लिए चाय-नाश्ते और भोजन का प्रबंध किया गया। साथ ही सभी महिलाओं को मेहंदी लगवाई गई और ढोलक-थाप पर नाच-गाने और झूले का भरपूर आनंद समस्त मातृ शक्ति उठाया। उत्सव में लगभग 200 महिलाओं ने भाग लिया और खूब मस्ती करते हुए इन आनंदमय पलों का भरपूर लुत्फ उठाया। कार्यक्रम में विधायक रामेश्वर शर्मा की धर्मपत्नी संगीता शर्मा, सुनीता गुड्डू भदौरिया, बबिता डोंगरे, रीता मिश्रा मौजूद रहीं ।





4 वीआईपी कारकेड में घुसी तेज रफ्तार...



5 नगरीय निकायों के विकास कार्यों में ...






क्राइम ब्रांच ने ड्रग सप्लायर गैंग के एक और सदस्य को धरदबोचा

# ड्रग्स के साथ हथियारों की भी तस्करी करता था यासीन मछली ठिकानों पर पहुंची क्राइम ब्रांच, कट्टा खरीदने वाला जग्गा गिरफ्तार

## क्राइम ब्रांच को जग्गा के पास मिला .22 बोर का कट्टा, साथ ही गांजे की पुड़िया भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमडी ड्रग्स की सप्लाई करने वाला यासीन मछली और शाहवर से क्राइम ब्रांच पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। आरोपी से पूछताछ के बाद पुलिस ने प्रॉपर्टी डीलर जगजीस सिंह उर्फ जग्गा से .22 बोर का डबल नाल वाला कट्टा बरामद किया है। उक्त कट्टा यासीन अहमद उर्फ यासीन मछली ने बेचा था। आरोपियों की पुलिस रिमांड होने के कारण उन्हें जांच के लिए क्राइम ब्रांच की टीम उनके घर सहित हर संभावित ठिकानों पर लेकर पहुंच रही है, ताकि एमडी ड्रग्स से जुड़े अन्य आरोपियों तक पहुंचा जा सके।

शनिवार रात क्राइम ब्रांच की टीम यासीन मछली को लेकर उसके घर पहुंची थी। वहां से पुलिस ने कुछ अहम सबूत इकट्ठा किए है, जिससे पता चला कि यासीन ड्रग्स के साथ हथियारों की तस्करी से भी जुड़ा था। रविवार दोपहर भी क्राइम ब्रांच उसके घर लेकर पहुंची थी।

1. क्राइम ब्रांच पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सबूत इकट्ठा किए
2. जग्गा को यासीन मछली ने बेचा था कट्टा
3. आरोपी ड्रग्स सप्लाई कर बदले में लेता था कमीशन



### प्रॉपर्टी डीलिंग के साथ पैसा कमाने की चाह, यासीन की लाइफ स्टाइल से हुआ था प्रभावित



*क्राइम ब्रांच की पूछताछ में जग्गा ने स्वीकार किया है उक्त कट्टा यासीन से खरीदा था। यासीन और उसके चाचा शाहवर के कहने पर ड्रग्स की सप्लाई करता था और बदले में कमीशन लेता था। जल्द ही पुलिस एक और मेडिकल व्यवसायी के बेटे को गिरफ्तार कर सकती है। क्राइम ब्रांच ने बताया कि जगजीस सिंह बैस उर्फ जग्गा (31) राजवैद सोसाइटी, नीलगिरि कॉलोनी कोलार रोड पर रहता है। उसने पुलिस को बताया कि एक पार्टी में उसकी दोस्ती यासीन अहमद उर्फ मिंटू निवासी बुधवारा से हुई थी। यासीन से उसने पांच हजार रुपए में उक्त कट्टा खरीदा था। साथ ही वह गांजा पीने का आदी है और उसके पास से गांजे की पुड़िया भी मिली है। क्राइम ब्रांच ने जग्गा के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट और आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह यासीन की लाइफ स्टाइल से प्रभावित होकर उसके साथ जुड़ गया था।*

### यासीन की बेनामी संपत्ति पर नजर

*ड्रग्स और हथियार की तस्करी से कम समय में बड़ी रकम कमाने वाले यासीन मछली और शाहवर की संपत्ति के बारे में क्राइम ब्रांच ने जानकारी जुटानी शुरू कर दी है। इसके अलावा उनके बैंक अकाउंट की जानकारी भी जुटा रही है। क्राइम ब्रांच का कहना है कि बड़ी डील रकम ट्रांसफर से होने की आशंका है। यासीन का श्यामला हिल्स स्थित अंसल अपार्टमेंट में फ्लैट है। उक्त फ्लैट पर भी पार्टियां होने की जानकारी मिली है। उसके मोबाइल में युवकों से मारपीट सहित कुछ वीडियो अंशल अपार्टमेंट के बताए जा रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### यूजी में प्रवेश के लिए 31 जुलाई तक अतिरिक्त सीएलसी राउंड

**भोपाल।** राजधानी सहित प्रदेशभर के सरकारी और अनुदान प्राप्त अशासकीय एवं निजी अशासकीय महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए यह अतिरिक्त सीएलसी चरण 31 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। विद्यार्थियों के लिए 16 जुलाई से प्रवेश पोर्टल पर हर कॉलेज में खाली सीटों को दर्शाया जा रहा है। विद्यार्थी इन रिक्त सीटों पर सीधे महाविद्यालय में पहुंचकर एडमिशन ले सकते हैं। विद्यार्थी इस बीच प्रतिदिन दोपहर बाद 3 बजे तक पंजीयन अथवा विकल्प चयन भी कर सकेंगे। हेल्प सेंटर द्वारा शाम 4 बजे तक प्राप्त आवेदनों का सत्यापन किया जाएगा और 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी की जाएगी। मेरिट लिस्ट जारी होने के अगले दिन विद्यार्थियों को प्रवेश शुल्क जमा करना होगा। प्रवेश शुल्क जमा न किए जाने की स्थिति में प्रवेश मान्य नहीं होगा। विद्यार्थियों को निर्धारित अवधि में प्रवेश शुल्क जमा न करने की स्थिति में फिर से रीचॉइस करना होगी। अतिरिक्त सीएलसी चरण की यह प्रक्रिया 31 जुलाई तक चलेगी।

### मप्र के 28 आयुर्वेद मेडिकल कॉलेजों को मिली मान्यता

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के सात शासकीय आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज और 21 निजी आयुर्वेद कॉलेजों को भारतीय चिकित्सा पद्दति राष्ट्रीय आयोग व आयुष मंत्रालय भारत सरकार ने सत्र 2025-26 की मान्यता प्रदान कर दी है। आयुष मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. राकेश पाण्डेय ने बताया कि प्रदेश में 34 आयुर्वेद कॉलेजों समेत देशभर में 598 आयुर्वेद कॉलेज संचालित हैं। राज्यों के अनुसार क्रमशः मध्यप्रदेश के 28, आंध्रप्रदेश, अरुणांचल प्रदेश, असम के एक-एक कॉलेज, बिहार के 2, हरियाणा का एक, छत्तीसगढ़ के 6, गोवा का एक , गुजरात के 32, हरियाणा के 11, कर्नाटक के 50, महाराष्ट्र 100 कॉलेज, नईदिल्ली के 2, मेघालय के 2, उड़ीसा के 5, पंजाब के 9 राजस्थान के 6, तमिलनाडु के 4 आदि शामिल है।

## भोपाल में 3 मिमी बारिश दर्ज, 28.2 डिग्री पर आया दिन का पारा

# शहर में दिनभर रिमझिम के बीच कभी धूप, कभी तेज हवाओं में उड़ते बादलों से फिजां में घुली ठंडक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में दो दिन बाद बारिश में कमी आएगी। इस बीच कुछ जिलों में अत्यधिक भारी और अति भारी बारिश का दौर रहेगा। भोपाल में मध्यम से हल्की बारिश होगी। रविवार को सुबह से शाम 5:30 बजे तक बारिश की रफ्तार धीमी रही।

भोपाल में 3 मिमी बारिश हुई, इस बीच दिन का पारा दशमलव 6 डिग्री बढ़कर 28.2 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से एक डिग्री कम है। सुबह 8 से 10 तक बौछारें पड़ीं, फिर बादल छंट गए। 12 बजे के बाद रिमझिम फुहारों का दौर रहा। मौसम केंद्र के अनुसार सोमवार को कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार 30 जुलाई के बाद बारिश में तेजी से कमी आएगी। अब सिस्टम आगे निकल रहा है, जिससे बारिश कम हो जाएगी।

## शहर में हर तरफ फैली हरियाली बनी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र

- सैलानियों ने बोट क्लब और सैर सपाटा का किया रुख
- अभी दो से तीन दिन ऐसा ही मौसम रहेगा

### पिकनिक के लिए सुबह से ही निकले शहरवासी



*राजधानी में रविवार को कभी बादलों की मनमानी चली तो कभी सूर्यदेव ने दर्शन दिए। इस बीच रिमझिम और कभी तेज हवाओं के झोके के साथ कुछ मीटर ऊपर उड़ते बादलों ने शहर की फिजां में रंगत घोल दी। भोपाल में सुबह से शाम तक करीब 3 मिमी बारिश हो गई, जिससे उमस पर पानी फिरता रहा। शहर में हर दो से तीन घंटे में बदले मौसम में सैलानियों ने सैरसपाटे का रुख किया। सावन महीने में हर तरफ फैली हरियाली इन दिनों सभी के लिए आकर्षण बनी हुई है। ऐसे खूबसूरत मौसम का लोगों ने जमकर लुत्फ उठाया। कुछ लोग शहर से दूर पिकनिक के लिए सुबह से ही निकले, जिनकी शाम का वापसी हुई, तो कुछ ने शहर के ही बोट क्लब, मनुआभान, केरवा, कलियासोत के आसपास सहित शाहपुरा लेक का आनंद लिया। बोट क्लब पर सैलानियों की भीड़ दोपहर बाद से अचानक बढ़ी, जिससे देर शाम तक यहां सैकड़ों की संख्या में लोगों का आना-जाना रहा।*

### हर दो घंटे में बदलता रहा शहर का मौसम

शहर में रविवार को सुबह से शाम तक लगभग हर दो घंटे में मौसम बदल गया। सुबह 8 से 10 बजे के बीच कुछ देर तेज बौछारें पड़ीं, फिर बादल छंट गए। 12 बजे के बाद रिमझिम फुहारों का दौर रहा। इसके बाद फिर बादल कम हो गए। 2 बजे फिर काले घने बादलों का छोटा सा झुंड अचानक उड़कर आया और 2 से 3 बजे के बीच फिर बौछारें पड़ीं। 3 बजे से मौसम साफ दिखा, चार बजे से फिर तेज हवाओं के साथ बादल घिरे और रिमझिम शुरू हुई। 5:30 बजे से बादल तेजी से उड़ गए और धूप खिल गई। ऐसे दिनभर मौसम रंग बदलता रहा, जिसका सैलानियों ने खूब लुत्फ उठाया। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी दो से तीन दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। फिर बारिश में कमी आती जाएगी और तापमान बढ़ेगा।



## वर्ष 2024 में आए 85 हजार रोगी

# एम्सः इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर में दो साल में बढ़े 56.7 प्रतिशत मरीज




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एम्स भोपाल के इमरजेंसी और ट्रॉमा सेंटर पर मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। साल 2022 के मुकाबले 2024 में 49 हजार मरीज बढ़े हैं।

2024 में मरीजों की संख्या बढ़कर 85 हजार 435 हो गई, जो 2023 की तुलना में 56.7 प्रतिशत की बढ़त है। एम्स भोपाल ने रविवार को ट्रॉमा सेंटर की एनुअल रिपोर्ट जारी की है। जिसके अनुसार साल 2022 में जहां 36 हजार 696 मरीजों का इलाज हुआ, वहीं 2023 में यह संख्या 54 हजार 500 पहुंच गई, जो 48.5 प्रतिशत की वृद्धि है। एम्स के निदेशक डॉ. अजय सिंह ने कहा कि मरीजों की बढ़ती संख्या हमारे काम पर जनता के भरोसे का प्रमाण है।

### छह नए सुधार हुए

- **नो रिफ्यूजल पॉलिसीः** गंभीर मरीज को लौटाया नहीं जाता।
- **48 घंटे में विभागीय ट्रांसफर** स्थिर मरीजों को 48 घंटे के भीतर संबंधित विभागों में शिफ्ट कर दिया जाता है। इससे बेड की उपलब्धता बढ़ती है और नए मरीजों को तुरंत जगह मिलती है।
- **डिजिटल बेड मैनेजमेंट सिस्टम** बेड की उपलब्धता रियल-टाइम में ट्रैक की जाती है, जिससे निर्णय लेने में आसानी होती है।
- **आपातकालीन ऑपरेशन थिएटर और आईसीयूः** आपातकालीन मामलों के लिए विशेष ओटी स्लॉट तय किए गए हैं और जटिल मामलों के लिए आईसीयू की क्षमता बढ़ाई गई है।
- **ऑन-साइट मेडिको-लीगल सेवाएंः** कानूनी दस्तावेजीकरण अब तेजी से होता है, जिससे मरीजों और परिजनों की परेशानी कम हुई है।
- **एसटीएटी लैब और तेज डायग्नोस्टिक रिपोर्टः** 24 घंटे लैब सुविधा उपलब्ध हैं, जो तुरंत जांच रिपोर्ट देती हैं।

### वर्ष 2022 से पहले थी डॉक्टरों की कमी

एम्स की रिपोर्ट के अनुसार साल 2022 में डॉक्टरों की कमी थी। जिसमें लगातार इजाफा हुआ है। यही वजह है कि अब ट्रॉमा सेंटर में चौबीसों घंटे सीनियर डॉक्टर मौजूद रहते हैं। जिससे गंभीर मरीजों का तुरंत इलाज हो पाता है। भविष्य के लिए कुशल मेडिकल स्टाफ तैयार करने के लिए नियमित ट्रेनिंग और वर्कशॉप शुरू की गई हैं।

डॉ. अजय सिंह, निदेशक, एम्स भोपाल

## फुटेज में दिखाई दिया संदिग्ध

# सूने मकान की तीसरी मंजिल से लाखों के जेवरात और बीस हजार कैश चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग थाना क्षेत्र स्थित ओल्ड सुभाष नगर में एक तीन मंजिला सूने मकान पर धावा बोलकर अज्ञात चोर नगदी व जेवरात समेत लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर गए।

विज्ञापन एजेंसी की संचालिका की मां की मौत के बाद मकान सूना पड़ा था। पिता भी बेटी के साथ जाकर रहने लगे थे। पुलिस को मौके पर लगे सीसीटीवी कैमरे से एक फुटेज मिला है, जिसमें 20 जुलाई की दोपहर एक संदिग्ध मकान में घुसता नजर आ रहा है। पुलिस ने नकबजनी का प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मालवीय नगर निवासी दिशा शर्मा एक विज्ञापन एजेंसी की संचालिका हैं। उनके पिता की तीन मंजिला मकान ओल्ड सुभाष नगर में हैं। कुछ दिन पहले मां की मौत के बाद बुजुर्ग पिता बेटी दिशा के साथ रहने लगे थे। ओल्ड सुभाष नगर वाला मकान सूना पड़ा है। इसी दौरान कोई अज्ञात बदमाश सूने मकान पर धावा बोलकर तीसरी मंजिल से सोने-चांदी के पुश्तैनी जेवरात व नगदी चोरी कर लिए। घटना की जानकारी मिलते ही दिशा शर्मा मौके पर पहुंची और पुलिस को सूचना दी। विज्ञापन एजेंसी के मैनेजर निशांत व्यास की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। फुटेज में आए हुलिए के आधार पर आरोपी की तलाश की जा रही है।

### बाघ के अंगों की खरीद-फरोख्त के तस्कर की जमानत याचिका खारिज

**भोपाल।** प्रदेश के बालाघाट में बाघ के शिकार मामलों में उसकी खाल और हड्डियों को अवैध रूप से खरीदकर असम में बेचने व म्यांमार के रास्ते चीन तक तस्करी करने वाले संगठित गिरोह पर कार्रवाई करते हुए आरोपी सोनू सिंह पिता रंजीत सिंह बावरिया को स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की जबलपुर यूनिट ने पकड़ा था। वहीं 5 आरोपियों को पकड़ा था। प्रकरण की विवेचना के दौरान बालाघाट के बाघ के अवयवों की खरीद-फरोख्त में शामिल लालनेसंग ने अपर सत्र न्यायालय जबलपुर में जमानत याचिका प्रस्तुत की थी। अदालत ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बाघ के अंगों की तस्करी को ध्यान में रखते हुए और प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए आरोपी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

*रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रवेश द्वार पर यात्रियों के लिए किया जाएगा प्रदर्शित*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय रेलवे की समृद्ध तकनीकी विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाया गया है। रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पर वर्ष 1991 में सेवा में आए एक विशेष नैरो गेज (एनजी) इंजन को अब धरोहर के रूप में प्रदर्शित किया जाएगा।

इस ऐतिहासिक इंजन का औपचारिक उद्घाटन स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को किया जाएगा। भोपाल रेल मंडल के प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि इस पहल से न केवल रेलवे की ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण हो रहा है, बल्कि भावी पीढ़ियों को भारतीय रेलवे की तकनीकी प्रगति और सेवा परंपरा से जोड़ने का कार्य भी सफलतापूर्वक किया जा रहा है।

# 15 अगस्त से रानी कमलापति स्टेशन की शान बढ़ाएगा 1991 का नैरो गेज इंजन, शहर पहुंची ऐतिहासिक धरोहर

### नवंबर 2023 में नैरो गेज इंजन को मिला था धरोहर का दर्जा




22 टन वजनी यह एनजी लोको नंबर 514 (जेडडीएम5) इंजन 3 नवंबर 2023 को रेलवे द्वारा आधिकारिक रूप से धरोहर का दर्जा प्रदान किया गया था। इसका निर्माण वर्ष 1991 में हुआ था और इसे प्रारंभ में धौलपुर क्षेत्र में नैरो गेज ट्रेनों के संचालन में लगाया गया था। इसने अपनी पहली यात्रा 3 जून 1991 को की और लगभग 28 वर्षों तक सेवाएं देने के बाद एक अप्रैल 2019 को सेवानिवृत्त कर दिया गया। इसके बाद, इसे अंतिम बार 30 मार्च 2023 को चलाया गया और एक अप्रैल 2023 को औपचारिक रूप से सेवा से बाहर कर दिया गया।

### धौलपुर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन लाया गया

*इस इंजन को वैक्यूम डीजल एनसीआर लोको शेड द्वारा लंबे समय तक संरक्षित रखा गया। इसके बाद इसे 23 जुलाई को धौलपुर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन रखा गया। मुख्य प्रवेश द्वार पर संरक्षित एवं प्रदर्शित किया जा रहा है। यह लोकोमोटिव अब न केवल रेलवे इतिहास की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में संरक्षित है, बल्कि यह आम जनता और यात्रियों के लिए एक प्रेरक और जानकारीवर्धक प्रदर्शनी का केंद्र भी बनेगा। नैरो गेज पटरियों पर चलने वाले इस इंजन की चौड़ाई मात्र 762 मिमी होती है, जो सामान्य ब्राड गेज की तुलना में बहुत कम है। नैरो गेज ट्रेनों का उपयोग भारत के पहाड़ी व ग्रामीण इलाकों में व्यापक रूप से होता रहा है।*

## बोट क्लब पर घूमने पहुंचे सैलानियों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

# नशा मुक्ति का संदेश देने पुलिस कमिश्नर के नेतृत्व में बनी 600 लोगों की मानव श्रृंखला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश को नशा मुक्त करने पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे विशेष अभियान नशे से दूरी-है जरूरी के तारतम्य में बोट क्लब पर जन जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पुलिस कमिश्नर खुद पहुंचे और बोट क्लब पर घूमने पहुंचे सैलानियों सहित नागरिकों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई।

कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने नगर रक्षा समिति, स्कूली विद्यार्थियों, गणमान्य नागरिकों और बोट क्लब पर घूमने आए सैलानियों को संबोधित करते हुए नशे से होने वाले दुष्प्रभावों एवं विकारों के बारे में बताया।

- पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने लोगों को बताए नशे के दुष्परिणाम
- विद्यार्थियों ने नशे से होने वाली बुराइयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मंचन किया

### लोगों ने करीब 1 किमी लंबी मानव श्रृंखला बनाकर अपनी सहभागिता दी





पुलिस कमिश्नर ने बताया कि पुलिस द्वारा प्रत्येक वर्ष अपराधों का विश्लेषण किया जाता है। जिसमें संलिप्त आरोपियों की पृष्ठभूमि नशे से जुड़ी होती हैं। वे नशे की हालत में अपराध करना स्वीकार करते हैं। इसके अलावा नशा करने के लिए संपत्ति संबंधी अपराध सहित अधिकतर अपराधों में अपराधी नशे के आदी होते हैं।

### कार्यक्रम में इन्होंने निभाई भूमिका

कार्यक्रम में लोगों को नशा मुक्ति के लिए शपथ दिलाई गई। नशा मुक्ति का संदेश देने नगर रक्षा समिति, स्कूली विद्यार्थियों, गणमान्य नागरिको तथा बोट क्लब पर घूमने आए सैलानियों समेत लगभग 600 लोगों द्वारा करीब 1 किलोमीटर लंबी मानव श्रंखला बनाकर अपनी सहभागिता दी। साथ ही बच्चों ने नशा से होने वाली बुराईयों पर आधारित नुक्कड़ नाटक का मनमोहन मंचन भी किया गया।

## पहले बरकाकाना में लेती थी हॉल्ट

# हावड़ा-भोपाल एक्सप्रेस का अस्थाई तौर पर रांची रोड पर दिया स्टॉपेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



रेलवे की ओर से पूर्व रेलवे के धनबाद मण्डल में स्थाई तौर पर बरकाकाना रेलवे स्टेशन पर रुकने वाली कई रेलगाड़ियों का ठहराव अस्थाई तौर पर रांची रोड देने का निर्णय आगामी 3 माह तक के लिए लिया गया है। जिसमें पमरे जोन से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली गाड़ी संख्या 13025/13026 हावड़ा-भोपाल-हावड़ा ट्रेन का ठहराव अस्थाई तौर पर बरकाकाना की बजाय रांची रोड दिया जा रहा है।

### तीन माह तक यह रहेगी स्थिति

गाड़ी संख्या 13025 हावड़ा-भोपाल ट्रेन 28 जुलाई से रांची रोड रेलवे स्टेशन पर शाम 7:10 पर आएगी। पांच मिनट के स्टॉपेज के बाद आगे के लिए रवाना होगी। इसी तरह गाड़ी संख्या 13026 भोपाल-हावड़ा ट्रेन 31 जुलाई से रांची रोड रेलवे स्टेशन पर सुबह 6:50 पर पहुंचेगी। जहां पांच मिनट के स्टॉपेज के बाद आगे लिए रवाना होगी।

## खबर संक्षेप



### उमरिया के पठार पर लगाए 50 बांबू ट्री-गार्ड

**औबेदुल्लागंज।** मप्र जन अभियान परिषद से जुड़ी संस्था आरोग्य योग एवं रसाहार शोध समिति भोपाल, आरोग्य भारती, लघु उद्योग भारती, ग्रामोजन फाउंडेशन भोपाल एवं आंबेडकर बुद्धिस्ट चेरिटेबल सोसाइटी द्वारा उमरिया के पठार पर 103 फल एवं औषधी पौधों का रोपण किया। यहां 50 बांबू ट्री-गार्ड से पौधों को कवर भी किया। अभियान में डॉ. पूर्णिमा दाते, अंशुमान सिंह आईजी कानून व्यवस्था, योगेन्द्र पटेल, जयमाला, रिंकू महेश्वरी, संजय माहेश्वरी, सुनील सेरिया, आयुषी महेश्वरी, लक्षिता फिरके, उपमा सिंह, पारूल केकरे, सोनल श्रीवास्तव, महेन्द्र नामदेव, ग्रामीण और एनजीओ के वालिंटियर शामिल थे।

### नाग पंचमी पर पूजन-अभिषेक कल

**औबेदुल्लागंज।** चौरसिया समाज के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौरसिया ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार चौरसिया समाज द्वारा नाग पंचमी पर्व की पूजन एवं अभिषेक मंगलवार 29 जुलाई को खेड़ापति माता मंदिर में दोपहर 10 बजे किया जाएगा। वार्ड 13 के पार्षद प्रतिनिधि मनोज चौरसिया ने कहा कि इस कार्यक्रम में नगर के सभी परिवार सहित गणमान्य नागरिक पहुंच कर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे।

### डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को दी श्रद्धांजलि



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि मनाई गई। नगर विकास समिति द्वारा रघुकुलम विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नेमीरतन परमर्थिक समिति के अध्यक्ष विनोद जैन, पूर्व पार्षद तख्त सिंह मेहरा, आकाश रघुवंशी, राकेश पाल, विंध्यवासिनी उपाध्याय, संयम जैन सहित समिति के पदाधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होने कहा कि मिसाइल मैन डॉ कलाम के विज्ञान के क्षेत्र में दिया योगदान हमेशा याद किया जाएगा।

### शिविर में 151 रोगियों ने करवाई आंखों की जांच



**संतनगर।** राजधानी के गौतम नगर स्थित आर्य भवन में रविर को सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय और भोपाल उत्सव मेला समिति के संयुक्त प्रयासों से निःशुल्क नेत्र परीक्षण एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में कुल 151 रोगियों की आंखों की जांच की गई, जिनमें 92 पुरुष एवं 59 महिलाएं शामिल थीं। जांच के दौरान 37 रोगियों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय लाकर भर्ती किया गया है। सभी चिंहित रोगियों के लिए निःशुल्क भर्ती चिकित्सा, भोजन, फल, दूध, दवाइयां आदि की व्यवस्था की है।

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की लाश

**भोपाल।** मिसरोद थाना क्षेत्र स्थित स्नेह नगर रेलवे ट्रैक से पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। युवक का सिर बुरी तरह से कुचला हुआ है, जबकि दाहिना पैर कटकर अलग हो गया। मृतक के पास से ऐसा कोई भी दस्तावेज नहीं मिला है, जिससे की उसकी शिनाख्त की जा सके। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है।

# ऑनलाइन सट्टे में हारी रकम, पेट्रोल सेलिंग की रकम लेकर कर्मचारी फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

**पेट्रोल पंप के डीलर की शिकायत पर अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज**




बिलखिरिया बायपास स्थित गोकुल पेट्रोल पंप के कर्मचारी द्वारा पेट्रोल-डीजल की सेलिंग के सवा लाख रुपए हड़पे जाने का मामला सामने आया है। पेट्रोल पंप के डीलर ने उससे मोबाइल पर संपर्क कर रकम मैनेजर के पास जमा कराने की बात कही।

इस पर वह आनाकानी करने लगा। 24 घंटे बाद पंप डीलर ने कर्मचारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर दिया। बिलिखिरिया पुलिस ने आरोपी का हिरासत में ले लिया। आरोपी का कहना है कि सेलिंग का काफी पैसा वह ऑनलाइन सट्टे में हार गया। पुलिस के मुताबिक 12 नंबर स्टॉप के पास रहने वाले राहुल शर्मा (34) बिलखिरिया बायपास स्थित गोकुल पेट्रोल पंप के डीलर हैं। शनिवार रात शिकायत दर्ज कराते हुए उन्होंने बताया कि सूरज सिंह गुर्जर उनके पेट्रोल पंप का कर्मचारी था। विगत 24-25 जुलाई की दरमियानी रात वह ड्यूटी पर था। अगले दिन सुबह वह बिक्री के एक लाख 25 हजार रुपए जमा कराए बिना फरार हो गया। जब उन्होंने उसे कॉल किया तो पहले तो कई बार कॉल रिसीव नहीं किया, लेकिन बाद में कॉल रिसीव करने पर बिक्री की रकम को लेकर टाल-मटौल करने लगा। दिनभर की कोशिश के बाद भी जब सूरज सिंह ने सेलिंग का पैसा नहीं लौटाया तो पंप संचालक ने बिलखिरिया थाने जाकर आरोपी सूरज सिंज गुर्जर के खिलाफ अमानत में खयानत की धारा के तहत प्रकरण दर्ज करा दिया। प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की खोजबीन शुरू की और कोकता स्थित उसके घर से हिरासत में ले लिया। आरोपी मूलरूप से बैरसिया का रहने वाला है। उसने बताया कि सेलिंग के एक लाख 25 हजार रुपए में से करीब 22 हजार रुपए ऑनलाइन सट्टे में हार गया है। ड्यूटी के दौरान वह रात में पंप पर ही अपने मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा खेल रहा था। शेष रकम के बारे में आरोपी ने बताया कि सेलिंग के एक लाख 25 हजार में से 93 हजार रुपए पेटीएम व अन्य माध्यम से ऑनलाइन खाते में जमा हुए हैं, जबकि दस हजार रुपए उसने दूसरे कर्मचारी को चार्ज देते समय दे दिए थे। इस प्रकार आरोपी सूरज सिंह ने करीब 22 हजार रुपए का गबन किया है।

## क्राइम ब्रांच ने शराब तस्कर को किया गिरफ्तार, 90 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त



*क्राइम ब्रांच की टीम ने शराब तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 90 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत एक लाख रुपए बताई जा रही है। क्राइम ब्रांच तस्कर के खिलाफ आबकारी की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर पूछताछ कर रही है। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर एमपी नगर स्थित शांति नगर सुलभ कांप्लेक्स के पास जैन की किराना दुकान के सामने वाली गली में सतीश राउत नाम का युवक के कमरे पर पहुंचकर दरवाजा खटखटाया गया। इस दौरान सतीश राउत (31) ने दरवाजा खोला। कमरे की तलाशी लेने पर अंदर रखी दस पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की गई। आरोपी सतीश राउत ने बताया कि वह नेताजी हिल्स श्रीराम कॉलोनी, सपना अपार्टमेंट कोलार का रहने वाला है। आरोपी सतीश राउत शांति नगर, थाना एमपी नगर में चाय की दुकान चलाता है। दुकान पर आने वाले ग्राहकों को वह सस्ते दामों में शराब मुहैया कराता था।*

### सुरक्षा व्यवस्था में दिखी लापरवाही, राजभवन के पास एयरटेल तिराहे पर हुआ हादसा

# वीआईपी कारकेड में घुसी तेज रफ्तार कार हूटर बजा रही कार को मारी जोरदार टक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र के एयरटेल तिराहा के पास एक तेज रफ्तार कार ने वीआईपी कारकेड में हूटर बजाती जा रही कार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि किसी को चोट नहीं आई है। पुलिस ने प्रधान आरक्षक की शिकायत पर प्रकरण दर्ज किया है।

पुलिस के अनुसार पुलिस रेडियो कॉलोनी भदभदा रोड थाना कमला नगर निवासी राजेश नारायण मौर्य (54) प्रधान आरक्षक हैं और ड्राइवर के पद पर पदस्थ हैं। विगत 25 जुलाई की रात करीब सवा नौ बजे वह वीआईपी कारकेड में बुलेट प्रूफ कार एमपी 03 ए 8483 से हूटर बजाते हुए एयरटेल तिराहे से पत्रकार कॉलोनी की ओर जा रहे थे। उसी दौरान मेडिलीव अस्पताल के सामने चढ़ाई पर पहुंचते ही अचानक रॉग साइड से एक कार क्रमांक यूपी 90 पी 2398 का चालक तेजी व लापरवाही से अपनी गाड़ी चलाता हुआ आया और सामने से प्रधान आरक्षक राजेश नारायण की कारकेड कार में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में कारकेड में शामिल कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गाड़ी चला रहे प्रधान आरक्षक को किसी प्रकार की चोट नहीं आई है। फरियादी पुलिसकर्मी का कहना है कि ड्यूटी में व्यस्त होने के कारण वह अगले दिन रिपोर्ट दर्ज कराने अरेरा हिल्स थाने पहुंचे। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### आम के पेड़ पर युवक ने लगाई फांसी

अवधपुरी थाना क्षेत्र स्थित बक्सी फार्म हाउस में आम के पेड़ पर एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। मृतक के परिजन उसका शव लेकर रायसेन स्थित अपने पैतृक गांव चले गए। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है। पुलिस के अनुसार मेखसिंह पिता रम्मूलाल (26) मूलतः रायसेन के एक गांव का रहने वाला था। करीब डेढ़ महीने से वह बक्सी फार्म हाउस में काम करने के लिए आया था और फार्म हाउस में एक कमरे में रहता था। फार्म हाउस के मालिक सोमेस चौकसे ने रात करीब साढ़े 11 बजे मेखसिंह का शव आम के पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी के फंदे पर लटका देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के लिए भेज दी। घटना स्थल का निरीक्षण करने और मृतक की तलाशी लेने पर सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक शराब पीने का आदी बताया जा रहा है।

**मरने से पहले वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर किया वायरल**

## बेटी से मिलने अपने ससुराल पहुंचे पिता ने खाया जहर, मौत

कोलार थाना क्षेत्र के प्रियंका नगर में ससुराल पहुंचे युवक ने चूहामार खा लिया। दरअसल, वह अपनी बेटी से मिलने पहुंचा था, लेकिन पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे बेटी से मिलने नहीं दिया। इसी बात से दुखी होकर उसने ससुराल में रखा चूहामार खा लिया। उसने चूहामार खाने की सूचना पुलिस को दी थी। पुलिस ने उसे निजी अस्पताल में भर्ती कराया, वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार मूलरूप से जिला रायसेन निवासी अजय जाटव (25) प्राइवेट काम करता था। उसकी शादी प्रियंका नगर कोलार की युवती से हुई थी। दोनों की एक बेटी है। पिछले कुछ समय से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। विवाद के कारण पत्नी तीन महीने से मायके में रह रही है और कोर्ट में वाद दायर कराया है। चार दिन पहले अजय बेटी से मिलने प्रियंका नगर स्थित ससुराल पहुंचा था।

**कहासुनी के बाद खाई चूहामार दवा**

*उसने बेटी से मिलने की इच्छा जाहिर की। इस पर पत्नी और ससुराल पक्ष के लोगों ने कहा कि वह बेटी से नहीं मिलने देंगे। इसी बात को लेकर अजय की कहासुनी हुई और उसने ससुराल में रखा चूहामार जहर खा लिया। जहर खाने के बाद उसने खुद पुलिस को कॉल कर जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे गंभीर हालत में इंद्रपुरी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शनिवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। जहर खाने के बाद युवक ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया था। वीडियो की जांच की जा रही है।*

### विधायक रामेश्वर ने किया झांकी का भूमिपूजन

## खाटू श्याम बाबा मंदिर में विराजेंगे लाल बाग के राजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



कोलार के लाल बाग के राजा इस वर्ष खाटू श्याम बाबा मंदिर में विराजेंगे। रविवार को लाल बाग के राजा उत्सव समिति के संरक्षक और विधायक रामेश्वर शर्मा ने विधि विधान से झांकी का भूमिपूजन किया। समिति के अध्यक्ष प्रमोद शर्मा ने बताया कि कोलार में लाल बाग के राजा की झांकी का यह 14वां वर्ष है। करीब 20 लाख रुपए की लागत से बंगाल के प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा खाटू श्याम बाबा का मंदिर तैयार किया जा रहा है।

कोलार के लाल बाबा के राजा के दर्शन करने भोपाल के ही नहीं अन्य जिलों से भी श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं। भूमिपूजन के अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष रविंद्र यति, मंडल महामंत्री गुड्डु भदौरिया, विधायक प्रतिनिधि अनिकेत पांडे, मंडल अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार, उमाकांत दीक्षित, अमित शुक्ला, रोहित सिंह, संजय सोलकर, बंटी भाई, रविकांत यादव, ब्रजेश शर्मा, राजेश शर्मा, यतेंद्र गुप्ता सहित कई समिति के पदाधिकारी शामिल हुए।

## बूथों पर प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



भाजपा मंडल द्वारा भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा के निर्देशानुसार व मंडल अध्यक्ष पवन श्रीवास्तव के नेतृत्व में रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम को सुना।

पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल, नपा अध्यक्ष प्रियंका अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष अरविन्द जैन, जीवनसिंह पाल, जिला मंत्री प्रेमशंकर साहू, पूजा मिश्रा सहित मंडल के पदाधिकारियो ने अपने-अपने बूथों पर मन की बात को सुना। रविवार को 'मन की बात' का 124वां एपिसोड था, जिसमें एक बार फिर 'स्वच्छता' पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'स्वच्छ भारत मिशन' जल्द ही अपने 11 साल पूरा करने जा रहा है, लेकिन इसकी ताकत और जरूरत आज भी उतनी ही बनी हुई है।

### रायसेन पुलिस एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि ने किया आयोजन

## नशे के खिलाफ सतलापुर में आयोजित की 3 किमी लंबी मैराथन, 500 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जा रहे 'नशे से दूरी- है ज़रूरी' अभियान चलका रही है। इसके तहत रविवार को सतलापुर में 3 किलोमीटर लंबी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। यह आयोजन रायसेन पुलिस एवं रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गई। इस दौड़ में 500 से अधिक लोगों ने भाग लिया। प्रतिभागियों में विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण, अन्य कॉलेज एवं स्कूलों के विद्यार्थी शामिल थे। इसके माध्यम से युवाओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया और समाज को नशामुक्त बनाने का संकल्प दोहराया गया।

**विजेताओं को किया पुरस्कृत**

मैराथन के समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डेय द्वारा सभी प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई और विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर शीला सुराना, एसडीओपी औबेदुल्लागंज, राजीव अग्रवाल, अध्यक्ष, मंडीदीप इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, जलज चतुर्वेदी, जिला खेल अधिकारी रायसेन, ट्रैफिक पुलिस के अधिकारी एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे। मैराथन के अंत में गर्ल्स कैटेगरी में पूनम विश्वकर्मा ने पहला, सोनम सिंह राजपूत ने दूसरा और निहारिका बरखेड़े ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं लड़कों में अंकित पल ने पहला, शेखर मीणा ने दूसरा और हरि किशन ने तीसरा स्थान हासिल किया।

## कांवड़ यात्रा का जगह-जगह हुआ स्वागत, बोल बम के गूंजे जयकारे



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में श्रावण मास में बोल बम के जयकारे गूंज रहे हैं। रविवार को त्रिवेणी संगम से जल भरकर कांवड़ यात्रा नगर में पहुंची। बड़ी संख्या में भगवा वस्त्र धारण किए श्रद्धालु कांवड़ लेकर चलते नजर आए।

डीजे की धुन पर थिरकते हुए श्रद्धालु भगवान शिव के जयकारे लगा रहे थे। यात्रा के संयोजक भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य चेतन भार्गव, भोपाल के सानिध्य में 1000 शिव भक्तों के साथ कांवड़ यात्रा नर्मदा पुरम सेठानी घाट से शुरू होकर रविवार को मंडीदीप पहुंची। यात्रा के दौरान रास्ते भर में लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। नगर में वैष्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष विनोद ने पटेल नगर जैन मंदिर पर भव्य स्वागत किया। सेवा समिति अध्यक्ष जीवनसिंह पाल ने स्वागत किया। कांवड़ यात्रा नगर से होकर निकली, तो स्थानीय लोगों ने पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया।

### आज भोजपुर पहुंचकर करेंगे भोलेनाथ का अभिषेक

## बुदनी घाट से कांवड़ियों ने मां नर्मदा का जल भर कर शुरू की यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





शिव शक्ति धर्मार्थ एवं संस्कृत उत्सव समिति के तत्वावधान में कांवड़ यात्रा रविवार सुबह 8 बजे मां नर्मदा का जल भरने बुधनी घाट पहुंचे। मां नर्मदा का जल भरकर औबेदुल्लागंज के लिए प्रस्थान किया। इस कांवड़ यात्रा में सामाजिक कार्यकर्ता वचन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, दुर्गेश यादव आदि लोग शामिल हुए।

हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष राजेश खटीक, विक्रम दाढ़ी, जीतू नेमा आदि सदस्यों ने कांवड़ यात्रियों का फूल माला पहना कर स्वागत किया। सोमवार सुबह 9 बजे सभी शिव शक्ति धर्मार्थ के सदस्य मां नर्मदा का जल लेकर भोजपुर शिव मंदिर के लिए रवाना होंगे। समिति के सदस्यों में बच्चन लोधी, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, दुर्गेश यादव, आदि ने बताया कि सोमवार शाम 4 बजे भोजपुर जैन मंदिर धर्मशाला में विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी धर्म प्रेमी बंधुओं को आमंत्रित किया गया है।

### सिंधी मेला समिति ने आयोजित किया कुकिंग कॉम्पटीशन

# विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता के दूसरे दिन 2000 से अधिक महिलाओं ने बनाए स्वादिष्ट व्यंजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर





सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित कुकिंग कॉम्पटीशन के दूसरे दिन भी महिलाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें रविवार को उन्होंने कई लजीज डिशेश तैयार कीं। यह कॉम्पीटिशन भोपाल में संत हिरदाराम नगर, पंचवटी, बावड़िया कला, गांधी नगर, ईदगाह, साकेत नगर, सोनागिरी सहित सीहोर, गंजबसौदा, हरदा, विदिशा में आयोजित की गई, जिसमें लगभग दो हज़ार महिलाओं ने ने हिस्सा लिया।

इन सभी विजेताओं को विभिन्न कैटेगरी में मानस भवन में पुरस्कृत किया जाएगा। सिंधी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी एवं महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि रविवार को 10 स्थानों पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। संतनगर में 472 से महिलाओं ने लिया भाग सिंधी मेला समिति द्वारा आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में संत नगर की महिलाओं ने बढ़चढ़ कर उत्साह पूर्वक हिस्सा लिया, संत नगर में दो स्थान जिसमें ठाकुर आसनदास धर्मशाला में 220 महिलाओं ने और एच वार्ड स्थित झूलेलाल मंदिर में 252 महिलाओं ने भाग लिया। इन दोनों सेंटरों में जज के रूप में दिव्या दरियानी, भावना जगवानी, पिंकी ललवानी, चेतना वाध वाणी, सुनीता कालरा, ऋतु कुकरेजा, इंदु वासवानी, रश्मि तलरेजा इन दोनों सेंटरों पर निर्णायक के रूप में उपस्थित रही, इतनी संख्या में महिलाओं को इस आयोजन में आमंत्रित करने के लिए किरण वाधवानी को सम्मानित किया गया।

## भोपाल के संगठन और सकारात्मक सोच की तारीफ गर्व की बात: शर्मा

### मन की बात कार्यक्रम में पीएम मोदी ने सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने मन की बात कार्यक्रम में भोपाल की महिलाओं के एक संगठन 'सकारात्मक सोच' की तारीफ की। संगठन की स्थापना 15 महिलाओं ने की थी, जिनका उद्देश्य अपने शहर को साफ-सुथरा बनाना और सामाजिक क्षेत्र में योगदान देना था।

मोदी ने कहा कि यह संगठन सकारात्मक विचारों पर आधारित है और इसके कार्य पर्यावरण और स्वच्छता की दिशा में अनुकरणीय हैं। इस अवसर पर आयोजित तीज महोत्सव में मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा ने कहा मोदी ने मन की बात में संगठन के कार्यों की प्रशंसा की और कहा कि यह संगठन समाज के लिए एक अच्छा उदाहरण है। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा कि हरियाली तीज का यह त्योहार हमें प्रकृति और महिलाओं के महत्व को समझने का अवसर प्रदान करता है।

# नशामुक्ति, बीज-खाद कालाबाजारी, पीएम आवास योजना, लखपति दीदी पर शिवराज ने की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को रायसेन में 'जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा)' की बैठक की।

बैठक में नशामुक्ति, खाद कालाबाजारी, नकली खाद, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत लखपति दीदियों, जल संरचना, ऊर्जा विभाग के कामकाज की प्रगति सहित अन्य जनकल्याण विषयों पर गहन चर्चा हुई।

## केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने रायसेन में 'दिशा समिति' की बैठक में की विकास कार्यों की समीक्षा



### 'नकली खाद बेचना महापाप, दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई'

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने जिले में कृषि विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान योजनावार जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि, खाद की कालाबाजारी या नकली खाद बेचकर किसानों के साथ महापाप करने वालों के विरूद्ध सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने जिले में मूंग उपार्जन कार्य की भी जानकारी ली तथा उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण करने के निर्देश दिए। चौहान ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से कहा कि रायसेन जिले को विकास और जनकल्याण के मामले में मॉडल बनाएं। जनप्रतिनिधि और अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें। जो भी पात्र व्यक्ति योजना के हितलाभ से वंचित रह गया है तो उसे शीघ्र योजना का लाभ दिलाया जाए। निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हों इसके लिए सघन मॉनीटरिंग की जाए।

### पीएम आवास की किश्त समय पर जारी हो: चौहान

चौहान ने आवास प्लस के कार्यो की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि योजना का क्रियान्वयन इस प्रकार हो कि हितग्राहियों को समय पर किश्त की राशि जारी हो। निर्माण कार्यों में लापरवाही न हो और कार्य समय पर पूरे हो इसके लिए जिला स्तर पर सघन मॉनीटरिंग की जाए। वर्ष 2024-25 में जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कुल 27 हजार 981 आवास स्वीकृत किए गए जिनमें से 4 हजार 825 पूर्ण हो गए हैं और 23 हजार 156 प्रगतिरत हैं।

### 'हर गांव मुख्य मार्ग से जोड़ा जाए'

केन्द्रीय मंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत नवनिर्मित और निर्माणाधीन सड़कों के कार्यो की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में प्रत्येक गांव को मुख्य सड़कों से जोड़ा जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में योजना के तहत वर्ष 2024-25 में 276.236 किमी लम्बाई की 30 सड़कें स्वीकृत की गई जिनमें से 28 सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इसी प्रकार योजना के तहत स्वीकृत किए गए 13 पुलों में से 09 पुलों का कार्य पूर्ण हो गया है। बैठक में एनएचएआई के कार्यो की भी समीक्षा की गई।

### 'कृषि विभाग को खेतों में जाकर फसलों का निरीक्षण करने के निर्देश'

केन्द्रीय मंत्री चौहान ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि, कृषि विभाग का अमला खेतों का भ्रमण करें और फसल में रोग की समस्या होने पर किसानों को उचित कीटनाशक के प्रयोग की जानकारी दें। इसके अतिरिक्त कृषि विज्ञान केन्द्र के माध्यम से किसानों को खेती की उन्नत और नवीनतम तकनीकों की जानकारी दी जाए। केंद्रीय मंत्री ने रबी फसल हेतु अभी से तैयारियां करने के भी निर्देश दिए। जिले की बासमती धान विदेशों में रिजेक्ट किए जाने की जानकारी संज्ञान में लाने पर केन्द्रीय मंत्री ने कृषि अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को बताएं कि जो कीटनाशक विदेशों में प्रतिबंधित हैं उनका उपयोग ना करें।

## खबर संक्षेप



### सहकारिता राजपत्रित अधिकारी संघ के अध्यक्ष बने मनोज गुप्ता

**भोपाल।** रविवार को मप्र सहकारिता विभाग राजपत्रित अधिकारी संघ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध संचालक मनोज गुप्ता को सर्वसम्मति से संघ का अध्यक्ष चुना गया। इस अवसर पर संघ के संरक्षक सेवानिवृत्त अपर आयुक्त अरुण माथुर, ब्रजेश शरण शुक्ल व पीएस तिवारी की उपस्थिति में सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें संयुक्त आयुक्त अरुणा दुबे एवं महेंद्र दीक्षित को उपाध्यक्ष, संयुक्त आयुक्त केके द्विवेदी को जनरल सेक्रेटरी, आरएस विश्वकर्मा उपायुक्त को कोषाध्यक्ष जबकि

### आम आदमी पार्टी डोडाचूरा के संबंध में देंगी ज्ञापन

**भोपाल।** आम आदमी पार्टी डोडाचूरा के सम्बन्ध में 29 जुलाई को प्रदेशभर में ज्ञापन सौंपेगी। यह ज्ञापन मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति के नाम से कलेक्टर कार्यालय में सौंपे जाएंगे। आम आदमी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी रमेश गुर्जर ने बताया कि नीमच, मंदसौर, रतलाम जिले में हजारो किसान अफीम काश्तकार है और वर्तमान में कई सालों से अफीम कास्तकारो का डोडा चूरा खरीदने के सम्बन्ध में कोई स्पष्ट नीति सरकार द्वारा नहीं बनाई गई है। पुलिस द्वारा केस दर्ज किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर डोडा चूरा किसानों से खरीदी को लेकर भी असमंजस बना हुआ है।

## आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास ने समीक्षा के बाद 8 ठेकेदारों को किया ब्लैक लिस्ट

# नगरीय निकायों के विकास कार्यों में अनियमितता बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध होगी सख्त कार्रवाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संकेत भोंडवे ने कहा कि नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिन ठेकेदारों ने कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी की है और फर्जी दस्तावेजों के आधार पर निविदा प्रक्रियाओं को प्रभावित किया है, उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। जारी आदेश के अनुसार जिन ठेकेदारों के खिलाफ भी जांच की प्रक्रिया जारी है। उन्हें जल्द ही ब्लैकलिस्ट किया जाएगा। इस कठोर कदम के माध्यम से विभाग यह सुनिश्चित करेगा कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्वक और समय पर पूरे हों। अभी 8 कंपनियों के ठेकेदारों को उनके कार्यों आदि के परीक्षण के बाद ब्लैकलिस्ट किया गया है। यह कंपनियां आगामी निविदा प्रकियाओं में भाग नही ले सकेंगी।

### यह हैं ब्लैक लिस्टेड कंपनियां

नगरीय प्रशासन विभाग ने जिन कंपनियों को ब्लैक लिस्ट किया है, उनमें मे. यादव ट्रेडर्स (खरगौन), मे. हेमन्त जैन एण्ड एसोसिएट्स (इन्दौर), मे. कार्तिक इन्टरपाईजेस (इन्दौर), मे. शिवम कन्स्ट्रक्शन (शिवपुरी), मे. विक्की कुमार तुरकोलिया (चम्पारण, बिहार), मे. यशोदा मार्केटिंग (पटना, बिहार), मे. केएलडी क्रिएशन इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रालि (कानपुर, उत्तरप्रदेश) और मै. पौराणिक ट्रेडर्स नागौद शामिल हैं। इसके अलावा अमृत 2.0 योजना में 44 निविदाकारों की ओर से निविदा स्वीकृत होने के उपरांत अनुबंध की कार्रवाई नहीं करने से गुण दोष के आधार पर सस्पेंशन और ब्लैकलिस्टिंग पर भी विचार किया जा रहा है।

### कार्यों की धीमी गति होगी दुरुस्त

आयुक्त भोंडवे ने बताया कि यह कार्रवाई विभाग की ओर से गुणवत्ता सुधार और कार्यों की धीमी गति को दुरुस्त करने के लिए एक मिशन के रूप में की जा रही है। इसके तहत ठेकेदारों की ओर से की गई अनियमितताओं और खराब गुणवत्ता के कारण उन्हें ब्लैकलिस्ट किया गया है। अब वे भविष्य में लोक निर्माण विभाग के पोर्टल पर काली सूची में दर्ज होंगे।

# आंगनबाड़ियों और खेल से सीखने की शक्ति को बढ़ावा मिलेगा

### आनंदमय शिक्षा का परिपोषण करने आंगनबाड़ियों का मनाया उत्सव



एकीकृत बाल विकास सेवाओं (आईसीडीएस) की 50 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में केईएफ फाउंडेशन ने एक विशेष कार्यक्रम बचपन का त्यौहार का आयोजन किया। इसने 3 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए आनंदमय शिक्षा का परिपोषण करने वाले स्थान के रूप में आंगनवाड़ियों का उत्सव मनाया।

### एसीएस शमी ने पुस्तक का विमोचन किया

इस मौके पर महिला एवं बाल विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव (एसीएस) रश्मि अरुण शमी ने 'बचपन का त्यौहार' नामक एक कहानी-पुस्तक का विमोचन किया। एसीएस श्रीमती शमी ने कहा कि यह खेल सीखने का सबसे अच्छा तरीका है, बच्चे यह बिना कुछ जाने ही सीख जाते हैं। खासकर छोटे बच्चों के लिए, यह उनके बचपन का आनंद लेने का सबसे अच्छा तरीका है। माता-पिता के लिए भी इसमें शामिल होने का एक बेहतरीन तरीका है। आंगनवाड़ी केंद्र इसे और बेहतर बना सकते हैं, ताकि हर बच्चा फल-फूल सके। छतरपुर की एक गौरवान्वित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने कहा, हम सिर्फ बच्चों को पढ़ाने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि हम भी उनसे हर दिन सीखते हैं। यह मेरे केंद्र में आने वाले बच्चों, उनके अभिभावकों, सरकारी विभाग और समुदाय के बीच एक मजबूत बंधन और जोश भरा सहयोग है। आंगनवाड़ी केंद्र, जो अक्सर ग्रामीण भारत की शिक्षा का आधार होते हैं, बच्चों को जुड़ाव, जिज्ञासा और सामूहिक देखभाल का एक विरल आवरण प्रदान करते रहते हैं।

## इंदौर मेट्रो का पूरा सेक्शन इसी साल के अंत तक शुरू करने की तैयारी: सीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर मेट्रो ट्रेन के शेष कार्यों की प्रगति की जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने कहा कि इंदौर में मेट्रो ट्रेन की सेवाएं शुरू हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि इंदौर मेट्रो का पूरा सेक्शन, जो सुपर कॉरीडोर से मालवीय नगर चौराहा (रेडिसन चौराहा) तक इसी साल के अंत तक शुरू हो जाए। इससे इंदौर शहरवासियों को पूर्ण मेट्रो ट्रेन सुविधा मिल सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि इंदौर और भोपाल में विश्वस्तरीय मेट्रो ट्रेन सेवा समय पर शुरू हो, जिससे आमजन को सार्वजनिक परिवहन का एक सरल, सहज, सुगम, बेहतर और सुरक्षित माध्यम मिल सके।

## 'मन की बात' लोकतंत्र और देशभक्ति सशक्त बनाने वाला कार्यक्रम: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

मुख्यमंत्री, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री-सांसदों सहित कार्यकर्ताओं ने सुना प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात में देशवासियों को संबोधित किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भोपाल के शाहपुरा मंडल के वार्ड क्रमांक 50, बूथ क्रमांक-202 के शील पब्लिक स्कूल गुलमोहर में, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने बैतूल के पाढर मंडल के बूथ क्रमांक 339, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रायसेन के खरवई मंडल के बूथ क्रमांक 88, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने करुणाधाम मंडल के वार्ड क्र 27, कोटरा कमला नगर, कम्युनिटी हॉल, बूथ क्र. 48 एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने भोपाल ग्रामीण जिले के हर्राखेडा मंडल के गुनगा बूथ के बूथ क्रमांक 209 स्थित सामुदायिक भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजनों के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मन की बात सुनने के बाद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम लोकतंत्र और देशभक्ति को सशक्त बनाने वाला कार्यक्रम है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में चल रही विकास यात्रा में हम सबको सहभागी बनना चाहिए। मन की बात कार्यक्रम के माध्यम से देश के हर कोने की सकारात्मक जानकारियां साझा होती हैं और आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं।

## सियासतनामा



### भाजपा के नए मुखिया में दिखी नया करने की ललक

प्रदेश भाजपा के नए मुखिया हेमंत खंडेलवाल पद संभालने के बाद से ही कुछ नया करते दिखाई पड़ने लगे हैं। उनके प्रयासों की तारीफ होने लगी है। एक निर्णय में तय किया गया है कि प्रदेश कार्यालय में हर दिन एक मंत्री जरूर बैठेगा। मंत्री न केवल कार्यालय में बैठकर लोगों से मुलाकात करेंगे, बल्कि प्रमुख विषयों पर सरकार का पक्ष भी रखेंगे। एक अन्य निर्णय में खंडेलवाल ने तय किया है कि वे खुद कार्यकर्ताओं से सोमवार और मंगलवार को मिलेंगे ताकि नेता-कार्यकर्ता हर रोज प्रदेश कार्यालय का चक्कर न लगाएं। उन्होंने जिला अध्यक्षों से भी कहा है कि वे कार्यालय में सातों दिन न बैठें। जिला कार्यालय पर रहने के लिए दो दिन तय करें और बाकी दिनों में जिले में प्रवास के कार्यक्रम बनाएं। साफ है कि खंडेलवाल के अंदर व्यवस्था में सुधार की ललक है।

### तो बज सकता देश की राजनीति में मप्र का डंका

राजनीतिक हलकों में इस समय जो अटकलें चल रही हैं यदि वे सच साबित हो गई तो देश की राजनीति में मध्य प्रदेश का डंका बज सकता है। दो महत्वपूर्ण पद खाली हैं। जिन पर नेताओं का चयन भाजपा नेतृत्व को करना है। पहला, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव टल रहा चुनाव कभी भी हो सकता है और दूसरा, जगदीप धनखड़ के इस्तीफे से उप राष्ट्रपति का पद खाली है। इन दोनों पदों के लिए राष्ट्रीय स्तर पर जो नाम चल रहे हैं उनमें दो मप्र के दिग्गज नेताओं के भी हैं। इनमें एक हैं केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान और दूसरे कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत। यदि भाजपा अध्यक्ष और उप राष्ट्रपति पद पर इन नेताओं को चुन लिया जाए तो देश की राजनीति में मप्र कहां पहुंच जाएगा।

### क्या सीएम, डिप्टी सीएम से भी बड़े हो गए यह एमएलए?

इंदौर से विधायक गोलू शुक्ला। ये खुद को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला से भी बड़ा समझ बैठे। सावन माह में भीड़ को देखते हुए वीआईपी का महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश प्रतिबंधित है। पर गोलू शुक्ला अपने बेटे रुद्राक्ष के साथ भस्म आरती के समय महाकाल के गर्भगृह में प्रवेश कर गए। पुजारियों ने विधायक के बेटे रुद्राक्ष को जाने से रोका तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया। भस्म आरती का लाइव प्रसारण भी बंद करा दिया। खास बात यह है कि उसी दिन उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला और अगले दिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के परिवार के सदस्य भी महाकाल के दर्शन कर गए लेकिन उन्होंने नियमों का पालन करते हुए नंदी हॉल से ही दर्शन किए।

### सिंधिया को लेकर नहीं थम रही खींचतान

कांग्रेस से भाजपा में आए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को लेकर पार्टी के अंदर खींचतान कम नहीं हो पा रही है। इसका सबसे ज्यादा असर चंबल-ग्वालियर अंचल में देखने को मिल रहा है और बुंदेलखंड सहित उन क्षेत्रों में भी, जहां सिंधिया समर्थक कुछ नेता ताकतवर हैं। चंबल-ग्वालियर अंचल में पहले से स्थापित नेता हैं विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, दूसरे सिंधिया भाजपा के साथ तालमेल बनाने की कोशिश में हैं। क्षेत्र में विकास के कार्यों को लेकर श्रेय की होड़ लगती है। इसे लेकर सिंधिया की ग्वालियर सांसद भरत सिंह कुशवाह के साथ भी विवाद की खबरें आ चुकी हैं। वजह यह भी है कि सिंधिया और उनके समर्थक हर अवसर पर कहते हैं कि यह काम सिंधिया की बदौलत हुआ। मुरैना के एक कार्यक्रम में नरेंद्र सिंह तोमर द्वारा की गई टिप्पणी को इसी गुटबाजी से जोड़ कर देखा जा रहा है। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा कि 'गांवों में सड़क, बिजली और नल जल जैसी योजनाएं पहुंच रही हैं, लेकिन यह मेरे या मुरैना सांसद के कारण नहीं आई हैं। यह सभी भाजपा सरकार की नीतियों और योजनाओं का परिणाम हैं।' तोमर यहीं नहीं रुके, उन्होंने बिना नाम लिए सिंधिया पर तंज कसा कि 'कुछ नेता कहते हैं कि मैं लाया, मैं लाया लेकिन उन्हें अपने आप से ही फुर्सत नहीं मिलती।'

### मप्र पुलिस में भी 'धर्म' की एंट्री

अब तक पुलिस थाना परिसरों में हनुमान जी के मंदिर देखे-सुने थे। प्रदेश के वरिष्ठ आईपीएस एडीजी (प्रशिक्षण) राजाबाबू सिंह इससे चार कदम आगे बढ़ गए। उनके एक निर्देश से विवाद बढ़ सकता है। उन्होंने प्रदेश पुलिस में भर्ती नए आरक्षकों को प्रशिक्षण के दौरान रामचरित मानस (रामायण) का पाठ करने को कहा है। सिंह ने ट्रेनिंग लेने पहुंचे आरक्षकों से कहा था कि 'भगवान राम ने 14 साल का वनवास स्वीकार किया था। भगवान जब माता-पिता की आज्ञा मानने के लिए 14 साल वन में रह सकते हैं तो आप अपने ट्रेनिंग के लिए घर-परिवार से दूर नहीं रह सकते। मेरा सुझाव है कि जो नए आरक्षक हैं वे रोज सोने से पहले रामचरितमानस का पाठ करें।' सिंह ने यह बात ट्रांसफर मांगने वाले आरक्षकों के संदर्भ में कही थी।

- दिनेश निगम 'त्यागी'

## वन कर्मचारी नौ अगस्त से शुरू करेंगे पोस्टकार्ड आंदोलन

वन कर्मचारियों की बैठक में पारित हुआ छह सूत्रीय प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




लंबित मांगों का निराकरण नहीं होने से आक्रोशित वन कर्मचारी नौ अगस्त से पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू करने जा रहे है। रविवार को इंदिरा निकुंज नर्सरी 74 बंगला में आयोजित मप्र कर्मचारी मंच वन विभाग की बैठक में यह निर्णय लिया गया। प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में 9 अगस्त 2025 से छह सूत्रीय मांगों के समर्थन में मुख्यमंत्री के नाम प्रांत व्यापी पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू किया जाएगा।

पांडे ने बताया कि बैठक में छह सूत्रीय मांगों का प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें वन रक्षकों को 5680/1900 ग्रेड पे का वेतनमान सन 2006 से देने, दैनिक वेतन भोगी से वन रक्षक बने वन रक्षकों को दैनिक वेतन भोगी सेवा कल की वरिष्ठता देने, कंप्यूटर ऑपरेटर को संविदा नियुक्ति एवं पीएफ सुविधा का लाभ देने, स्थाई कर्मियों को चतुर्थ श्रेणी के पद पर नियमित करने, वाहन चालकों को नियमित वेतनमान देने एवं बीमा करने, सुरक्षा श्रमिकों को तीन साल की सेवा के बाद अर्द्ध कुशल का वेतन एवं पांच साल की सेवा के बाद कुशल श्रमिक का वेतन भुगतान करने की प्रमुख मांग शामिल की गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि छह संवर्ग के वन कर्मचारी एक अगस्त को प्रधान मुख्य वन संरक्षक हाफ को छह सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे।

## उप महानिरीक्षक अविनाश संजीव को किया सम्मानित



▸ सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, सीआरपीएफ का 87वां स्थापना दिवस आयोजित किया गया। समारोह की शुरूआत शहीदों के श्रद्धांजली अर्पण से हुई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित एमपी के सेक्टर के महानिरीक्षक सुमनकान्त तिग्गा के द्वारा सीआरपीएफ के महत्व के बारे में बताते हुए अफसरों और जवानों का मनोबल बढ़ाया। इस मौके पर अविनाश शरण उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र भोपाल, संजीव रंजन उप महानिरीक्षक ग्रुप केन्द्र भोपाल को महानिदेशक केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा विशेष प्रशंसा डिस्क और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन पर बॉलीबाल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

## आईएएस नियाज खान ने मुस्लिम देशों को जमकर लगाई फटकार

**भोपाल।** मप्र कॉडर के सीनियर आईएएस नियाज खान ने सऊदी अरब समेत सभी मुस्लिम देशों को जमकर फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि मुस्लिम देशों का रवैया देखकर उन्हें मुस्लिम कहलाने में शर्म महसूस होती है। उन्होंने कहा कि सऊदी अरब को इस्लाम की जन्म स्थली माना जाता है, पर मुस्लिमों पर जहां भी मुसीबत आती है, यह देश नपुंसक बन जाते हैं। मुझे तो मुसलमान कहलाने में शर्म आ रही है।

आईएएस खान ने कहा कि मेरे विचार से 57 मुस्लिम देशों में इस्लाम सऊदी अरब से ही पहुंचा है। ऐसे में दुनिया में मुसलमान पर कहीं भी मुसीबत में हो तो, सऊदी अरब को पहले आवाज उठानी चाहिए। जिस प्रकार से फिलिस्तीनियों की हत्याएं गाजा में हो रही है, सऊदी अरब मौन धारण किए हुए हैं।

## कांग्रेस विधायक दल की बैठक, विधानसभा सत्र को लेकर बनी रणनीति

# भ्रष्टाचार, महिलाओं से जुड़े मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के होटल पलाश में मध्यप्रदेश कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई। मध्यप्रदेश विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार द्वारा बुलाई गई विधायक दल की बैठक में भाजपा सरकार की नाकामी और वादाखिलाफी को लेकर चर्चा की गई। साथ ही आगामी सत्र में उठाए जाने वाले मुद्दों और उनपर सरकार को घेरने की रणनीति बनाई गई।

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मजबूती से जनता की आवाज सदन में उठाने को लेकर विधायकों से चर्चा की। बैठक के दौरान हाल ही में मांडू में सम्पन्न हुए नव




संकल्प शिविर की सफलता को लेकर सभी विधायकों ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार का आभार व्यक्त किया। इसपर श्री सिंघार ने कहा ये हमारी एकजुटता का परिणाम है।

### प्रदेश में बढ़ते ड्रग्स कारोबार को जोर-शोर से उठाएंगे

बैठक में कई मुद्दों पर गहन चर्चा हुई, जिनमें प्रमुख रूप से आदिवासियों की जमीन बेदखली, भर्ती परीक्षाओं में हुए घोटाले, जातिगत जनगणना समयबद्ध और पारदर्शिता से हो, प्रदेश में बढ़ता भ्रष्टाचार, युवाओं को रोजगार, प्रदेश में बढ़ता ड्रग्स कारोबार, किसानों को हो रही खाद की किल्लत, महिला अत्याचार, रिक्त पड़े पदों पर जल्द भर्तियों की मांग सहित 27 फीसदी ओबीसी आरक्षण एवं 13 फीसदी पर होल्ड हटाने की मांग को भी सदन में जोरशोर से उठाया जाएगा।

### यह रहे बैठक में मौजूद

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि कांग्रेस का हर विधायक पूरी निडरता के साथ जनता की आवाज सदन में उठाएगा। बैठक में सीडब्ल्यूसी सदस्य कमलेश्वर पटेल, उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे, विधायक राजेन्द्र कुमार सिंह, फूलसिंह बरैया, शेखावत सहित विधायक मौजूद रहे।

## बैराड़ कस्बे में हुआ पूरा घटनाक्रम

# सरे बाजार जूते को सिर पर रखकर मंगवाई गई माफी

हरिभूमि न्यूज ▶▶शिवपुरी



■ भाजपा नेताओं की पंचायत में हुआ था फैसला

शिवपुरी जिले में एक युवक के साथ तालिबानीहरकत का मामला सामने आया है। इस मामले में युवक के सिर पर जूता रखवा कर उससे माफी मंगवाई गई है। सिर पर जूता रखवाते हुए माफी मंगवाने का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। जब यह घटनाक्रम हो रहा था उस समय भाजपा के कुछ नेतागण भी वहां मौजूद रहे। वैश्य समाज ने इस मामले में घोर आक्रोश जताया है। पूरा घटनाक्रम बैराड़ थाने के सामने घटित हुआ। कुछ दिन पहले बैराड़ निवासी व्यवसायी के पुत्र व जिलाबदर रहे सुल्तान रावत के पुत्र कुलदीप के बीच तालाब पर विवाद हो गया था। इसके बाद व्यवसायी के पुत्र ने अपने दोस्तों के साथ कुलदीप के साथा हाथापाई कर दी थी। उस समय कुलदीप ने मामले की शिकायत थाने में दर्ज नहीं कराई, लेकिन दोनों पक्षों में झगड़ा चलता रहा। बाद में हालात यह बने कि झगड़े को सुलझाने के लिए कांग्रेस से भाजपा में आए पूर्व विधायक एवं राज्य मंत्री सुरेश राठखेड़ा, भाजपा मंडल महामंत्री पवन गुप्ता सहित कई नेताओं और समाजसेवियों को एकत्रित होना पड़ा। सभी लोगों की पंचायत हुई और अंत में यह निर्णय लिया गया कि कुलदीप व छोटू का जूता व्यवसायी पुत्र अपने सिर पर जूता रखकर माफी मांगेगा तो ही विवाद खत्म होगा। जिला मुख्यालय पर रविवार को शिवपुरी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक देवेंद्र जैन की मौजूदगी में वैश्य समाज के लोगों की मीटिंग मध्य प्रदेश मध्यदेशीय अग्रवाल धर्मशाला में हुई है, जिसमें वैश्य समाज ने मामले में कार्रवाई की मांग की है। सुरेश राठखेड़ा के अनुसार उनके सामने सिर पर जूता रखने वाली घटना घटित नहीं हुई। बैराड़ टीआइ ने रविशंकर कौशल ने इस तरह घटनाक्रम से इंकार किया है।

## तीन दिन से लापता अधेड़ की लाश मिली

**भोपाल।** बिलखिरिया गांव में रविवार सुबह एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। वे गत तीन दिन से लापता थे और उनकी गुमशुदगी भी परिजन ने थाने में दर्ज कराई थी। लाश दो तीन दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज होने गली थी। लिहाजा शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले है। पुलिस ने लाश पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है। पुलिस पीएम रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है। पुलिस के अनुसार 50 साल के छोटूलाल, बिलखिरिया गांव में रहते थे और खेती किसानी करते थे। तीन दिन पूर्व वह रहस्यमय तरीके से लापता हो गए। परिजन ने उनकी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। इसके बाद पुलिस थाने पहुंचकर उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई गई। पुलिस और परिजन उनकी तलाश कर रही थी। इस दौरान परिजन ने उनकी लाश घर से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर खड़ी ट्रैक्टर ट्रॉली की आड़ में पड़ी देखी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई थी। परिजन ने पुलिस से पीएम नहीं कराने की गुजारिश की। हालांकि बाद में पुलिस ने समझाइश दी तो परिजन मान गए। पुलिस ने पीएम के बाद लाश परिजन को सौंप दी है।

## हिंदी लेखिका संघ की नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित



**भोपाल।** स्थित विश्व संवाद केंद्र, शिवाजी नगर में 27 जुलाई को हिंदी लेखिका संघ की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह हुआ। समारोह में डॉ. साधना गंगराड़े ने अध्यक्ष पद की शपथ ग्रहण की। उनके साथ उपाध्यक्ष डॉ. साधना शुक्ला, सचिव सुनीता यादव, सह सचिव शेफालिका श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष महिमा वर्मा तथा सह-कोषाध्यक्ष मधुलिका श्रीवास्तव ने भी अपने-अपने पदों की शपथ ली। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में मनोरमा पंत, रंजना शर्मा, वंदना मिश्रा, मधुलिका सक्सैना, सुधा दुबे, कमल चंद्रा, शशि बंसल, नविता जौहरी, विनीता राहुरीकर, नीलिमा रंजन, प्रतिभा श्रीवास्तव, शालिनी खरे और प्रेक्षा सक्सेना ने भी शपथ ली। समारोह के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार एवं राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के संचालक कैलाश चंद्र पंत ने कहा कि लेखिकाओं को केवल लेखनी में दक्ष ही नहीं, अध्ययनशील भी होना चाहिए।

## पेज एक का शेष....

### भोपालवासियों को ...

डॉ. यादव ने कहा कि भोपाल मेट्रो का टेस्ट रन चल रहा है। रिसर्च डिजाइन स्टैंडर्ड ऑर्गेनाइजेशन (आरडीएसओ) द्वारा भोपाल मेट्रो निरीक्षण पूरा कर लिया गया है। शीघ्र ही कमिश्नर, मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) निरीक्षण के लिए आएंगे।

कमिश्नर रेल सेफ्टी से अनुमति मिलते ही भोपाल मेट्रो ट्रेन का प्रायोरिटी कॉरीडोर आमजन के लिए खोल दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने रविवार को भोपाल मेट्रो ट्रेन के कार्यों का बारीकी से मुआयना करने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने तीन डिब्बों वाली मेट्रो ट्रेन में सुभाष नगर स्टेशन से एम्स तक और वापसी में एम्स से आरकेएमपी स्टेशन तक टेस्ट रन लेकर इसमें मौजूद सुविधाओं और खूबियों को जाना।

### मेट्रो रेल के....

लागत से विकसित किया जा रहा है। सुभाष नगर स्टेशन से एम्स स्टेशन तक अनुमानित 2225 करोड़ रुपए की लागत से प्रायोरिटी कॉरिडोर बनाया जा रहा है। इसका कार्य अंतिम चरण में है। भोपाल मेट्रो के दोनों कॉरिडोर्स (ऑरेंज और ब्लू लाइन) वर्ष 2030 से पहले पूर्ण रूप से चालू कर देने का हमारा रोडमैप तैयार है। उन्होंने बताया कि भोपाल मेट्रो की डिजाइन स्पीड 90 किमी प्रति घंटा होगी। इसकी ऑपरेशनल स्पीड 40-60 किमी घंटा होगी।

हर मेट्रो स्टेशन के बीच मात्र 2 मिनट का समय लगेगा। मेट्रो में यात्रियों के लिए एस्केलेटर, लिफ्ट, ब्रेल साईनेज, शुद्ध पेयजल, स्वच्छ शौचालय और त्वरित सूचनाएं देने की सभी प्रकार की आधुनिक सुविधाएं होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार मेट्रो ट्रेन में दिव्यांगजनों के लिए भी पूरी तरह से समावेशी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रही है। भोपाल मेट्रो ट्रेन परियोजना के लिए कुल 27 अत्याधुनिक मेट्रो ट्रेन सेट होंगे इनमें से 7 ट्रेन सेट भोपाल पहुंच चुके हैं।

### विधानसभा का मानसून ...

जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सत्र का संचालन सुचारू और व्यवस्थित रूप से किया जाए। तोमर ने कहा कि विधानसभा परिसर मे कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाया गया, विरोध प्रदर्शन पर जो रोक लगाईं है, वह भी नया नहीं है।

### अनुपूरक बजट पेश...

अशासकीय संकल्प लगाए गए हैं। राज्य सरकार इस सत्र में अनुपूरक बजट पेश करेगी। इसके अलावा 3 विधेयक भी सत्र में लाए जाएंगे।

### एएसपी, एसडीएम व ....

एसडीओपी को हटा दिया है। सीएम ने कोतवाली टीआई और ट्रैफिक थाने के प्रभारी को नर्मदापुरम आईजी ऑफिस में अटैच किया है। सीएम डॉ. यादव ने इसकी जानकारी एक्स पर दी। उन्होंने लिखा कि समाज के छात्रावास में अनुचित बल प्रयोग एवं स्थिति को संवेदनशील रूप से निराकरण करने में की गई लापरवाही को लेकर यह एक्शन लिया गया है।

### 16 जुलाई को...

में हुए लाठीचार्ज मामले में कांग्रेस और भाजपा के विधायक मुख्यमंत्री को लगातार पत्र लिखकर जांच की मांग कर रहे थे।

### मंडल अध्यक्ष नीरज...

को लेकर कांग्रेस के पूर्व मंत्री चौधरी राकेश सिंह चतुर्वेदी ने थाने पर समर्थकों के साथ गिरफ्तारी और प्रदर्शन करने का ऐलान किया था। गुरुपूर्णिमा के दिन मेहगांव के संदीपनी विद्यालय में थप्पड़कांड हुआ था। घटना 10 जुलाई की है। सीएम राइस स्कूल में गुरुपूर्णिमा का कार्यक्रम चल रहा था। इस कार्यक्रम में भाजपा के मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजवीर शर्मा भी थे। इसी कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नीरज शर्मा ने अचानक ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजवीर शर्मा को सभी के सामने थप्पड़ जड़ दिया था। घटना के दूसरे दिन स्कूल के छात्र और स्टाफ बीईओ राजवीर शर्मा को भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर गिफ्ट कर रहे थे। तभी अचानक बीईओ राजवीर फूट-फूटकर रो पड़े फिर उन्होंने पूरी आप बीती बताई। बीईओ के रोने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हुआ था।

### करंट फैलने की ...

ने कहा कि इस दुखद घटना में मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख और घायलों को 50-50 हज़ार मनसा देवी ट्रस्ट द्वारा प्रदान किए जाएंगे। मृतक के परिजनों और घायलों को उनके घर तक ले जाने के लिए ट्रस्ट द्वारा वाहन की व्यवस्था की जाएगी। करीब नौ बजे के आसपास मंदिर की चढ़ाई कर रहे श्रद्धालुओं के बीच किसी ने करंट लगने की अफवाह फैला दी, जिससे अफरा-तफरी का माहौल बन गया। देखते ही देखते लोग एक-दूसरे पर गिरने लगे। चीख-पुकार के बीच कई श्रद्धालु दब गए। भगदड़ की वजह मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत रवींद्र पुरी के अनुसार एक व्यक्ति का फिसलना था न कि बिजली का तार टूटना। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह बिजली का करंट लगने की घटना नहीं थी।

### दोनों सदनों में...

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, डिफेंस सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह और तीनों सेना प्रमुखों के साथ कई बैठकें की हैं। चर्चा में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और निशिकांत दुबे भी शामिल होंगे।

### सरकार निकम्मी होती ....

पंक्चर करने का एक्सपर्टीज्म इनके पास होता है। नागपुर में स्टेडियम बनवाने की चाहत को लेकर उन्होंने जो रवैया देखा, उन्हीं अनुभवों के आधार पर वे ये सब बोल रहे थे। गडकरी ने कहा कि मैं नागपुर में खेलों के लिए 300 स्टेडियम बनाना चाहता हूं, लेकिन अपने चार साल के करियर में मैंने महसूस किया है कि सरकार निकम्मी होती है।

### सेल्फी लेते वक्त...

के दिन वीआईटी कॉलेज के पांच छात्र पिकनिक मनाने झरने पर पहुंचे थे। एक छात्र सेल्फी ले रहा था, लेकिन इसी दौरान उसका पैर फिसल गया और वह झरने में जा गिरा। एक अन्य छात्र बचाने के लिए झरने में कूद गया, लेकिन दोनों ही बाहर नहीं आ सके। तीन युवक सकुशल हैं। उन्होंने ही जंगल से बाहर आकर घटना की सूचना दी। इसके बाद इछावर थाना पुलिस की टीम एसडीआरएफ एवं एaबुलेंस के साथ मौके पर पहुंची। इस दौरान वन विभाग का अमला भी घटनास्थल पर पहुंचा। घटना शाम करीब 6-7 बजे के बीच की है। झरना भी बहुत गहरा है एवं लगातार बारिश भी हो रही है। पांचों छात्र आंध्रप्रदेश के हैं, जो कि वीआईटी कॉलेज में अध्ययनरत हैं। झरने में डूबे दो छात्रों के नाम हेमंत और सीमुख बताए जा रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक उनके शव नहीं मिल सके हैं। एसपी दीपक शुक्ला के अनुसार वीआईटी कॉलेज, कोठरी थाना आष्टा के 5 दोस्त शाम के लगभग 5 बजे बाइक से खिवनी अभयारण के जंगल के अंदर स्थित भैरूखो वाटरफॉल देखने व नहाने आए थे।

इनमें से सिन्मुक (20) निवासी हैदराबाद और हेमंत पिता कृष्णा राव (20) निवासी हैदराबाद अभी मिसिंग है। एसडीईआरएफ को सूचना दे दी गई है, रात्रि होने से सुबह तलाश की जाएगी।

### बैतूल में छात्र...

तलाश की जा रही है। पार्वती नदी में बाढ़ आने से श्योपुर-बांरा के बीच पुल पर पानी आ गया। इससे हाईवे बंद हो गया। शिवपुरी के कोलारस में कार तेज बहाव में बह गई। दो लोग जान बचाने में कामयाब रहे। शिवपुरी में बदरवास रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक के किनारे की मिट्टी धंस गई। विदिशा में ट्रैक्टर पुलिया पार करते वक्त बह गया। चालक ने कूदकर जान बचाई। छिंदवाड़ा के तामिया में गामा जीप नदी में बह गई।

### कहां कितनी बारिश...

राजगढ़, आगर-मालवा, देवास समेत कई जिलों में बारिश का दौर चलता रहा।

### पहले यह महिलाएं...

है। ऐसे ही प्रयासों की बदौलत भोपाल अब स्वच्छ सर्वेक्षण में काफी आगे बढ़ा है। 'सकारात्मक सोच' ग्रुप की फाउंडर किरण शर्मा व अनीता शर्मा हैं। किरण ने बताया कि जब 2 अक्टूबर 2014 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले की प्राचीर से देशवासियों से स्वच्छता का आव्हान किया तो हमें भी लगा कि हमें भी कुछ ऐसा ही कार्य अपने आसपास के क्षेत्र में करना चाहिए क्योंकि इससे पहले जो हम लोगों की किटी हुआ करती थी जिसे हमने पॉजिटिविटी नाम दिया था।

जिसमें हम सभी किटी के सदस्य जो पैसा इकट्ठा करते थे वह जरूरतमंदों के सेवा में ही लगाते थे। पीएम के आव्हान के बाद हमें लगा कि अब हमें स्वच्छता की दिशा में प्रयास करना होगा और हमें गंदगी साफ करनी होगी। ऐसे में हम घर-घर रजिस्टर लेकर जाते थे और लोगों से स्वच्छता की अपील करते थे, उन्हें साइन कराते हुए शपथ दिलाते थे कि वह न तो गंदगी फैलाएंगे और न ही किसी को गंदगी फैलाने देंगे और उनका नंबर हम अपने वॉट्सएप ग्रुप पर भी एड करते गए। फिर हम पार्कों को मेंटेन करने लगे, जिसमें वहां की सिर्फ साफ सफाई ही नहीं बल्कि बेंच को लगाने से लेकर पेड़ लगाना और पौधों में पानी देने तक की जिम्मेदारी हम लोगों ने ली थी। सीएम डॉ. मोहन यादव ने भी मन की बात में 'सकारात्मक सोच' का जिक्र आने के बाद कहा कि मप्र में अब स्वच्छता एक संस्कार बन गया है।

### जरूरतमंद ले जाते....

है। जिसमें वार्ड से संबंधित व्यक्ति निशुल्क इन बर्तनों को लेकर जाता है और प्रयोग करके वापस दे देता है। अनीता शर्मा ने बताया कि हमने पॉलिथीन के प्रयोग को सीमित करने की ठानी और इसके लिए हमने थैला बैंक बनाया, जिसमें हमने अपने मेंबर के बच्चों के पुराने कपड़े बुलवाए और इसमें से जब कुछ कपड़े अच्छे थे तो उन्हें निराश्रितों को वितरित किया और फटे पुराने कपड़ों के हमने थैले बनवाए और नगर निगम की सहायता से हाट बाजारों में, मंदिरों में बांटे। किरण कहती हैं कि हम 200 महिलाएं हैं तो हम हर महीने उनसे 100 रु. स्वच्छता के नाम पर एकत्रित करते हैं। इसके अलावा हमने पुरानी किताबों को एकत्रित करके एक लाइब्रेरी भी शुरू की है, जिससे बच्चों को एजुकेशन में मदद मिल पाए।

### पीएम ने स्वच्छता ....

इसमें हिस्सा लिया। उत्तराखंड के कीर्तिनगर के लोग पहाड़ों में कचरा प्रबंधन की नई मिसाल कायम कर रहे हैं। इसी तरह, मंगलुरु में तकनीक की मदद से जैविक कचरा प्रबंधन किया जा रहा है। अरुणाचल प्रदेश में रोइंग नाम का एक छोटा सा शहर है। एक समय था, जब कचरा प्रबंधन वहां के लोगों के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ी चुनौती थी। वहां के लोगों ने इसकी जिम्मेदारी ली। 'ग्रीन रोइंग इनिशिएटिव' शुरू किया गया और फिर रीसाइकिल किए गए कचरे से एक पूरा पार्क तैयार किया गया।

कराड और विजयवाड़ा में जल प्रबंधन की कई नई मिसालें कायम हुई हैं। अहमदाबाद में रिवर फ्रंट की सफाई ने भी सबका ध्यान खींचा है। लखनऊ की गोमती नदी टीम के बारे में बताते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह टीम पिछले 10 सालों से हर रविवार लगातार सफाई अभियान में जुटी है। छत्तीसगढ़ के बिल्हा की महिलाओं को भी पीएम ने सराहा, जिन्होंने कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण लेकर शहर की तस्वीर ही बदल दी। प्रधानमंत्री ने गोवा के पणजी शहर का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि पणजी में कचरे को 16 श्रेणियों में बांटा जाता है। उसका नेतृत्व भी महिलाएं ही कर रही हैं। पणजी को 'राष्ट्रपति पुरस्कार' भी मिल चुका है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

www.ratnawala.com
Ratnawala
रत्नवाला
समय से पहले - किस्मत से ज्यादा
हम पुराने पहने हुए रत्न नहीं बेचते हैं
◆ शुद्ध - प्रमाणिक असरदार रत्न उपलब्ध
◆ रत्न तराशने की फैक्ट्री
◆ अनुभवी ज्योतिषाचार्य से सलाह
◆ ग्रहों के अनुसार उपयुक्त रत्न की सलाह
विश्वास का साथ सेवा के 30+ वर्ष
PRATEESH SAXENA
Gemologist & Govt. Valuer
जब हुबहू नकली रत्न बन सकते हैं तो कागज का नकली "टेस्टिंग सर्टिफिकेट भी बन सकता है। सजग रहें
89-89-678-678
City Trade Center, 141, Malviya Nagar, Bhopal
॥ ज्योतिषम्™ ॥

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

JAWAHARLAL NEHRU COLLEGE
56-C, Shyamla Hills, Opp. Khushbu Park, Civil Lines, Bhopal
Mob.: 9826264575, 8889560478, 8085377716, 0755-2660949 Web.: www.jncbpl.com
★ M.Sc. (Physics, Chemistry, Botany, Zoology, Micro bio., Biotech., Computer Sc., Maths) ★ PGDCA ★ B.Sc. (Bio Group & Maths, Chemistry, Computer Sci., Env.Sc., Biology, Micro Bio., Biotech ) ★ B.Com. Plain & Computer ★ M.Com ★ BCA ★ BA ★ BBA ★ M.A. (Eng., Polt. Sc., Socio., Eco. & Urdu) ★ B. Lib ★ M. Lib. ★ B.P.E.S. ★ PG Diploma in Yoga ★ D.El. Ed. ★ B.Ed. ★ B.P.Ed. ★ M.Ed. ★ M.P.Ed.
DIRECT ADMISSION*
College Offering Best Career Options With Minimum Fee Structure
** Note : All Admission According to MP Higher Education Guide line and Rules 2023-24

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कजियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।

**वृष** – कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।

**मिथुन** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।

**कर्क** – अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।

**सिंह** – कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कन्या** – कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**तुला** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।

**वृश्चिक** – आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**धनु** – कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।

**मकर** – वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**कुंभ** – स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।

**मीन** – शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

हरिभूमि
रनिंग क्लासीफाइड उठावना, शोक संदेश, जन्मदिन, आमसूचना आम/कोर्ट नोटिस

## शब्द पहेली - 5941

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | | ■ | ■ | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | ■ | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | 9 |
| | ■ | ■ | 10 | | | ■ | | ■ | ■ | |
| 11 | | 12 | | ■ | ■ | 13 | ■ | 14 | 15 | |
| | ■ | | ■ | 16 | | | | ■ | | ■ |
| ■ | 17 | | ■ | | ■ | | ■ | 18 | | ■ |
| ■ | | ■ | 19 | | | | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | | | ■ | | ■ | ■ | 22 | | | |
| | ■ | ■ | 23 | ■ | 24 | | | ■ | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | | ■ | 28 | |
| ■ | 29 | | | ■ | ■ | 30 | | | | |

**बाएँ से दाएँ**
1.अशांति, उपद्रव-5
4.गुंडा, बदमाश-3
6.समान-2
7.वारंट, निर्गमपत्र-3
8.पत्र, पाती-2
10.आश्रय-3
11.भेंट, पुरस्कार-4
14.अनुमान, अंदाज-3
16.जो लायक न हो-4
17.एक खलनायक-2
18.जीव, जीवन-2
19.जांचना-परखना-4
21.ख्वाब, स्वप्न-3
22.बलशाली-4
24.रेखा, पंक्ति-3
25.प्यार (अंग्रेजी में-2)
27.भाग्य, किस्मत-3
28.पैंतरा, पारी-2
29.डांट-डपट, घुड़की-3
30.तसल्ली, विश्वास, भरोसा-5

**ऊपर से नीचे**
1.समानता का विलोम-5
2.सीता के पति-2
3.रोना, विलाप करना-4
4.सोच-विचार-3
5.जूं का अंडा-2
7.चाहने का भाव-2
9.भारत-पाक विभाजन की त्रासदी पर बना धारावाहिक-3
12.दशानन-3
13.मधुशाला-4
15.गुजर-बसर-3
16.नामांकित-4
17.मसविदा, रुप-रेखा-3
18.गंवार-3
20.मन को भाने वाला-5
21.आसान, सीधा-3
22.बारिश-4
23.पागल-3
24.होठ, अधर-2
26.हत्या-2
28.अन्न का एक कण-2

### शब्द पहेली- 5940 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | म | हा | भा | र | त | ■ | प | र | वा | ना |
| त | न | ■ | स्क | ■ | मा | हि | र | ■ | र | ग |
| न | ■ | त | र | क | श | ■ | ख | र | ■ | वा |
| ब | न्ध | क | ■ | ■ | बी | वी | ■ | न | ज | र |
| द | ■ | दी | ■ | दा | न | ■ | फां | ■ | ल | ■ |
| न | ज | र | बं | द | ■ | न | सी | ब | वा | ला |
| ■ | रु | ■ | दी | ■ | म | न | ■ | च | ■ | प |
| श | री | र | ■ | जं | हा | ■ | ■ | प | गा | र |
| ग | ■ | न | म | ■ | सा | ग | वा | न | ■ | वा |
| फ | ल | ■ | स | ज | ग | ■ | च | ■ | आ | ह |
| त | क्ष | शि | ला | ■ | र | द्द | क | र | ना | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5951

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5950 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

पतंजलि योगपीठ में दो दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर हुआ संपन्न

# 250 से अधिक लाभार्थियों को कृत्रिम हाथ-पैर, कैलिपर और बैसाखियां बांटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

पतंजलि वेलनेस और उद्धार जैफरीज नागपुर के संयुक्त तत्वावधान में पतंजलि योगपीठ में शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर 26 एवं 27 जुलाई को पतंजलि वेलनेस में लगाया गया। हरिद्वार की ओर से दिव्यांगजन के सशक्तिकरण को लेकर आयोजित दो दिवसीय निशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का रविवार को सफलता पूर्वक समापन हुआ।

इस जनसेवा शिविर में 250 से अधिक दिव्यांग लाभार्थियों को कृत्रिम हाथ, पैर, कैलिपर, बैसाखी आदि सहायक उपकरण निःशुल्क वितरित किए गए। शिविर की सफलता को देखते हुए यह तय किया गया कि शिविर को हर तीन से चार माह के अंतराल में लगाया जाएगा।



## आचार्य बालकृष्ण ने कहा-प्रत्येक मानव को आत्मनिर्भर बनना हमारी राष्ट्र सेवा

शिविर मौजूद आचार्य बालकृष्ण ने दिव्यांगजनों के साथ संवाद किया और कहा कि पतंजलि का उद्देश्य केवल आयुर्वेदिक स्वास्थ्य ही नहीं, अपितु प्रत्येक मानव को आत्मनिर्भर बनाना है, यही हमारी राष्ट्र सेवा है। इस सेवा यज्ञ का आयोजन भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति, उद्धार सेवा समिति, अनुभवी चिकित्सकों, दक्ष टेक्नीशियनों, तथा पतंजलि सेवा विभाग के सेवाभावी कार्यकर्ताओं के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर में उपकरण वितरण के अतिरिक्त लाभार्थियों के लिए नाप-जोख, फिटिंग, फिजियोथेरेपी और परामर्श की भी समुचित व्यवस्था की गई थी। यह आयोजन न केवल शारीरिक सहायता का माध्यम बना, बल्कि दिव्यांगजनों के आत्मबल को सशक्त करने वाला प्रेरणास्रोत भी सिद्ध हुआ। पतंजलि योगपीठ की यह पहल मानव सेवा और राष्ट्र सेवा के प्रति उसकी गहन प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## स्वामी रामदेव ने कहा- ये दिव्यांग नहीं दिव्य आत्माएं हैं

इस पुनीत अवसर पर पतंजलि योगपीठ के संस्थापक स्वामी रामदेव महाराज एवं संयुक्त महासचिव आचार्य बालकृष्ण महाराज स्वयं उपस्थित रहे। दोनों ने लाभार्थियों को उपकरण प्रदान किए और आत्मनिर्भरता की राह पर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर स्वामी रामदेव ने कहा कि ये दिव्यांग नहीं, दिव्य आत्माएं हैं। इन्हें सहानुभूति नहीं, सशक्तिकरण चाहिए।

इंटरनेशनल कैमेस्ट्री ओलम्पियाड में 'देवेश' ने गोल्ड और 'देबदत्ता' ने जीता था सिल्वर मैडल

# प्रधानमंत्री मोदी ने मन की बात में एलन कोटा के स्टूडेंट देवेश और देबदत्ता की उपलब्धि को सराहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोटा

कॅरियर और केयर सिटी कोटा के विद्यार्थी अपनी उपलब्धियों से देश का गौरव बढ़ा रहे हैं। भारतीय प्रतिभाओं के इस प्रदर्शन को देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सराहा है। रविवार को प्रसारित हुए मन की बात के 124वें संस्करण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देवेश पंकज भैया व देबदत्ता प्रियदर्शी की उपलब्धि को सराहा है। ये दोनों एलन के क्लासरूम स्टूडेंट हैं। कैमेस्ट्री ओलम्पियाड का फाइनल यूएई में हुआ, जिसमें 4 स्टूडेंट्स ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था, इसमें दो एलन कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट्स थे।

देवेश पंकज भैया ने गोल्ड मैडल तथा देबदत्ता प्रियदर्शी ने सिल्वर मैडल जीता। देवेश ने कक्षा 12 के साथ तथा देबदत्ता ने कक्षा 10 के साथ परीक्षा देते हुए यह उपलब्धि हासिल की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुछ दिन पहले हमारे छात्रों ने इंटरनेशनल कैमेस्ट्री ओलम्पियाड में मैडल जीते हैं। इसमें देवेश पंकज, संदीप कुची, देबदत्ता प्रियदर्शी और उज्जवल केसरी ने भारत का नाम रोशन किया है। इसमें इसके साथ ही आस्ट्रेलिया में हुए इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड में भी भारत ने अपनी पहचान को और मजबूत किया है। इंटरनेशनल मैथेमेटिकल ओलम्पियाड 3 गोल्ड, 2 सिल्वर व एक ब्रोंज मैडल हासिल किया है। उल्लेखनीय है कि देवेश पंकज भैया पिछले सात वर्षों से एलन कोटा का क्लासरूम स्टूडेंट हैं। इसी तरह देबदत्ता भी पिछले तीन साल से एलन के क्लासरूम स्टूडेंट हैं।

## प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हर संभव प्रयासरत

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के ओलम्पियाड में देश की प्रतिभाओं को आगे लाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है। यही कारण है कि हर वर्ष एलन स्टूडेंट्स इंटरनेशनल ओलम्पियाड में बेहतर प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन कर रहे हैं। एलन ने वर्ष 2013 से ओलम्पियाड की तैयारी के लिए प्रयास शुरू किए। कुछ ही वर्षों में बेहतर परिणाम सामने आने लगे। वर्ष 2024 तक विभिन्न इंटरनेशनल ओलम्पियाड में एलन स्टूडेंट्स ने 69 गोल्ड मैडल, 54 सिल्वर मैडल और 12 ब्रोंज मैडल हासिल किए। सबसे अधिक अब तक 38 गोल्ड मैडल इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलम्पियाड में हासिल किए गए हैं। इसके साथ ही फिजिक्स ओलम्पियाड में 10, कैमेस्ट्री में 6, बायलॉजी में 4, मैथेमेटिकल ओलम्पियाड में 3, एस्ट्रोनोमी एण्ड एस्ट्रोफिजिक्स में 5 एवं जूनियर एस्ट्रोनोमी में 3 गोल्ड मैडल जीते हैं।

## कोटा आगे बढ़ाता है : देबदत्ता



देबदत्ता प्रियदर्शी ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस सफलता में मेरी मेहनत के साथ एलन और कोटा का बड़ा योगदान है। कोटा का माहौल और यहां के कम्पीटिटिव एनवायरमेंट ने मुझे हर दिन मजबूत किया और मैं इस तरह की उपलब्धियों के लिए तैयार होता गया।

## एलन ने कान्सेप्ट अच्छे किए : देवेश



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कैमेस्ट्री ओलम्पियाड की उपलब्धि की सराहना पर धन्यवाद देते हुए देवेश पंकज ने कहा कि ओलम्पिक खेलों की तरह साइंस ओलम्पियाड को भी महत्व दिया जाए। इसमें भी देशभर के स्टूडेंट्स शामिल हों। एलन कोटा में जो अकेडमिक माहौल और सपोर्ट मिला।

## खबर संक्षेप

### मनाक्सिया का मुनाफा 14 करोड़ रु. पहुंचा

**मुंबई ।** मनाक्सिया कोटेड मेटल्स एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही का वित्तीय परिणाम जारी करने की घोषणा की है। कंपनी प्री-पेंटेड गैल्वेनाइज़्ड स्टील और प्लेन गैल्वेनाइज़्ड स्टील के कॉइल और शीट दोनों रूपों में विशेषज्ञता रखती है। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनी की कुल आय 253.94 करोड़ रही, एबिटा 28.62 करोड़ रुपए रहा, एबिटा मार्जिन 11.27 फीसदी और शुद्ध लाभ 14.01 करोड़ रहा ।

### कैप्टन को सोलर पंप आपूर्ति की मिली स्वीकृति

**राजकोट।** कैप्टन पॉलीप्लास्ट लिमिटे को दक्षिण गुजरात विज कंपनी लिमिटेड से एक स्वीकृति पत्र प्राप्त हुआ है। यह एलओए सीपीए को प्रधानमंत्री कुसुम योजना के कंपोनेंट-बी के तहत गुजरात में एक अधिकृत विक्रेता के रूप में पैनल में शामिल किए जाने की पुष्टि करता है। यह पैनल में शामिल होना नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में सीपीएल की स्थिति को और मजबूत करता है और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के कंपनी के रणनीतिक लक्ष्य के अनुरूप है।

### सैमसंग ने दी चार विजेता को 1 करोड़ की सहायता

**नई दिल्ली।** सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के ज़रिए आइडियाज को हकीकत में बदलने का मंच दे रहा है यह नेशनल इनोवेशन चैलेंज को 29 अप्रैल को शुरू हुआ था जो देशभर के छात्रों को प्रेरित कर रहा है। सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो प्रोग्राम 14 से 22 वर्ष की उम्र के युवाओं को वास्तविक जीवन की समस्याओं को पहचानने और डिजाइन थिंकिंग का इस्तेमाल कर तकनीक आधारित समाधान तैयार करने में सक्षम बनाता है।

### टाइटन ने किया कॉकटेल्स का अनावरण

**मुंबई।** टाइटन रागा ने अपना नया कलेक्शन रागा कॉकटेल्स पेश किया है। इस कलेक्शन के प्रचार के लिए अभिनेत्री आलिया भट्ट को चुना गया हे। रागा की विरासत में नया अध्याय, कॉकटेल कलेक्शन पांच शानदार घड़ियां लेकर आया है। यह कलेक्शन सुनहरे, नीले और गुलाबी रंगों में चमकता दिखाई देता है, हर तरफ़ से चमकता और झिलमिलाता हुआ सभी का मन मोह लेता है।

### निप्पॉन ने पेंट प्रोटेक्शन फिल्म का अनावरण किया

**नई दिल्ली।** पेंट कंपनी निप्पॉन पेंट ने पेंट प्रोटेक्शन फिल्म का अनावरण किया। एन-शील्ड ब्रांड के तहत निप्पॉन पेंट का लक्ष्य भारत और दुनियाभर के अन्य बाजारों में पेंट प्रोटेक्शन फिल्म्स और अन्य फिल्मों के लिए इस बाजार का विकास एवं विस्तार करना है। वाहनों के पेंट का संरक्षण इस बाजार की बढ़ती जरूरत है और आज यह बाजार अत्यधिक असंगठित है। निप्पॉन पेंट पिछले 4 वर्षों से अपने फिल्म आधारित उत्पादों के विकास पर काम करती रही है ।

फास्ट चार्जिंग और लाइफटाइम बैटरी वारंटी जैसे फीचर्स

# वरेण्यम मोटर्स में लांच हुई हैरियर ईवी शुरुआती कीमत 21.49 लाख रुपए से

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



फोर व्हीलर ईवी निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने राजधानी स्थित वरेण्यम टाटा मोटर्स के सभी शोरूमों में हैरियर.ईवी लांच किया। इस मौके पर विशेष कार्यक्रम और ग्राहक मिलन समारोह आयोजित किया गया। हैरियर.ईवी का प्रीमियम डिजाइन अत्यंत आकर्षक और गतिशीलता को प्रदर्शित किया ।

गौरतलब है कि कंपनी ने सबसे सुरक्षित और सबसे पावरफुल ऑल-व्हील ड्राइव एसयूवी – हैरियर.ईवी क्युडब्ल्यूडी की शुरुआती एक्स-शोरूम कीमत 28.99 लाख रखी गई है। हैरियर.ईवी में डुअल मोटर टेक्नोलॉजी है, जो फ्रंट में 158 पीएस और बाकी में 238 पीएस की पावर और 504 एनएम का आउटपुट पेश करती है। वरेण्यम मोटर के रीजनल मैनेजर सेल्स विपिन सिंह एवं मैनेजिंग डायरेक्टर विशाल जौहरी ने कार हैरियर.ईवी इलेक्ट्रिक वेरिएंट्स में उपलब्ध शानदार डिजाइन और बेहतरीन फीचर्स के साथ, सुरक्षा और आराम के नए मानकों की सराहना की। उन्होंने कहाकि इस कार की बुकिंग्स शुरू है। उन्होंने बताया कि हैरियर.ईव में 627 किमी की रेंज, 15 मिनट में 250 किमी की रेंज जोड़ने वाला फास्ट चार्जिंग और लाइफटाइम बैटरी वारंटी जैसे फीचर्स भी हैं। इस एसयूवी ने भारत एनसीएपी क्रैश टेस्ट में 5-स्टार रेटिंग हासिल की है, जो ग्राहकों की सुरक्षा को प्रदर्शित करती है।

## सैमसंग की 'बियॉन्ड अवेयरनेस' नामक विशेष रिपोर्ट जारी

**गुरुग्राम।** सैमसंग ने कांटर के साथ मिलकर 'बियॉन्ड अवेयरनेस' नामक एक विशेष रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट बताती है कि कनेक्टेड टीवी विज्ञापन केवल ब्रांड की पहचान को मजबूत नहीं करते, बल्कि उपभोक्ताओं की पसंद और उनकी खरीद की इच्छा को भी प्रभावित करते हैं। यह अध्ययन किसी ओईएम कनेक्टेड टीवी ब्रांड की ओर से अपनी तरह की पहली पहल है, जो मिड-से-लोअर फनल यानी ब्रांड की पसंद से लेकर खरीदारी के इरादे तक के सफर को आंकड़ों के जरिए स्पष्ट करता है। उद्देश्य है कि सीटीवी विज्ञापन किस तरह उपभोक्ताओं के निर्णय लेने की प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं।

## न्यू निसान मैग्नाइट को मिली 5-स्टार रेटिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

निसान मोटर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने नई निसान मैग्नाइट को ग्लोबल न्यू कार एसेसमेंट प्रोग्राम (जीएनसीएपी) द्वारा ओवरऑल सेफ्टी (संपूर्ण सुरक्षा) के मामले में 5-स्टार रेटिंग मिलने की जानकारी दी है।

नई निसान मैग्नाइट को चेन्नई प्लांट में मैन्यूफैक्चर किया जाता है और इसे आरएचडी एवं एलएचडी बाजारों के लिए निसान मोटर इंडिया की 'वन कार, वन वर्ल्ड' रणनीति के तहत 65 से ज्यादा देशों में निर्यात किया जाता है। नई निसान मैग्नाइट (आरएचडी) को भारत एवं दक्षिण अफ्रीका में बेचा जाता है। जीएनसीएपी की तरफ से इसका परीक्षण किया गया और इसे वयस्कों की सुरक्षा के मामले में परफेक्ट 5-स्टार रेटिंग एवं बच्चों की सुरक्षा के मामले में 3-स्टार रेटिंग मिली। साथ ही यात्रियों की संपूर्ण सुरक्षा के लिए इसे 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिली। निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्ट सौरभ वत्स ने कहाकि हमें अपनी मेड इन इंडिया न्यू निसान मैग्नाइट के लिए 5-स्टार सेफ्टी रेटिंग मिलने की खुशी है। सुरक्षा हमारी इंजीनियरिंग के केंद्र में है और ग्राहकों को सुरक्षित, भरोसेमंद, टेक्नोलॉजी के स्तर पर उन्नत एवं सुरक्षित वाहन देने की हमारी प्रतिबद्धता में इसकी झलक दिखती है।

# स्कोप ग्लोबल यूनिवर्सिटी के छात्र ऋषि मोहबे का जर्मनी के इंटर्नशिप प्रोग्राम के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) के बीसीए (आईटी) द्वितीय वर्ष के



छात्र ऋषि मोहबे का चयन जर्मनी में आयोजित समर स्कूल कम इंटर्नशिप प्रोग्राम साइबरसोल के लिए हुआ है।

यह प्रोग्राम इंडो-यूरो सिक्रोनाइजेशन की पहल के तहत प्रदान किया जाता है, जिसका उद्देश्य भारत और यूरोप के छात्रों को उभरते तकनीकी क्षेत्रों, विशेष रूप से साइबर सिक्योरिटी में व्यावहारिक प्रशिक्षण और नवाचार आधारित अनुभव प्रदान करना है। इस अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम के माध्यम से ऋषि मोहबे को साइबर सिक्योरिटी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे तेजी से विकसित हो रहे क्षेत्रों में प्रशिक्षण एवं वास्तविक प्रोजेक्ट्स पर कार्य करने का अवसर मिलेगा। वे इन तकनीकों के व्यावसायिक उपयोग को समझते हुए, वैश्विक स्तर के विशेषज्ञों और मेंटर्स के साथ संवाद व कार्य करेंगे। स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी का उद्योग-समर्थित एवं कौशल-आधारित शिक्षा मॉडल न केवल छात्रों को स्थानीय जरूरतों के लिए तैयार कर रहा है, बल्कि उन्हें अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रतिस्पर्धा के लिए भी सशक्त बना रहा है। यह विश्वविद्यालय के वैश्विक दृष्टिकोण, संकाय की उत्कृष्टता और छात्र-केंद्रित कॅरियर मॉडल की सफलता को रेखांकित करता है। इस अवसर पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी के कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहाकि हमारा उद्देश्य है कि हमारे छात्र वैश्विक मंचों पर भारतीय प्रतिभा और कौशल की मजबूत पहचान स्थापित करें। ऋषि की यह सफलता हमारे स्किल-ओरिएंटेड एवं इंटरनेशनल एक्सपोजर आधारित शिक्षा मॉडल की प्रभावशीलता का प्रमाण है।

# आयकर विभाग की नजर सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स, ट्रेडर्स पर: 5 नए कोड किए शामिल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

आयकर विभाग की नजर सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स, वायदा एवं विकल्प यानी एफएंडओ ट्रेडर्स सहित अन्य लोगों पर है। इन लोगों से टैक्स वसूली के लिए अब विभाग ने बदलाव करते हुए इनकम टैक्स रिटर्न-3 में पांच नए पेशेवर कोड को शामिल किया है। इसका मतलब कि इन लोगों को आईटीआर-3 भरना होगा और इसमें अपनी आय बतानी होगी। आयकर विभाग ने वित्त वर्ष 2024-25 (आकलन वर्ष 2025-26) के लिए आयकर रिटर्न (आईटीआर) यूटिलिटीज के अंतर्गत 16021 नामक नया कोड पेश किया है। यह उन इन्फ्लुएंसर्स के लिए है जो प्रमोशन,




उत्पादों का विज्ञापन या डिजिटल कंटेंट के जरिये कमाई करते हैं। इस कोड को आईटीआर-3 और आईटीआर-4 (सुगम) दोनों में प्रोफेशन कैटेगरी के अंतर्गत देखा जा सकता है। इससे क्रिएटर्स, ऑनलाइन कोच और ब्लॉगर्स के लिए अनुपालन आसान हो जाता है। विशेषज्ञों के अनुसार, अगर कोई इंफ्लुएंसर सेक्शन 44एडीए के तहत अनुमानित कराधान का विकल्प चुन रहा है, तो उसे आईटीआर-4 का उपयोग करना चाहिए।

## बिजनेस न्यूज

### मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शौर्य एवं बलिदान स्मरण समारोह



**भोपाल।** मानसरोवर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस एवं जम्मू कश्मीर स्टडी सेंटर मध्यप्रदेश के संयुक्त तत्वावधान में शौर्य एवं बलिदान स्मरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी में आयोजित इस कार्यक्रम में कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों और घायलों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए उनकी शहादत को सलाम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग के प्रशासनिक सदस्य डॉ. विश्वास कुमार चौहान, मुख्य वक्ता कर्नल नारायण पारवानी और कार्यक्रम संयोजक डॉ. आर.डी. मांडवकर सहित मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. एएस यादव, आयुर्वेद निदेशक डॉ. बाबुल ताम्रकार और रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेंद्र तिवारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। जिसके पश्चात डॉ विश्वास कुमार चौहान द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य और जम्मू कश्मीर अध्ययन केंद्र मध्यप्रदेश द्वारा की जा रही गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत द्वारा आभार किया हुआ( कार्यक्रम में तीनों आयुर्वेद महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकगण एवं लगभग 500 छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

### भाभा यूनिवर्सिटी में मानसून कार्निवल का आयोजन, छात्रों ने दिखाई उद्यमिता की झलक



**भोपाल।** भाभा यूनिवर्सिटी में मानसून कार्निवल का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। इस रंगारंग कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कई छात्रों ने भाग लेते हुए विभिन्न प्रकार के स्टॉल्स लगाए, जिनमें फूड स्टॉल्स, हस्तनिर्मित राखियों के स्टॉल्स, साड़ी एवं आभूषण स्टॉल्स, गेम स्टॉल्स और अन्य विविध स्टॉल्स शामिल थे। इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता कौशल को प्रोत्साहित करना था।इस कार्निवल का शुभारंभ सीईओ प्रसाद पिल्लई जी,कुलपति डॉ. दिलीप कुमार डे, प्रो-वाइस चांसलर एनके अग्रवाल, रजिस्ट्रार डॉ. श्याम पाटकार,ग्रुप डायरेक्टर राष्ट्रीय वैज्ञानिक मनोज शुक्ला, सीएओ विजय पुंज, सीए ज्योति मालवीय , डॉ. भारती, हॉबी क्लब समिति प्रमुख एवं डीन भाभा कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेज डॉ. उन्नति पिताले, स्टूडेंट डीन वेलफेयर डॉ. नमिश मेहता और विश्वविद्यालय के विभिन्न संस्थानों के डीन एवं प्राचार्यों की उपस्थिति में किया गया।

### एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी का राष्ट्रीय वैज्ञानिक सम्मेलन संपन्न

**पुणे।** एमआईटी वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित दूसरा राष्ट्रीय वैज्ञानिक गोलमेज सम्मेलन सचमुच बहुत शानदार रहा। इस सम्मेलन में भारत के 70 से ज़्यादा जाने-माने वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं और विचारकों ने भाग लिया। जिनमें 36 शांति स्वरूप भटनागर और पद्म पुरस्कार विजेता वैज्ञानिक भी शामिल थे। तीन दिनों के इस सम्मेलन ने अलग-अलग क्षेत्रों के विशेषज्ञों के बीच आपसी सहयोग, विचारों के आदान-प्रदान और नीतियां बनाने के बारे में बातचीत के लिए एक बेहतरीन माहौल तैयार किया। इस साल का सम्मेलन बड़े पैमाने पर बदलाव लाने वाले चार अहम विषयों: यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, एडवांस्ड मैटेरियल्स एवं प्रोसेसिंग, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन एवं सस्टेनेबिलिटी, तथा हेल्थकेयर, फार्मा व बायोटेक्नोलॉजी पर केंद्रित था। इनमें से हर विषय भारत के विकास से संबंधित अरमानों के साथ गहराई से जुड़ा हुआ था।

### बीएसएनएल की महिला कल्याण संगठन ने तीज उत्सव आयोजित



**भोपाल।** बीएसएनएल मध्यप्रदेश के दूरसंचार महिला कल्याण संगठन द्वारावार्षिक जनरल मीटिंग एवं पारंपरिक तीज उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ और संगठन की गतिविधियों को सशक्त रूप देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ। इस अवसर पर नई कार्यकारी समिति का औपचारिक परिचय भी कराया गया। पदाधिकारियों ने संगठन की भावी योजनाओं और महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी।कार्यक्रम में संगठन की सदस्यों ने गीत-संगीत, नृत्य, और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ देकर सभी का मन मोह लिया। वहीं मनोरंजक खेलों और प्रतियोगिताओं ने माहौल को और भी उत्सवमय बना दिया।

### बावड़िया कलां में थिंक गैस की आपूर्ति बहाल

**भोपाल।** राजधानी में प्राकृतिक गैस की आपूर्ति करने वाली एमडीपीई पाइपलाइनों के क्षतिग्रस्त होने की दो घटनाएं एक बावड़िया कलां स्थित पुष्पांजलि अस्पताल के पास और दूसरी अयोध्या बाईपास पर टनाटन ढाबे के पास श्रीराम परिसर के पास सामने आईं। घटनास्थल पर पहुँचने पर थिंक गैस की टीमों ने पाया कि ये क्षति क्रमशः संपत्ति के मालिक द्वारा मकान निर्माण के लिए जेसीबी से की जा रही खुदाई और सोसाइटी द्वारा पानी की लाइन की मरम्मत के दौरान हुई थी। थिंक गैस की टीम ने तुरंत कार्रवाई की और क्षतिग्रस्त पाइपलाइनों को ठीक करके आपूर्ति बहाल कर दी। अगर इस उत्खनन की सूचना थिंक गैस को दी जाती, तो ये घटनाएं टल सकती थीं। इस तरह के नुकसान से न केवल ग्राहकों को गैस की आपूर्ति बाधित हुई है, बल्कि जान-माल का भी खतरा होता है। गैसीकृत पाइपलाइन के पास उत्खनन से सख्ती से बचना चाहिए। किसी भी उत्खनन की सूचना थिंक गैस को दी जानी चाहिए।

### व्यापारियों ने किया कांवड़ यात्रा का स्वागत



**भोपाल।** राजधानी के 10 नंबर मार्केट व्यापारी संघ के पदाधिकारियों और यहां के व्यापारियों ने श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज द्वारा आयोजित भव्य कांवड़ यात्रा पर पुष्पवर्षा कर, फल और शर्बत ठंडाई का सेवन कराते हुए स्वागत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष रामचंद्र पाटीदार, महासिचव हरीश चोइथानी, अमृत गहलोत उपाध्यक्ष, ऐहफाज भाई कोषाध्यक्ष, अर्जुन सिंगरौली पटेल,,बंटी सराठे, पवन सराठे, इंदर तलरेजा, मोनू राठौड़, जगदीश यादव, देवेंद्र,बाहुबली सहित मार्केट के समस्त व्यापारी उपस्थित रहे।

### इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज़ ने दूसरा प्रोडक्शन यूनिट स्थापित कर क्षमता विस्तार की घोषणा की

**नई दिल्ली।** इंटीग्रेटेड इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 और वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के लिए मजबूत परिणामों की घोषणा की है और कंपनी के व्यापार प्रदर्शन पर अपडेट प्रदान किया है। वित्त वर्ष 2025 (संविलयन) के लिए, कंपनी ने कुल आय 769.35 करोड़ दर्ज की, जो साल दर साल 132.25 फीसदी की वृद्धि है। एबिटा 72.28 करोड़ रुपए रहा, जिसमें 145.52फीसदी की वार्षिक वृद्धि देखी गई। नेट प्रॉफिट 67.82 करोड़ रहा, जो 171.93 फीसदी की सालाना वृद्धि को दर्शाता है। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी की कुल आय 242.64 करोड़ रही, जो वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में 199.37 करोड़ के मुकाबले 21.70 फीसदी की वृद्धि है। कंपनी के अनुसार सिकंदराबाद, उत्तर प्रदेश में एक दूसरा उत्पादन इकाई स्थापित करके अपनी बिस्कुट निर्माण क्षमता का विस्तार कर रहे हैं। यह निर्णय हमारी दीर्घकालिक रणनीति के अनुरूप है।

# प्रधानमंत्री की भारत-ब्रिटेन यात्रा 'मेक इन इंडिया' के लिए नए युग का प्रतीकः टीवीएस मोटर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



टीवीएस मोटर कंपनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ब्रिटेन की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। इस बड़े समझौते से 2030 तक दोनों देशों के बीच व्यापार 60 अरब डॉलर से दोगुना होकर 120 अरब डॉलर होने की उम्मीद है और यह प्रधानमंत्री के 'विकसित भारत' के सपने को साकार करने में एक बड़ा कदम है। टीवीएस मोटर कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर, मिस्टर सुदर्शन वेणु ने कहाकि हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने और भारत को एक ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग और डिज़ाइन पावरहाउस बनाने की उनकी अटूट प्रतिबद्धता से बहुत प्रेरित हैं। इस साल नॉरटन के नए व्हीकल्स लांच होने के कारण हम खासकर उत्साहित हैं, जिन्हें भारत और ब्रिटेन के बीच मजबूत व्यापारिक संबंधों से फायदा होगा। टीवीएस मोटर का मानना है कि भारत-ब्रिटेन एफटीए भारतीय कंपनियों के लिए अपनी ग्लोबल पहुंच बढ़ाने के साथ-साथ देश की इनोवेशन और इंजीनियरिंग एक्सीलेंस को एक बड़े प्लेटफॉर्म पर दिखाने के जबरदस्त मौके बनाएगा।


**न्यायालय तहसीलदार, वृत्त-3, तहसील-हुजूर, जिला भोपाल,**

प्रकरण क्रमांक-1906/अ-6/2025-26 मौजा फन्दा कलां तहसील हुजूर, भोपाल

::: उद्घोषणा पत्र ::

आवेदिका श्रीमती रानी फरेला पत्नि स्व० राकेश फरेला निवासी फरेला कालोनी बड़ी ग्वालटोली गंज सीहोर जिला सीहोर म०प्र०भू०राजस्व. संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर ग्राम फन्दा कलां प०ह०न० स्थित भूमि खसरा क्रमांक 515 रकबा 0.093 हे० भूमि जो राजस्व अभिलेखों मे स्व० राकेश कुमार फरेला पुत्र हुकुम सिंह फरेला के नाम से दर्ज है। जिनकी मृत्यु दिनांक 13/05/2025 को हो चुकी है। जिस आधार पर फौतीनामांतरण किये जाने का अनुरोध किया है।

2- उक्त संबंध में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकता है। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा । प्रकरण में आगामी कार्यवाही हेतु दिनांक 04.08.2025 नियत है ।

उक्त उद्घोषणा मेरे द्वारा न्यायालय की पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 23.07.2025 को जारी किया गया।

तहसीलदार
तहसील हुजूर भीपाल तहसील- हुजूर



**खंड-क**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्यप्रदेश शासन**
**कार्यालय - उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल, जिला - बैतूल, मध्यप्रदेश**

ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 4926/ई-टेंडरिंग / 2025-26 दिनांक 25/07/2025

1. वनमंडलाधिकारी, उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल द्वारा म.प्र. भंडार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | सामग्री का विवरण | स्पेसिफिकेशन | सत्यांकार निधि | निविदा दस्तावेजो का मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1. | विद्युत सामग्री | सब आईटम वार निविदा के साथ संलग्न बी.ओ.क्यू. अनुसार | 9000/- | 500/- |

1. निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते है।
2. इच्छुक निविदाकार क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/कैश कार्ड/इंटरनेट बैकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर दिनांक 30.07.2025 शाम 05:00 बजे से निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय तक केवल ऑनलाईन खरीद सकते है।
3. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लेखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होगी।
4. ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धिपत्र / परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
5. ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टलः https://www.mptenders.gov.in/

वनमंडलाधिकारी
(उत्तर बैतूल (सा.) वनमंडल

जी - 16363/25 स्वच्छता ही सेवा

## चिंतन

# इजराइल का फैसला मानवता के हित में

आखिरकार संयुक्त राष्ट्र के दबाव में इजरायल ने गाजा पट्टी के तीन घनी आबादी वाले वाले क्षेत्रों में प्रतिदिन 10 घंटे के लिए लड़ाई रोकने का ऐलान किया है। मानवीय सहायता की दिशा में यह अहम कदम है। इजरायल ने यह कदम इस क्षेत्र में बढ़ती भुखमरी की चिंताओं को देखते हुए उठाया है। भारत, यूएन, अमेरिका, चीन आदि देश इजरायल से शांति की अपील लगातार कर रहे हैं। लेकिन इजरायल का प्रण वैश्विक आतंकी गुट हमास के खात्मे तक सैन्य एक्शन जारी रखने का है। पिछले 21 महीने से इजरायल की सेना गाजा पट्टी में हमास के खिलाफ जंग लड़ रही है। इस दौरान गाजा के हालात बद से बदतर होते गए हैं। हमास के आतंकी कुकृत्य के अंजाम गाजापट्टी के निर्दोष नागरिक व बच्चे भुगत रहे हैं। इजरायल की एक ही मांग है कि यदि हमास आत्मसमर्पण कर दे और क्षेत्र को छोड़ दे, तो वह युद्ध समाप्त करने के लिए तैयार है। हमास ने हजरायल के इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। साफ है कि जंग रुकने के आसार निकट भविष्य में नहीं हैं। ऐसे में गाजापट्टी में आमलोगों के हालात खराब ही होते जा रहे हैं। जंग जारी रखने के चलते इजरायल को अंतरराष्ट्रीय आलोचना का सामना भी करना पड़ रहा है, हालांकि इजरायली सेना का तर्क है कि वह अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहा है। ग्लोबल आतंकी गुट हमास ने इजरायल में 7 अक्टूबर 2023 को पिकनिक मना रहे निहत्थे व बेकसूर लोगों पर हमला कर दिया था, जिसमें करीब 1200 लोग शिकार हुए थे। उसके बाद से इजरायल व हमास के बीच लड़ाई जारी है, जिसमें करीब 15 हजार से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। खाद्य विशेषज्ञ महीनों से गाजा में भुखमरी के खतरे की चेतावनी दे रहे हैं क्योंकि इजराइल ने सहायता पर रोक लगा दी थी। हाल के दिनों में गाजा से कमजोर बच्चों की तस्वीरें सामने आई थीं, जिसके बाद इजरायल की वैश्विक आलोचना तेज हो गई। अब इजरायल की सेना के मुताबिक, वह गाजा में सहायता पहुंचाने के लिए सुरक्षित मार्ग बनाएगीजिसमें आटा, चीनी और डिब्बाबंद खाद्य सामग्री शामिल है। गाजा युद्ध से उत्पन्न मानवीय त्रासदी को झेल रहा है। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने सहायता प्रतिबंधों में ढील देने के इजरायली कदमों का स्वागत किया है, लेकिन कहा कि गाजा में जरूरतमंद सभी लोगों तक सामान पहुंचाने के लिए व्यापक युद्धविराम की आवश्यकता है। इजराइल ने स्पष्ट किया है कि वह इन तीन क्षेत्रों को छोड़कर अन्य इलाकों में हमास के खिलाफ अपना अभियान जारी रखे हुए है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, 9 लाख बच्चे भूखे हैं और 70 हजार से ज्यादा बच्चे पहले से ही कुपोषण के लक्षण दिखा रहे हैं। गाजा में 127 लोग भुखमरी और कुपोषण के कारण मर चुके हैं। बहुत से बच्चे भूख से बिलख रहे हैं, महिलाएं अपनी आंखों के सामने बच्चे को मरते देखने के लिए मजबूर हैं, तो आतंकी गुट हमास के आकाओं से पूछा जाना चाहिए कि गाजा के लोगों को इस हालात में किसलिए और क्यों पहुंचाया? इजरायल के बेकसूरों को मौत के घाट क्यों उतारा? क्या सांस्कृतिक विचारधारा और कट्टर धार्मिकता का युद्ध आम आदमी की हत्या कर लड़ा जाएगा? इजरायल की लड़ाई हमास से है, इसलिए उसे गाजा के आम नागरिकों को जरा भी क्षति नहीं पहुंचानी चाहिए। हमास, हिज्बुल्ला, अलकायदा, इस्लामिक स्टेट, अल शबाब, हूती, लश्कर, जैश, टीटीपी, तालिबान जैसे आतंकी गुटों को कट्टरता, रसद, धन और हथियार देने वाले मानवता के इनसे बड़े दुश्मन हैं। भारत गाजा में शांति का पक्षधर है।



युद्ध
राजेश जैन

कंबोडिया और थाईलैंड खतरनाक सीमा संघर्ष में उलझ गए हैं। अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। इस बार भी विवाद की जड़ वही पुरानी है, प्रीह विहेयर मंदिर। हजारों साल पुराना यह मंदिर खमेर साम्राज्य की धरोहर है, लेकिन इस पर मालिकाना दावा थाईलैंड और कंबोडिया दोनों करते हैं। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इसे कंबोडिया का हिस्सा माना था, पर थाईलैंड ने यह फैसला पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। इस तनाव को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका अहम हो सकती है। अगर चीन इस संघर्ष में 'शांति-निर्माता' बनकर उभरता है, तो वह दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिका की साख को और कमजोर करेगा और भारत की रणनीतिक स्थिति पर भी असर डालेगा।

# थाईलैंड-कंबोडिया का संघर्ष खत्म हो

दक्षिण-पूर्व एशिया एक बार फिर अशांत है। कंबोडिया और थाईलैंड खतरनाक सीमा संघर्ष में उलझ गए हैं। अब तक 27 लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों को अपने घर छोड़ने पड़े हैं। इस बार भी विवाद की जड़ वही पुरानी है, प्रीह विहेयर मंदिर। हजारों साल पुराना यह मंदिर खमेर साम्राज्य की धरोहर है, लेकिन इस पर मालिकाना दावा थाईलैंड और कंबोडिया दोनों करते हैं। 1962 में अंतरराष्ट्रीय न्यायालय ने इसे कंबोडिया का हिस्सा माना था, पर थाईलैंड ने यह फैसला पूरी तरह स्वीकार नहीं किया। वैसे भी 817 किलोमीटर लंबी थाई-कंबोडिया सीमा पर दशकों से विवाद चला आ रहा है। इसकी जड़ें फ्रांसीसी औपनिवेशिक काल के नक्शों में हैं। 1907 में बने नक्शों को थाईलैंड अब भी विवादित मानता है। कंबोडिया का कहना है कि प्रीह विहेयर और ता मुएन थोम जैसे ऐतिहासिक मंदिर उसके क्षेत्र में आते हैं, वहीं थाईलैंड इन्हें अपनी सांस्कृतिक विरासत मानता है। 2008 से 2011 के बीच इसी विवाद पर हुई झड़पों में 34 लोगों की मौत हो गई थी। 2025 की चिंगारी तब भड़की जब एक कंबोडियाई सैनिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। 24 जुलाई को हालात और बिगड़ गए जब ता मुएन थोम मंदिर के पास भारी गोलीबारी और हवाई हमले हुए। अब, जब व्यक्तिगत कटुता, राजनीतिक अस्थिरता और ऐतिहासिक विवाद आपस में गुत्थमगुत्था हो चुके हैं, दक्षिण-पूर्व एशिया के लिए एक और गंभीर संकट खड़ा हो गया है।

यह सैन्य लड़ाई दो राजवंशों के बीच की अदावत का विस्तार भी है। यह सीमा विवाद से लेकर दो राजवंशों के बीच की रंजिश की लड़ाई है। जुलाई की पहली तारीख को थाईलैंड की प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न शिनावात्रा को कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन को टेलीफोन किया था। इस दौरान तत्करलीन प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न ने कंबोडियाई नेता को 'अंकल' कहकर संबोधित किया था। उस टेलीफोन कॉल की ऑडियो रिकॉर्डिंग को हुन सेन ने फेसबुक पर पोस्ट कर दिया, जिसमें पैतोंगतार्न उन्हें अंकल कहकर संबोधित कर रहीं थी और उनके बातचीत के अंदाज से ऐसा लग रहा था कि वो बातचीत को भावनात्मक बनाकर विवाद सुलझाना चाहती थीं। इस दौरान उन्होंने थाईलैंड सेना को भी नजरअंदाज किया, लेकिन ऑडियो फेसबुक पर आते ही बवाल मच गया। प्रधानमंत्री पैतोंगतार्न को इस्तीफा देना पड़ा और उनके पिता थाकसिन शिनवात्रा ने सार्वजनिक तौर पर कंबोडियाई नेता हुन सेन से संबंध तोड़ने का ऐलान कर दिया। थाकसिन और हुन सेन, अपने-अपने देश के दिग्गज नेता रहे हैं और उनके बच्चे भी एक ही साल के अंतराल में देश की सत्ता में पहुंच गये। एक वक्त था जब थाईलैंड के थाकसिन और कंबोडिया के हुन सेन की दोस्ती काफी मशहूर थी। माना जाता था कि दोनों देशों के बीच विवाद के बावजूद दोनों की दोस्ती की वजह से लड़ाई नहीं होगी और क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बनी रहेगी।लेकिन ऑडियो लीक होने के बाद सबकुछ बदल गया। दोनों नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर एक दूसरे के खिलाफ जहर उगले। थाकसिन ने कहा कि वो थाईलैंड सेना को हुन सेन को सबक सिखाने का मौका देना चाहते हैं। जिसपर हुन सेन ने उनके बयान को 'युद्ध की आग भड़काने' वाला बताया। हुन सेन, थाईलैंड की राजनीति में चल रही अस्थिरता का लाभ उठाकर अपने बेटे और



वर्तमान प्रधानमंत्री हुन मानेट की राष्ट्रवादी छवि को मजबूत करना चाहते हैं। वहीं थाकसिन के खिलाफ राजद्रोह का मामला चल रहा है, जिसने उनकी राजनीतिक पकड़ को कमजोर कर दिया है। उनका 2023 में स्वदेश लौटना और मिलिटरी-रॉयल गठजोड़ से समझौता करना भी उनके पारंपरिक समर्थकों में नाराजगी की वजह बना है।थाईलैंड के पूर्व विदेश मंत्री कासित पिरोम्या ने न्यूयॉर्क टाइम्स की एक रिपोर्ट में कहा कि दोनों परिवारों की आकांक्षाएं और धन-संपत्ति का सपना साकार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हुन सेन शायद इसे थाकसिन की नाकामी मानते थे। हुन सेन अपने देश पर पूर्ण नियंत्रण रखते थे और वे अपने वादे को पूरा कर सकते थे, लेकिन थाकसिन पिछले 20 वर्षों से थाई समाज पर अपनी चमक और नियंत्रण खोते जा रहे हैं। इसके अलावा थाकसिन ने हाल ही में कंबोडिया की सीमा से सटे इलाकों में कैसीनो और ऑनलाइन स्कैम हब्स के खिलाफ कार्रवाई की चेतावनी दी थी और खुद एक ऐसे इंटरटेनमेंट कॉम्प्लेक्स की योजना की बात की, जो कंबोडियाई कैसीनो उद्योग को चुनौती दे सकता था। यह कदम हुन सेन के लिए सीधा आर्थिक और रणनीतिक खतरा बन गया, जिससे तनाव और गहरा गया। फिलहाल थाईलैंड ने सीमाएं सील कर दी हैं और कंबोडिया ने भी थाईलैंड से आने वाले आयात जैसे फल, सब्जियां, गैस और फिल्मों पर रोक लगा दी है। कंबोडिया पहले से ही चीन के प्रभाव में है। पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन और वर्तमान प्रधानमंत्री हुन मानेट दोनों को चीन का भरोसेमंद साथी माना जाता है। यही वजह है कि चीन इस पूरे घटनाक्रम में शांत तो है, पर उसकी मौजूदगी हर स्तर पर महसूस की जा सकती है। दक्षिण कंबोडिया में चीन द्वारा विकसित किया गया रीम नौसैनिक अड्डा अमेरिका और भारत जैसे देशों के लिए चिंता का विषय है। माना जाता है कि ऐसे ठिकाने दक्षिण चीन सागर से लेकर हिंद महासागर तक चीन की सामरिक पहुंच बढ़ा सकते हैं। थाईलैंड लंबे समय से अमेरिका का रणनीतिक साझेदार रहा है और कोबरा गोल्ड जैसे संयुक्त सैन्य अभ्यासों में अमेरिका के साथ बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। लेकिन बीते वर्षों में चीन से उसके आर्थिक और सैन्य रिश्ते भी गहरे हुए हैं। अगर चीन इस टकराव में मध्यस्थ बनता है, तो वह अमेरिका के प्रभाव को तो काफी हद तक कम कर ही सकता है, साथ ही दोनों देशों के साथ व्यापार और निवेश को भी अपनी शर्तों पर आगे बढ़ा सकता है। भारत के लिए यह संघर्ष कई वजहों से चिंता का कारण है। थाईलैंड 'एक्ट ईस्ट पॉलिसी' का मुख्य प्रवेश द्वार है, जबकि कंबोडिया 'मेकोंग-गंगा सहयोग' में एक अहम साझेदार। भारत ने दोनों देशों में डिजिटल कनेक्टिविटी, सांस्कृतिक परियोजनाओं और रणनीतिक संवादों पर काम किया है। लेकिन अगर दोनों देशों के बीच यह तनाव लंबा चलता है, तो भारत की कूटनीतिक स्थिति अस्थिर हो सकती है। भारत को संतुलन साधना होगा और दोनों पक्षों से संबंध बनाए रखते हुए अपने हितों की रक्षा करनी होगी। भारत को चाहिए कि वह आसियान के साथ संवाद और सहयोग को और मजबूत करे। क्षेत्रीय मंचों का उपयोग करके सामूहिक सुरक्षा व्यवस्था पर संवाद बढ़ाना भारत की प्राथमिकता होनी चाहिए। कंबोडिया ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से आपात बैठक की मांग की है और मामला फिर से अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में ले जाने की तैयारी कर रहा है। लेकिन थाईलैंड ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय के अधिकार को नकारते हुए सिर्फ द्विपक्षीय बातचीत पर जोर दिया है। इसके लिए उसने पहले युद्धविराम की शर्त रखी है। इस तनाव को सुलझाने के लिए अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता की भूमिका अहम हो सकती है। अगर चीन इस संघर्ष में 'शांति-निर्माता' बनकर उभरता है, तो वह दक्षिण-पूर्व एशिया में अमेरिका की साख को और कमजोर करेगा और भारत की रणनीतिक स्थिति पर भी असर डालेगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

## सामूहिक आत्महत्याएं
मानसी द्विवेदी



# परिवार नहीं टूटेंगे... और लोग अकेले नहीं होंगे, तभी रुकेगा यह सिलसिला

हाल के वर्षों में भारत में सामूहिक आत्महत्या, विशेषकर एक ही परिवार के कई सदस्यों द्वारा एक साथ जीवन समाप्त कर लेने की घटनाएं चिंताजनक रूप से बढ़ी हैं। हाल ही में अहमदाबाद के एक रिक्शा चालक विपुल वाघेला और उसके परिवार की सामूहिक आत्महत्या की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया। साल 2000 से 2025 के बीच इस प्रकार की घटनाएं न सिर्फ महानगरों में, बल्कि छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों तक फैल चुकी हैं। अहमदाबाद, दिल्ली, हरियाणा, देवास, सागर, भोपाल जैसे शहरों में परिवारों द्वारा सामूहिक आत्महत्या के कई दर्दनाक मामले सामने आए हैं, जिनसे समाज, सरकार और मनोवैज्ञानिक विशेषज्ञों के बीच गंभीर चिंता पैदा हुई है। इन घटनाओं के पीछे सबसे प्रमुख कारण आर्थिक है। कर्ज, बेरोज़गारी, महंगाई और आर्थिक असुरक्षा ने विशेषकर मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग को बुरी तरह प्रभावित किया है। 2023 में अहमदाबाद के एक व्यापारी परिवार ने व्यापार में भारी घाटे और बैंक कर्ज के कारण सामूहिक आत्महत्या कर ली। 2022 में भोपाल में एक परिवार ने पिता की नौकरी छूटने और ऋण के बोझ से परेशान होकर जीवन समाप्त कर लिया। यह घटनाएं दर्शाती हैं कि जब व्यक्ति अपने परिवार की जिम्मेदारियों को अकेले उठाता है, तो आर्थिक संकट उसका आत्मविश्वास और जीने की इच्छा तक खत्म कर देता है। भारत में मानसिक स्वास्थ्य आज भी एक उपेक्षित विषय है।



अवसाद, चिंता, जैसी मानसिक समस्याओं को कमजोरी समझा जाता है। 2019 में जयपुर में एक पूरे परिवार ने आत्महत्या की, जिसमें माता-पिता और बेटियों सहित 6 लोग थे। जांच में पाया गया कि परिवार आर्थिक तंगी और मानसिक अवसाद से जूझ रहा था। कई बार एक मानसिक रूप से अस्वस्थ सदस्य अपने परिवार को आत्महत्या के लिए तैयार कर लेता है। जब मानसिक रोग का इलाज नहीं होता और परिवार में संवाद की कमी होती है, तब यह स्थिति विकराल रूप ले लेती है। भारतीय समाज में सामाजिक बदनामी का डर जैसे कि बेटियों की शादी की चिंता, कानूनी विवाद, और आर्थिक विफलता जैसे दबाव भी आत्महत्या को जन्म देते हैं। कुछ घटनाओं में अंधविश्वास और मोक्ष की ग़लत व्याख्या भी सामूहिक आत्महत्या का कारण बनी है।

बुराड़ी कांड इसका सबसे भयावह उदाहरण है, जहां 11 लोगों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली। उनके घर से मिली डायरी में लिखा था कि मोक्ष पाने के लिए यह ज़रूरी है। इस घटना पर आधारित नेटफ्लिक्स की डॉक्यूमेंट्री द हाउस ऑफ सीक्रेट्स इस विषय को गहराई से समझाती है कि कैसे अंधविश्वास और मानसिक रोग मिलकर पूरे परिवार को मौत की ओर धकेल सकते हैं। दक्षिण भारत में भी कुछ मामलों में धार्मिक गुरुओं के कहने पर परिवारों ने आत्महत्या की। ये घटनाएं दिखाती हैं कि धर्म और अंधश्रद्धा के नाम पर कई बार जानें जाती हैं। 1990 के पहले इस प्रकार की घटनाएं दुर्लभ थीं। इसका एक कारण था संयुक्त परिवार प्रणाली। परिवार में कई पीढ़ियां साथ रहती थीं, भावनात्मक और आर्थिक सहारा मौजूद था। उदारीकरण के बाद आया उपभोक्तावाद, प्रतिस्पर्धा, और सामाजिक असमानता ने तनाव को बढ़ाया। पड़ोसी, रिश्तेदार, पंचायत, और बिरादरी की भूमिका घट गई। अब लोग अकेले होते जा रहे हैं और यही अकेलापन कई बार जीवन को असह्य बना देता है। सामूहिक आत्महत्या कोई व्यक्तिगत निर्णय नहीं, बल्कि एक सामाजिक, मानसिक और आर्थिक संकट का परिणाम है। समाज को अब गंभीरता से मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों, आर्थिक न्याय, और सामाजिक सहारे के तंत्र पर ध्यान देना होगा। हमें इंसान के जीवन को मूल्यवान समझना होगा कि यह जीवन एक अवसर है, संघर्ष की बजाए सहयोग और संवेदना को अपनाने का। आत्महत्या कभी समाधान नहीं हो सकती। जीवन में अंधेरा चाहे जितना भी गहरा हो, उम्मीद की एक रोशनी जरूर होती है । जरूरत है उसे देखने और थामने की।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## अच्छा काम करने आलस छोड़कर तुरंत करें



संकलित
## दर्शन

शिव का अर्थ है- भोलापन। दुनिया में भोलापन उदय हो जाए, इसका उपाय है- 'शिव सूत्र'। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं; जैसे- आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। 'तेन विना तृणमपि न चलति' उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा। लेकिन, ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। जब भगवान भोजन कराएंगे, तब करेंगे। जब भगवान सिनेमा दिखाएंगे, तब देखेंगे। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। ऐसे लोगों को 'अनुकूल सिंधु' कहते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए।

## भगवान या भाग्य को दोष नहीं देना चाहिए



संकलित
## प्रेरणा

एक बूढ़ी महिला गौतम बुद्ध के पास पहुंची। उस महिला की बुद्ध के लिए गहरी आस्था थी। दरअसल, उस महिला के बेटे की मृत्यु हो गई थी। महिला बहुत दुखी थी और उसने बुद्ध से कहा कि आप मेरे बच्चे को जीवित कर दीजिए। महिला को लग रहा था कि बुद्ध उसके बेटे का जीवन बचा सकते हैं। बुद्ध ने महिला की बात सुनी और कुछ देर सोचने के बाद उन्होंने कहा कि ठीक है, मैं ऐसा कर दूंगा, लेकिन तुम्हें किसी ऐसे घर से मुट्ठी भर सरसों के दाने लेकर आना है, जहां कभी किसी की मौत न हुई हो। जिस परिवार ने किसी की मृत्यु का दुख नहीं देखा है, वहां से सरसों ले आओ। महिला ने सोचा कि ये तो छोटा सा काम है। बूढ़ी महिला गांव की ओर चल दी और एक-एक घर में जाकर पूछने लगी। महिला जिस घर में जाती, वहां कहती कि अगर आपके घर में कभी किसी की मृत्यु न हुई हो तो एक मुट्ठी सरसों के दाने दे दीजिए। गांव के सभी लोगों का यही जवाब रहता था कि हमारे घर में मृत्यु तो हुई है। कुछ लोगों की बढ़ी उम्र में हुई है तो किसी की असमय हुई। जब सभी घरों से ऐसे ही उत्तर मिल रहे थे तो महिला समझ गई कि बुद्ध ने मुझे जरूर कुछ सोचकर ही भेजा है। जब वह लौटकर बुद्ध के पास पहुंची, तब तक वह जान चुकी थी कि एक दिन मौत सबको आनी है। उसका शोक लंबे समय तक नहीं मनाना चाहिए।

## मां से बड़ा न कोय....



रांची। रांची में धान की खेती के लिए खेत में जुताई शुरू होने से पहले एक खेतिहर मजदूर अपने बच्चे को पीठ पर बांधे कीचड़ भरे पानी में जेली फिश ढूंढ रही है।

## आज की पाती

### बेईमानी का धन

आज भौतिकवादी और आधुनिक युग में कुछ लोगों को धन की इतनी भूख बढ़ रही है कि वो इसे पाने के लिए किसी भी हद तक गिर रहे हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती जी ने कहा है कि, धन एक वस्तु है जो ईमानदारी और न्याय से कमाई जाती है, और इसका विपरीत है अधर्म का खजाना। लेकिन आज बहुत से लोग अमीर बनने के चक्कर में बेईमानी, हेराफेरी, अनैतिकता की राह पर चल पड़ते हैं। ऐसे लोग यह भूल जाते हैं कि गलत तरीकों से कमाई धन-दौलत ज्यादा दिन सुख नहीं दे सकती। कहते हैं कि जैसा खाओ अन्न वैसा हो मन। अगर हम बेईमानी कि कमाई से अन्न खरीद कर खाएंगे या अपने परिवार को खिलाएंगे तो क्या वो अन्न हमारे या हमारे परिवार के लिए उचित भोजन होगा? शायद नहीं। पाप की कमाई से अगर बच्चों का पालन-पोषण किया जाए तो इससे बच्चे पथभ्रष्ट ही होंगे। *- प्रखर जैन, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

### इजराइल ने जहाज से गाजा जा रही राहत सामग्री रोकी

इजराइली सेना ने फलस्तीनी क्षेत्र की नाकेबंदी तोड़ने की कोशिश कर गाजा जाने वाले एक राहत सहायता जहाज को रोक लिया तथा 21 अंतरराष्ट्रीय कार्यकर्ताओं और पत्रकारों को हिरासत में ले लिया।



फलस्तीन समर्थक समूह 'फ्रीडम फ्लोटिला कोलेशन' ने रविवार को यह जानकारी दी। समूह ने बताया कि इसके अलावा, इजराइली सेना ने जहाज पर लदे शिशु उपयोग के लिए दूध, खाद्य सामग्री और दवा सहित सभी माल जब्त कर लिए। जहाज 'हंडाला' का संचालन करने वाले समूह ने कहा कि इजराइली सेना ने शनिवार आधी रात से ठीक पहले गाजा से लगभग 40 समुद्री मील दूर अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में जहाज को बल प्रयोग कर रोका' और इसके संचार नेटवर्क को काट दिया। समूह ने एक बयान में कहा, 'जहाज पर लदा पूरा माल गैर-सैन्य उपयोग के लिए था तथा यह इजराइल की अवैध नाकेबंदी के कारण भुखमरी और चिकित्सा संकट से जूझ रही आबादी को सीधे वितरित करने के लिए था।' इस सिलसिले में इजराइली सेना ने अभी कोई टिप्पणी नहीं की है।इजराइल के विदेश मंत्रालय ने रविवार तड़के 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि नौसेना ने जहाज को रोक लिया और उसे तट पर ला रही है।

## ऑफ बीट

### क्या वजन से स्वास्थ्य का आकलन हो सकता है

हमें पढ़ाया गया है कि दुबलेपन का सेहत से और अधिक वजन का बीमारी से संबंध होता है। लेकिन विज्ञान एक ज़्यादा बारीक कहानी कहता है-जहां वजन



एक कहीं ज़्यादा जटिल तस्वीर में सिर्फ एक आंकड़ा भर है। तो अगर अकेले वजन ही यह नहीं दर्शाता कि हम कितने स्वस्थ हैं, तो और क्या दर्शाता है? शरीर का वजन स्वास्थ्य के सबसे ज्यादा मापे जाने वाले पैमानों में से एक है। समाज इस पर बहुत जोर देता है और किसी व्यक्ति के वजन की आलोचना को अक्सर स्वास्थ्य संबंधी चिंता के रूप में देखा जाता है। तो वजन असल में कितनी सार्थक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करता है? सीधे शब्दों में कहें तो, व्यक्ति का वजन शरीर द्वारा ग्रहण की जा रही कैलोरी पर निर्भर करता है। समय के साथ वजन में बदलाव कैलोरी की खपत की ओर इशारा कर सकता है। अगर उनका वजन बढ़ रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी जला रहे हैं, उससे ज़्यादा सेवन कर रहे हैं। वहीं, अगर उनका वजन घट रहा है, तो इसका मतलब यह है कि वे जितनी कैलोरी ले रहे हैं, उससे ज़्यादा जला रहे हैं। शायद यह समझना ज़्यादा उपयोगी होगा कि वजन हमें स्वास्थ्य संबंधी कौन-सी जानकारी नहीं देता।

## ट्रेंड

### पुण्यतिथि पर नमन



भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक, भारत रत्न, 'मिसाइल मैन' डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। भारत को परमाणु सम्पन्न बनाने में उनका अतुलनीय योगदान अविस्मरणीय है।
-जेपी नड्डा, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

### जनहानि अत्यंत दुखद



हरिद्वार स्थित श्री मनसा देवी मंदिर मार्ग में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में हुई जनहानि अत्यंत दुखद एवं हृदय विदारक है। मां मनसा देवी से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को सद्गति, शोकाकुल परिजनों को यह अथाह दु:ख सहन करने की शक्ति एवं घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। ॐ शांति।
- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

### हार्दिक बधाई



पेरिस, फ्रांस में आयोजित 55वें अंतरराष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड 2025 में इंदौर के रिद्धेश बेंडाले एवं जबलपुर के स्नेहिल झा को स्वर्ण पदक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई। दोनों की यह सफलता मध्यप्रदेश को गौरवान्वित करने वाली है।
- डा. मोहन यादव, सीएम, मप्र

### हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे



दिल्ली की झुग्गियों में रहने वाले सैकड़ों गरीब परिवार के छोटे-छोटे घरों को भाजपा सरकार ने बेरहमी से उजाड़ दिया। हम इन उजाड़े गए परिवारों के साथ मजबूती से खड़े हैं और हम हर मोर्चे पर लड़ेंगे।
- राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।



'मन की बात' में पीएम मोदी के उद्गार

# हमारी लोकपरंपराओं में समाज को दिशा देने की ताकत, किले स्वाभिमान के प्रतीक

## प्रधानमंत्री ने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 124वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ समय में पूरा देश, खेल, विज्ञान और संस्कृति को लेकर बहुत कुछ ऐसा हुआ है, जिस पर हर भारतीय को गर्व है। पीएम ने कहा कि 'यूनेस्को ने 12 मराठा किलो को वर्ल्ड हेरीटेज साइट्स के रूप में मान्यता दी है। इनमें 11 महाराष्ट्र के और एक तमिलनाडु का किला शामिल है। सल्हेर के किले में मुगलों की हार हुई। शिवनेरी में छत्रपति शिवाजी महाराज का जन्म हुआ। खानदेरी में समुद्र के बीच किला है। दुश्मन उन्हें रोकना चाहते थे, लेकिन शिवाजी महाराज ने असंभव को संभव करके दिखा दिया। प्रतापगढ़ के किले में अफजल खान पर जीत मिली। राजस्थान का चित्तौड़गढ़ का किला, आमेर किला, जैसलमेर का किला विश्व प्रसिद्ध है। कर्नाटक का गुलबर्गा का किला भी बहुत बड़ा है। चित्रदुर्ग के किले की विशालता भी आपको कौतूहल से भर देती है।

### शुभांशु ने पूरे देश को गौरवान्वित किया

अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी की बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर उतरे तो पूरा देश खुशी और गर्व से भर गया। मुझे याद है कि जब चंद्रयान 3 की सफल लैंडिंग हुई तो देश में विज्ञान को लेकर अलग माहौल बना। अब छोटे-छोटे बच्चे अंतरिक्ष विज्ञान में रुचि ले रहे हैं। आपने इंस्पायर मानक अभियान का नाम सुना होगा। यह बच्चों में इनोवेशन को बढ़ावा देने का अभियान है।

### स्पेस सेक्टर में 200 बच्चे शामिल

पीएम ने कहा कि 'देश में स्पेस स्टार्ट-अप तेजी से बढ़ रहे हैं। पांच साल पहले देश में 50 से भी कम स्टार्टअप थे। आज सिर्फ स्पेस सेक्टर में ही ये 200 से ज्यादा हो गए हैं। अगले महीने 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है।

### युवाओं का विज्ञान और गणित में बढ़ा रुझान

'21वीं सदी में भारत में विज्ञान तेजी से आगे बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले इंटरनेशनल केमिस्ट्री ओलंपियाड में भारत के देवेश पंकज, संदीप कुची, देबदत्त प्रियदर्शी और उज्जवल केसरी ने मेडल जीतकर देश का नाम रोशन किया। गणित में भी भारत अपनी जगह बना रहा है।

### स्वतंत्रता सेनानियों को किया याद

महान स्वतंत्रता सेनानी खुदीराम बोस का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि '11 अगस्त 1980 को बिहार के मुजफ्फरपुर में हर हलचल थमी हुई थी। एक 18 साल का युवा अंग्रेजों के खिलाफ अपना देश-प्रेम व्यक्त करने की कीमत चुका रहा था।

### हैंडलूम के लिए महिलाओं का बखान किया

इसके बाद पीएम मोदी ने हर साल 7 अगस्त को नेशनल हैंडलूम दिवस मनाए जाने का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि आजादी की लड़ाई में खादी ने ताकत दी। पीएम मोदी ने महाराष्ट्र के पैठण की कविता धवले का जिक्र किया, जो पैठणी साड़ी बनाकर बेच रही हैं। ओडिशा के मयूरभंज में आदिवासी महिलाएं संथाली साड़ी को फिर से जीवित कर रही हैं।

**भजन -कीर्तन कर पर्यावरण के प्रति जागरूक कर रहीं महिलाएं**

प्रधानमंत्री ने मन की बात कार्यक्रम में ओडिशा के क्योंझर जिले में भजन कीर्तन के जरिए जंगलों की आग के प्रति जागरूक किए जाने पर बात की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां राधाकृष्ण संकीर्तन मंडली पर्यावरण संरक्षण का काम कर रही है।

## खबर संक्षेप

### नवादा के मंदिरों में तोड़फोड़ से तनाव

**नवादा।** बिहार के नवादा में रविवार को नगर थाना क्षेत्र के मोती बीघा सूर्य मंदिर के पास दो मंदिरों में भगवान शिव, माता पार्वती और भगवान गणेश की मूर्तियों को तोड़े जाने का मामला सामने आया है। घटना ने पूरे इलाके में सनसनी मचा दी। इस घटना से क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। इसे आपसी भाईचारा बिगाड़ने की कोशिश के रूप में देखा जा रहा है।



### एलपीजी सिलेंडर ब्लास्ट, 5 झुलसे

**देहरादून।** के एक घर में एलपीजी सिलिंडर में हुए गैस रिसाव के बाद ब्लास्ट हो गया। इस दौरान हादसे में 5 लोग घायल हो गए। घटना महंत इंद्रेश अस्पताल के पीछे टपरी, पूर्वी पटेलनगर के एक घर में हुई। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने देखा कि दो वयस्क और तीन बच्चे झुलसे हुए थे। उन्हें तुरंत दून अस्पताल भिजवाया गया, जहां इलाज किया जा रहा है।



### थप्पड़बाज मीणा को 13 दिन बाद फिर जेल

**जयपुर।** मनोहरथाना के पिपलोदी स्कूल हादसे के बाद जिला अस्पताल में हंगामा करने के आरोप में पुलिस ने नरेश मीणा और उनके दो साथियों को गिरफ्तार किया है। मीणा पर राजकार्य में बाधा पहुंचाने, अस्पताल में आपातकालीन सेवाओं को बाधित करने, चिकित्साकर्मियों के साथ धक्का-मुक्की और अभद्रता करने का आरोप है।



### रात का खाना खाने के बाद 60 छात्राएं बीमार

**हैदराबाद।** तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले में एक सरकारी बालिका आवासीय विद्यालय की 60 से अधिक छात्राओं को रात का खाना खाने के बाद उल्टी होने की शिकायत के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जा रहा है कि उय्यालवाड़ा स्थित आवासीय विद्यालय में शनिवार रात खाना खाने के बाद 64 छात्राएं बीमार पड़ गईं। जांच की जा रही है।



### ठाणे में पहाड़ी पर फंसे 5 किशोरों को बचाया

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में एक पहाड़ी पर फंसे पांच किशोरों को प्रशासन ने बचा लिया है। ये किशोर 'ट्रेकिंग' के दौरान रास्ता भटक गए थे। ठाणे नगर निगम के आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख यासीन तडवी ने बताया कि 18 साल की उम्र के ये शनिवार करीब 3 बजे मुंब्रा बायपास के किनारे आदिवासी पाडा में दालम बंगले के पास रास्ता भटक गए थे।



## पीएम मोदी ने चोलपुरम मंदिर में राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती पर कहा

# मैं काशी का सांसद...ॐ नमः शिवाय सुनकर खड़े हो जाते हैं सारे रोंगटे

इसी ने लोकतंत्र की जननी की परंपरा को भी आगे बढ़ाया

**चोल साम्राज्य का दौर भारत के स्वर्णिम युगों में से था एक**

एजेंसी ▶▶ गंगईकोंडा (तमिलनाडु)

पीएम नरेंद्र मोदी ने गंगईकोंडा चोलपुरम मंदिर में महान चोल सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि मैं काशी का सांसद हूं, जब 'ॐ नमः शिवाय' सुनते हैं तो रोंगटे खड़े हो जाते हैं। एक प्रकार से ये राज राजा की श्रद्धा भूमि है और आज इलैयाराजा ने जिस प्रकार हम सभी को शिवभक्ति में डुबो दिया, क्या अद्भुत वातावरण था। पीएम मोदी ने कहा कि इतिहासकार मानते हैं कि चोल साम्राज्य का दौर भारत के स्वर्णिम युगों में से एक था।

चोल साम्राज्य ने भारत को लोकतंत्र की जननी कहने की परंपरा को भी आगे बढ़ाया। इतिहासकार लोकतंत्र के नाम पर ब्रिटेन के मैग्ना कार्टा की बात करते हैं। लेकिन कई सदियों पहले, चोल साम्राज्य में लोकतांत्रिक पद्धति से चुनाव होते थे। हम ऐसे कई राजाओं के बारे में सुनते हैं जो दूसरे स्थानों पर विजय प्राप्त करने के बाद सोना, चांदी या पशुधन लाते थे। लेकिन राजेंद्र चोल गंगाजल लेकर आए।



**भगवान बृहदेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना**

पीएम मोदी ने चोलकालीन भगवान बृहदेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। वैदिक और शैव तिरुमुराई मंत्रोच्चार के बीच उन्हें आराधना करते देखा गया। वे एक कलश साथ लाए, जिसके बारे में बताया जा रहा है है कि उसमें गंगा नदी का जल है। मंदिर के पुजारियों ने पारंपरिक तरीके से पूर्ण कुंभम के साथ प्रधानमंत्री का स्वागत किया। वेष्टि (धोती), सफेद कमीज और गले में अंगवस्त्र पहने पीएम ने मंदिर के भीतरी गलियारे की परिक्रमा की।

### चोल प्रथम की 1000वीं जयंती समारोह में स्मृति सिक्का किया जारी

पीएम मोदी रविवार को तमिलनाडु के अरियालुर जिले में गंगैकोंडा चोलपुरम पहुंचे। वे यहां ऐतिहासिक आदी तिरुवथिरई उत्सव के समापन समारोह में शामिल हुए, जो चोल वंश के महान सम्राट राजेंद्र चोल प्रथम की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने सम्राट के सम्मान में एक स्मारक सिक्का भी जारी किया। स्मारक सिक्का जारी करने का निर्णय गंगैकोंडाचोलपुरम विकास परिषद ट्रस्ट के अध्यक्ष आर. कोमागन के अनुरोध पर लिया गया। यह सिक्का राजेंद्र चोल के शासन, वास्तुकला और दक्षिण-पूर्व एशिया तक चोल प्रभाव के विस्तार जैसे योगदान को सम्मानित करने के लिए है।



### हेलीपैड से बृहदीश्वर मंदिर तक भव्य रोड शो किया

पीएम मोदी ने हेलीपैड से गंगैकोंडा चोलपुरम के बृहदीश्वर मंदिर तक एक भव्य रोड शो किया। रास्ते में भारी भीड़ ने झंडे लहराकर और नारे लगाकर उनका स्वागत किया। पूरा गांव उत्सव के रंग में रंगा था, और मंदिर शहर को फूलों, पारंपरिक बैनरों और चोल-युग के प्रतीकों से खूबसूरती से सजाया गया था।



### चोल राजाओं ने भारत को सांस्कृतिक एकता में पिरोया

पीएम ने कहा कि चोल राजाओं ने भारत को सांस्कृतिक एकता में पिरोया था। सरकार, चोल युग के उन्हीं विचारों को आगे बढ़ा रही है। काशी-तमिल संगमम और सौराष्ट्र-तमिल संगमम जैसे आयोजनों के माध्यम से हम एकता के सदियों पुराने सूत्रों को और अधिक मजबूत कर रहे हैं। राजेंद्र ने उत्तरी क्षेत्रों से पवित्र गंगा जल लाया था।

### चोल साम्राज्य विकसित भारत के लिए प्राचीन रोडमैप जैसा

पीएम ने कहा कि चोल काल में भारत ने जो आर्थिक और सैन्य ऊंचाइयां हासिल की, वे प्रेरक हैं। राजाओं की दूरदर्शिता पर कहा कि राजराजा चोल ने एक शक्तिशाली नौसेना का निर्माण किया, जिसे राजेंद्र चोल ने और मजबूत किया। चोल साम्राज्य विकसित भारत के लिए एक प्राचीन रोडमैप की तरह है। यह हमें बताता है कि अगर हमें 'विकसित भारत' बनाना है, तो हमें अपनी नौसेना, रक्षा बलों को मजबूत करना होगा और नए अवसरों की तलाश करनी होगी।

## एनएएलएसए के सम्मेलन में बोले सीजेआई

# ज्ञान के बिना हक किसी काम के नहीं, जागरुकता बढ़ाएं



एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

प्रधान न्यायाधीश बीआर गवई ने रविवार को कहा कि ज्ञान के बिना अधिकार किसी काम के नहीं हैं। उन्होंने नागरिकों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के महत्व पर जोर दिया। सीजेआई ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (एनएएलएसए) के उत्तरी क्षेत्र क्षेत्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि अतीत की विसंगतियों को दूर करने और कश्मीर को उसके पुराने स्वरूप में लौटाने की जरूरत है, जहां सभी समुदाय सद्भाव के साथ रहते थे। उन्होंने कहा कि न्यायाधीशों और वकीलों को मिलकर देश के अंतिम नागरिक के लिए न्याय सुनिश्चित करना होगा। नालसा इसी दिशा में काम करता है। हम नालसा के काम को देश के दूरदराज के इलाकों तक ले जाने की कोशिश कर रहे हैं-चाहे वह लद्दाख हो, पूर्वोत्तर हो या राजस्थान। कश्मीर की पिछले 35 वर्षों की स्थिति का स्पष्ट संदर्भ देते हुए सीजेआई ने कहा कि कुछ विसंगतियां रही हैं।

### इससे कश्मीर के पुनर्निर्माण में मदद मिलेगी

सीजेआई ने कहा कि मुझे विश्वास है कि यह कार्यक्रम उस पारंपरिक कश्मीर के पुनर्निर्माण में मदद करेगा, जहां सभी समुदाय-हिंदू, मुस्लिम और सिख-एक साथ रहते थे। उन्होंने कहा कि देश के संविधान के जरिये हमने खुद से राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक स्तर पर न्याय का वादा किया है। हमारा दायित्व है कि हम न्याय को उसकी सच्ची भावना के अनुरूप लागू करें। कानूनी बिरादरी को संविधान के सच्चे मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध होना चाहिए। जहां बाबासाहेब बीआर आंबेडकर 'एक व्यक्ति, एक वोट' के माध्यम से राजनीतिक न्याय ले आए, वहीं संविधान के सृजक ने सामाजिक विभाजन और एक खंड से दूसरे खंड में जाने में कठिनाई के बारे में बात की थी।

### मुझे ऐसा लगा मानो गृहनगर आ गया

सीजेआई ने कहा कि मुझे ऐसा लग रहा है जैसे मैं अपने गृहनगर आ गया हूं। मुझ पर बरस रहे प्यार और स्नेह के लिए मैं आपका आभारी हूं। मैं जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के सभी हिस्सों में घूम चुका हूं। यहां की सूफी परंपरा भारत के संविधान में निहित धर्मनिरपेक्षता को बढ़ावा देती है। सभी धर्मों के लोग यहां दरगाहों, मंदिरों और अन्य धार्मिक स्थलों पर आते हैं। लद्दाख, कश्मीर और जम्मू के बार के प्रतिनिधियों की ओर से उठाए गए मुद्दों पर कहा कि हालांकि उनके पास इन पर विचार करने का अधिकार नहीं है।

सभी को एसटीएफ ने धर दबोचा

# हैदराबाद में रेव पार्टी की योजना बनाने के आरोप में 9 गिरफ्तार, मादक पदार्थ जब्त

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना के हैदराबाद स्थित एक सर्विस अपार्टमेंट में रेव पार्टी आयोजित करने की कथित योजना बना रहे 9 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। आबकारी विभाग के अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी के आधार पर आबकारी राज्य कार्यबल (एसटीएफ) की टीम ने कोंडापुर क्षेत्र में मार्ग पर पार्टी करने से पहले ही पकड़ लिया। आंध्र प्रदेश के अन्य आरोपियों एवं मादक पदार्थ तस्करों के साथ मिलकर प्रस्तावित पार्टी के लिए एक सर्विस अपार्टमेंट बुक किया था। एक ने 'डार्कनेट' (गुप्त वेबसाइट या ऑनलाइन नेटवर्क) से मादक पदार्थ खरीदा था।



### 2.080 किलोग्राम सूखा गांजा 50 ग्राम ओजी कुश बरामद

आबकारी एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से 2.080 किलोग्राम सूखा गांजा, 50 ग्राम ओजी कुश (हाईब्रिड गांजा), अन्य मादक पदार्थ सहित अन्य चीजें जब्त की जो रेव पार्टी के लिए था। इसके अलावा 6 वाहन भी जब्त किए हैं। इस मामले में 11 लोगों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया है। अभी 2 अन्य फरार हैं।

## उधर, पुणे में रेव पार्टी पर छापा

### पूर्व मंत्री खडसे के दामाद समेत 7 हिरासत में



**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे में पुलिस ने एक रेव पार्टी पर छापा मारकर भारी मात्रा में ड्रग्स, हुक्का और शराब बरामद की। पुलिस ने 7 लोगों को हिरासत में लिया है, जिनमें महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री एकनाथ खड़से के दामाद प्रांजल खेवलकर भी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि एक फ्लैट पर रविवार की सुबह छापेमारी की गई।

**खराडी इलाके में सूचना के आधार पर मारा छापा**

पुलिस ने बताया कि उन्हें पुणे के खराडी इलाके में रेव पार्टी होने की सूचना मिली थी। इसके बाद क्राइम ब्रांच की टीम ने छापेमारी की। छापे के दौरान गांजा, शराब और हुक्का बरामद किए गए।

## 13 साल बाद मातोश्री पहुंचे राज ठाकरे



**उद्धव को दी जन्मदिन की बधाई**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में ठाकरे बंधुओं की नजदीकी लगातार बढ़ रही है। रविवार को एक बार फिर मनसे प्रमुख राज ठाकरे, उद्धव ठाकरे को जन्मदिन की बधाई देने मातोश्री पहुंचे। राज ठाकरे करीब 13 साल बाद मातोश्री पहुंचे। उद्धव और पार्टी सांसद संजय राउत ने मातोश्री के द्वार पर आकर राज ठाकरे का स्वागत किया। राज ने उद्धव को जन्मदिन की बधाई देते हुए फूलों का गुलदस्ता भी भेंट किया।

## कोच्चि में बोले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख डॉ. भागवत

# भारत को सोने की चिड़िया नहीं, शेर बनना है

**शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के शिक्षा सम्मेलन 'ज्ञान सभा' में बोले**

एजेंसी ▶▶ कोच्चि

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख डॉ. मोहन भागवत आज केरल में थे। उन्होंने शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास द्वारा आयोजित शिक्षा सम्मेलन ज्ञान सभा में हिस्सा लिया। अपने संबोधन के दौरान मोहन भागवत ने कई महत्वपूर्ण बातें कहीं। उन्होंने कहा कि हमें फिर से सोने की चिड़िया नहीं बनना है बल्कि हमको शेर बनना है। डॉ. भागवत ने कहा कि दुनिया शक्ति की ही बात समझती है और शक्ति संपन्न भारत होना चाहिए।

### विकसित और विश्व गुरु भारत युद्ध का कारण नहीं बनेगा



डॉ.भागवत ने कहा कि विकसित भारत, विश्व गुरु भारत, अब भी युद्ध का कारण नहीं बनेगा, कभी शोषण नहीं करेगा। हम मैक्सिको से साइबेरिया तक गए हैं, हम पैदल चले हैं, हम छोटी नावों में गए हैं। हमने किसी के क्षेत्र पर आक्रमण करके उसे बर्बाद नहीं किया। हमने किसी का राज्य नहीं हड़पा। हमने सभी को सभ्यता सिखाई। उन्होंने कहा कि आप भारतीय ज्ञान की परंपरा देखिए, परंपरा का मूल उस सत्य में है। पूरे विश्व की एकता का सत्य। भागवत ने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के पीछे एक छोटा सा उद्देश्य यह है कि आप अपने जीवन में खुद खड़े हो सकें और अपने परिवार को एकजुट रख सकें।

**भारतीय शिक्षा सेवा और त्याग की सीख दे रही**

डॉ. भागवत ने कहा कि भारतीय शिक्षा प्रणाली केवल ज्ञान देने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह जीवन में दूसरों के लिए जीने और त्याग करने की भावना भी सिखाती है। शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो इंसान को कहीं भी अपने दम पर जीने की क्षमता दे। शिक्षा का असली उद्देश्य केवल नौकरी ही नहीं बल्कि व्यक्ति आत्मज्ञान और कौशल के आधार पर जीवन यापन कर सके।

### 'इंडिया जो भारत है' सत्य है

*डॉ. भागवत ने कहा कि योगी अरविंद ने कहा कि सनातन धर्म का उत्थान ईश्वर की इच्छा है और सनातन धर्म के उत्थान के लिए हिंदू राष्ट्र का उदय अपरिहार्य है। ये उनके शब्द हैं और हम देखते हैं कि आज की दुनिया को इस दृष्टिकोण की आवश्यकता है। इसलिए हमें पहले यह समझना होगा कि भारत क्या है? भारत एक व्यक्तिवाचक संज्ञा है। इसका अनुवाद नहीं किया जाना चाहिए। 'इंडिया जो भारत है' सत्य है। लेकिन भारत भारत है, और इसीलिए लिखते और बोलते समय हमें भारत को भारत ही रखना चाहिए। भारत को भारत ही रहना चाहिए। भारत की पहचान का सम्मान कृहोता है।*

## दिल्ली उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसियों से कहा

# जांच में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का हरसंभव उपयोग करना होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने जांच एजेंसियों को निर्देश दिया है कि वे जांच में सहायता के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करने का हर संभव प्रयास करें, क्योंकि इससे जांच की पारदर्शिता निश्चित रूप से बढ़ेगी और निष्पक्षता सुनिश्चित होगी। न्यायमूर्ति रविंद्र डुडेजा ने हेरोइन की जब्ती से संबंधित मामले में एक आवेदन पर फैसला करते हुए यह टिप्पणी की। न्यायाधीश ने 24 जुलाई को दिए आदेश में आरोपी रवि प्रकाश को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह कोई



अनजान बात नहीं है कि 2023 में जब उसे गिरफ्तार किया गया था, तब वीडियोग्रॉफी या फोटोग्रॉफी के उपकरण उपलब्ध नहीं थे, ऐसे में पुलिस के बयान पर सिर्फ इसलिए अविश्वास नहीं किया जा सकता कि जब्ती की वीडियोग्रॉफी या फोटोग्रॉफी नहीं है। अभियोजन ने कोई सीसीटीवी कैमरा नहीं था, इसलिए ऐसी कोई फुटेज नहीं है।

# युद्ध केवल हथियारों से नहीं जीते जाते, लॉजिस्टिक्स जैसे अदृश्य योद्धा की होती है जरूरत

## रक्षा मंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के पीछे के कारण भी बताए

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के पीछे की असली वजह का खुलासा किया है। राजनाथ सिंह ने कहा है 'ऑपरेशन सिंदूर' केवल हथियारों की वजह से नहीं, बल्कि रसद (लॉजिस्टिक्स) की वजह से सफल हुआ। उन्होंने यह बात गति शक्ति विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में कही। यह विश्वविद्यालय रेलवे मंत्रालय के अंतर्गत आता है और लॉजिस्टिक्स पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाने वाला यह ऑपरेशन दिखाता है कि कैसे कई एजेंसियों के तालमेल से सही समय पर सही जगह पर सामग्री पहुंची। राजनाथ सिंह ने लॉजिस्टिक्स को एक रणनीतिक संपत्ति बताया और कहा कि यह आधुनिक युद्ध का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

समारोह में बोलते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का श्रेय लॉजिस्टिक्स को दिया। उन्होंने कहा कि युद्ध केवल हथियारों से नहीं जीते जाते, बल्कि समय पर सामग्री पहुंचाने से जीते जाते हैं। उन्होंने कहा, जीत और हार लॉजिस्टिक्स से तय होती है, पूरी दुनिया ने इसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान देखा।

तालमेल से सही समय पर सही जगह पहुंची सामग्री

ऑपरेशन सिंदूर में दिखी लॉजिस्टिक्स की ताकत



### रक्षा मंत्री ने समझाया लॉजिस्टिक्स का मतलब

*राजनाथ सिंह ने सेना, नौसेना और वायु सेना के उदाहरणों का हवाला देते हुए बताया कि लॉजिस्टिक्स का मतलब अलग-अलग सेवाओं के लिए अलग-अलग होता है। उन्होंने कहा, सेना के लिए, इसका मतलब है हथियारों, ईंधन, राशन और दवाओं को दूरदराज के इलाकों तक पहुंचाना। नौसेना के लिए, इसका मतलब है जहाजों तक स्पेयर पार्ट्स और उपकरण पहुंचाना। वायु सेना के लिए, निर्बाध जमीनी समर्थन और ईंधन की आपूर्ति महत्वपूर्ण है। उन्होंने चेतावनी दी कि समय पर लॉजिस्टिक्स के बिना उन्नत तकनीक भी बेकार है। उन्होंने कहा, जरा सोचिए, अगर हमारे पास उन्नत मिसाइल सिस्टम हैं, लेकिन उन्हें लॉन्च करने के लिए जरूरी इलेक्ट्रॉनिक्स समय पर नहीं पहुंचते हैं, तो वह तकनीक किसी काम की नहीं है।*

**मौन नायक लॉजिस्टिक्स काफी कमाल का भी है**

अपने भाषण के अंत में रक्षा मंत्री ने कहा, देश की सुरक्षा केवल सीमाओं पर लड़ते जवान नहीं करते, बल्कि वह हर हाथ करता है जो पीछे से उनकी जरूरतों को समय पर पहुंचाता है। यही असली राष्ट्रसेवा है। लॉजिस्टिक्स हमारे देश का मौन नायक है- अनदेखा, अनकहा, लेकिन अत्यंत शक्तिशाली। उनका मानना है कि गति शक्ति विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों को भारत को एक वैश्विक लॉजिस्टिक पॉवर हाउस बनाने की दिशा में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे खुद को केवल 'डिग्रीधारी' न समझें, बल्कि राष्ट्र के 'डिफेंस इंफ्रास्ट्रक्चर' का अभिन्न हिस्सा मानें।

### तीनों सेनाओं के लिए अलग-अलग जरूरतें

रक्षा मंत्री ने अपने भाषण में लॉजिस्टिक्स के व्यापक अर्थ को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा, थल सेना के लिए लॉजिस्टिक्स का मतलब है हथियारों, राशन, ईंधन और दवाओं को दुर्गम और सीमावर्ती इलाकों तक पहुंचाना। नौसेना के लिए समुद्र में तैनात जहाजों तक स्पेयर पार्ट्स और तकनीकी सहायता भेजना। और वायुसेना के लिए बेस स्टेशन पर हर वक्त उपलब्ध ग्राउंड सपोर्ट, फ्यूलिंग यूनिट्स, टेलीमेट्री सिस्टम और अन्य हार्डवेयर को सक्रिय रखना।

### भविष्य में एआई की बड़ी भूमिका

राजनाथ सिंह ने इस बात पर जोर दिया कि आने वाले समय में जब युद्ध और अधिक नेटवर्क-सेंट्रिक, स्वचालित और बहु-आयामी होंगे, तब लॉजिस्टिक्स की भूमिका और भी निर्णायक होगी। उन्होंने कहा कि लॉजिस्टिक्स अब केवल ट्रांसपोर्ट और सप्लाई तक सीमित नहीं रहा। यह डेटा ट्रैकिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), उपग्रह संचार, और रीयल-टाइम डिस्पैचिंग जैसी टेक्नोलॉजी से भी जुड़ चुका है।

## खबर संक्षेप

### पहली बार नेवी डे परेड रद्द पुतिन ने भी बनाई दूरी

**मॉस्को।** रूस ने 27 जुलाई को हर साल मनाई जाने वाली अपनी पारंपरिक और प्रतिष्ठित नौसेना परेड को रद्द कर दिया। 'नेवी डे' के मौके पर सेंट पीटर्सबर्ग में होने वाली इस परेड को सुरक्षा कारणों के चलते पहली बार रद्द किया गया है। खास बात ये रही कि राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी इस बार परेड में शामिल नहीं हुए। उन्होंने सिर्फ एक वीडियो संदेश के ज़रिए संबोधित किया। दरअसल, एक दिन पहले यूक्रेन ने कई रूसी शहरों पर 100 से अधिक ड्रोन हमले किए।



### इजराइल ने गाजा में पहली बार मदद पहुंचाई

**तेलअवीव।** इजराइल ने हमास के खिलाफ जंग के बाद रविवार को पहली बार गाजा में मानवीय सहायता पहुंचाई है। आईडीएफ ने आटा, चीनी, दवाई और डिब्बाबंद खाना गाजा में हवाई मार्ग से पहुंचाया। यह कदम अंतरराष्ट्रीय संगठनों के साथ मिलकर उठाया गया। वहीं, इजराइल ने गाजा के कुछ हिस्सों में सीजफायर और संयुक्त राष्ट्र के लिए सुरक्षित रास्ते बनाने का भी ऐलान किया ताकि वहां की जनता को मदद पहुंचाया जा सके।



## एफटीए के चलते कई देश भारत से व्यापार करने के इच्छुक

# 20 दिन में 1,000 बैठकें, कार्यशालाएं होंगी व्यापार समझौते पर जागरूक करेगी सरकार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हो चुके हैं। अब सरकार देशभर में हितधारकों के साथ बैठक कर लोगों को इस समझौते के बारे में जागरूक करेगी। सरकार अगले 20 दिनों में देश भर में हितधारकों के साथ बैठकें करेगी, कार्यशालाओं, जागरूकता अभियानों और फीडबैक सत्रों सहित 1,000 आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगी। इस कवायद का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि व्यापार समझौते के अधिकतम लाभ देश के लोगों को मिल सकें। भारत ने ब्रिटेन की चॉकलेट, बिस्किट और सौंदर्य प्रसाधनों सहित विभिन्न उपभोक्ता वस्तुओं के लिए अपना बाजार खोल दिया है। वहीं भारत के कपड़ा, फर्नीचर, जूते, रत्न और आभूषण, खेल के सामान और खिलौनों जैसे उत्पादों को ब्रिटेन के बाजार में पहुंच मिलेगी। इसके अलावा, ब्रिटेन में कार्यरत टीसीएस और इंफोसिस जैसी भारतीय कंपनियों को भारत से आने वाले कर्मचारियों के लिए तीन साल तक सामाजिक सुरक्षा अंशदान नहीं करना होगा। समझौते के तहत, ब्रिटेन की स्कॉच व्हिस्की पर भारत में शुल्क 150 प्रतिशत से घटाकर 75 प्रतिशत कर दिया जाएगा और 2035 तक इसे और घटाकर 40 प्रतिशत कर दिया जाएगा। भारत, ऑटोमोबाइल पर भी आयात शुल्क को पांच वर्षों में घटाकर 10 प्रतिशत कर देगा, जो वर्तमान में 110 प्रतिशत दर है।

*99% भारतीय सामान ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त हो जाएगा*

*अमेरिका न्यूजीलैंड ओमान, चिली पेरू और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत शुरू*

*भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे*



### व्यापार दोगुना करने का लक्ष्य

व्यापार समझौते के लाभों के बारे में जानकारी देने के लिए सरकार की विभिन्न टीमें विभिन्न राज्यों का भी दौरा करेंगी। वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार समझौते पर चमड़ा और टेक्सटाइल सेक्टर के लोगों के साथ बैठक करेंगे। व्यापार समझौता लागू होने के बाद 99 प्रतिशत भारतीय सामान ब्रिटेन में शुल्क-मुक्त हो जाएगा। इससे कार, सौंदर्य प्रसाधन और व्हिस्की जैसे ब्रिटिश उत्पादों पर भारत में भी शुल्क कम हो जाएगा। इस समझौते का उद्देश्य 2030 तक दोनों देशों के बीच 56 अरब अमेरिकी डॉलर के व्यापार को दोगुना करना है।

### घरेलू ऑटोमोटिव क्षेत्र का रखा गया है ध्यान

*भारत ने व्यापार समझौते के तहत, घरेलू ऑटोमोटिव उद्योग का भी ख्याल रखा है और विशेष रूप से मध्यम और छोटी कारों और कम कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहनों की रक्षा करते हुए, ब्रिटिश ऑटो निर्यातकों को केवल बड़े पेट्रोल और डीजल वाहनों और महंगे इलेक्ट्रिक वाहनों पर ही शुल्क में रियायतें प्रदान की हैं। समुद्री उत्पाद (सी फूड), जिन पर वर्तमान में 4.2 प्रतिशत से 8.5 प्रतिशत के बीच कर लगता है, इस समझौते के लागू होने के बाद शुल्क-मुक्त हो जाएंगे। व्यापार समझौते से भारत के टेक्सटाइल क्षेत्र को बड़ा फायदा होगा, जिसकी अब ब्रिटेन के बाजार में शुल्क-मुक्त पहुंच होगी। इससे ब्रिटेन के बाजार में भारतीय उत्पादों की कीमत कम होगी और भारतीय टेक्सटाइल उत्पादों को बड़ा फायदा मिलने की उम्मीद है।*

### जल्द मिलेगी कामयाबी

### ओमान और यूरोपीय संघ के कई देश भारत से व्यापार को तैयार, चल रही बातचीत

*केंद्रीय वाणिज्य एवं व्यापार मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि कई देशों के साथ व्यापार संबंधों को बेहतर बनाने के लिए चर्चा चल रही है। भारत ने ब्रिटेन के साथ एक ऐतिहासिक फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जिससे दोनों देशों के लिए अरबों डॉलर के अवसर खुलेंगे। पीयूष गोयल ने मीडिया से बात करते हुए कहा, न्यूजीलैंड, ओमान, चिली, पेरू और यूरोपीय संघ के साथ बहुत अच्छी बातचीत चल रही है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ भी अच्छी बातचीत चल रही है। वाणिज्य मंत्री ने जोर देकर कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि इन सभी वार्ताओं के सकारात्मक परिणाम निकलेंगे। गोयल ने पिछले हफ्ते कहा था कि भारत और यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौता (टीईपीए) आधिकारिक तौर पर 1 अक्टूबर से लागू होगा, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इस बीच अमेरिका के साथ बातचीत जारी है। भारत और अमेरिका की टीमों ने वाशिंगटन डीसी में प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए पांचवें दौर की वार्ता पूरी कर ली है।*

## हेरोइन के पीछे था लश्कर-ए-तैयबा

# पाक से जुड़े नार्को-टेरर नेटवर्क का हुआ पर्दाफाश



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू और पंजाब में पिछले साल अगस्त में पकड़ी गई 46 किलो हेरोइन की खेप के मामले में स्टेट इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एसआईए) ने पहली चार्जशीट दाखिल कर दी है। इस केस में पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़ा बड़ा खुलासा हुआ है। इस केस की शुरुआत 9 अगस्त 2023 को हुई थी, जब पंजाब के तरनतारन निवासी सर्ताज सिंह को जम्मू के बस स्टैंड इलाके से 33.580 किलो हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। यह गिरफ्तारी खुफिया जानकारी के आधार पर की गई थी। जांच के दौरान दूसरा आरोपी अमृतपाल सिंह उर्फ फौजी सामने आया, जो घटनास्थल से एक और खेप के साथ भाग निकला था, लेकिन बाद में पंजाब पुलिस ने उसे पकड़ लिया और उसके पास से 12.626 किलो हेरोइन और बरामद हुई। मामले के अंतरराष्ट्रीय स्तर के आतंकी कनेक्शन सामने आने के बाद इसे एसआईए जम्मू को सौंप दिया गया।

### एसआईए ने दाखिल की चार्जशीट

*एसआईए ने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। जांच में यह सामने आया है कि अमृतपाल सिंह का सीधा संपर्क पाकिस्तान में बैठे एक लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर से था, जिससे यह स्पष्ट होता है कि यह एक नार्को-टेररिज्म का मामला है। एक अधिकारी ने बताया कि इस केस में तकनीकी, वैज्ञानिक और मानवीय सूचनाओं का प्रयोग करके ठोस सबूत इकट्ठा किए गए हैं, जिनके आधार पर आरोपियों पर एनडीपीएस और यूएपीए के गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया गया है।*

## अमृतसर में आईएसआई से जुड़ा तस्कर गिरोह पकड़ा

# 5 गिरफ्तार, एके असॉल्ट राइफल 2 पिस्टल और 7.5 लाख बरामद

एजेंसी ▶▶ अमृतसर

पंजाब पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। अमृतसर रूरल पुलिस ने केंद्रीय एजेंसियों की मदद से पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से जुड़े एक तस्करी गिरोह का पर्दाफाश किया है। यह गिरोह भारत में हथियार और ड्रग्स भेजने के काम में शामिल था। पुलिस ने इस कार्रवाई में 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इनके पास से काफी मात्रा में हथियार, गोलियां और नकदी बरामद की गई है। शुरुआती जांच में पता चला है कि इनका सीधा संपर्क पाकिस्तान में बैठे आईएसआई एजेंटों से था। पकड़ी गई खेप नव उर्फ नव पंडोरी को सौंपी जानी थी, जो कुख्यात गैंगस्टर जग्गू भगवानपुरिया का नजदीकी साथी माना जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि यह नेटवर्क आतंकवाद और गैंगस्टर गिरोहों के गठजोड़ का हिस्सा है।




डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि पुलिस प्रदेश में आतंकवाद, संगठित अपराध और तस्करी जैसे अपराधों को जड़ से खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। पुलिस ने यह भी कहा कि राज्य में शांति, सुरक्षा और सद्भाव बनाए रखने के लिए इस तरह की कार्रवाइयां आगे भी जारी रहेंगी। आरोपियों से जब्त इम्पोर्टेड हथियार बरामद हुए हैं जिसमें एक एके सैगा 308 असॉल्ट राइफल (2 मैगजीन सहित),दो ग्लॉक 9एमएम पिस्तौल (4 मैगजीन सहित), एके राइफल के 90 जिंदा कारतूस, 9एमएम के 10 जिंदा कारतूस, 7.50 लाख की ड्रग मनी, एक कार और तीन मोबाइल फोन शामिल हैं।

## दुकानों में लगा दी आग

# पूर्वी कांगो में विद्रोहियों ने किया हमला, 21 लोगों को मार डाला

एजेंसी ▶▶ कोमांडा

पूर्वी कांगो में रविवार को एक इस्लामिक स्टेट समर्थित विद्रोही समूह अलाइड डेमोक्रेटिक फ़ोर्स (एडीएफ) की ओर से किए गए हमले में कम से कम 21 लोग मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, ये हमले कोमांडा शहर के एक कैथोलिक चर्च परिसर में हुए। हमलावरों ने रात के वक्त चर्च और आसपास की कई दुकानों व घरों में आग भी लगा दी। कांगो के कोमांडा शहर के नागरिक समाज समन्वयक डियूडोने डुरानथाबो ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए बताया




कुछ शव जले हुए पाए गए और कई घरों में आग लगी है। फिलहाल, तलाशी अभियान जारी है। कांगो सेना ने इस हमले में मारे गए लोगों की संख्या को लेकर एक कम आंकड़ा दिया। सेना के प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जूल्स न्गोंगो ने कहा कि हमला करीब 10 लोगों की मौत का कारण बना।

## करीब 2 लाख लोग हुए विस्थापित

# थाइलैंड और कंबोडिया के बीच जंग जारी, 33 की मौत

एजेंसी ▶▶ बैंकाक

शिव मंदिर को लेकर थाइलैंड और कंबोडिया का संघर्ष शनिवार-रविवार को तीसरे चौथे दिन भी जारी रहा। दोनों ओर से हो रही फायरिंग और गोलाबारी में अभी तक 33 लोग मारे गए हैं और करीब 1,70,000 लोग विस्थापित हुए हैं। संघर्ष रोकने के लिए दोनों पक्षों पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ता जा रहा है। बुधवार को प्रसात ता मोआन थोम मंदिर के नजदीक लैंडमाइन विस्फोट से थाइलैंड के पांच सैनिकों के घायल होने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव एकाएक बढ़ गया था और उसकी परिणति गुरुवार सुबह



लड़ाई छिड़ने से हुई। दोनों देशों की 817 किलोमीटर लंबी सीमा पर दर्जन भर जगह लड़ाई छिड़ी हुई है। कंबोडिया ने शनिवार की लड़ाई में अपने 12 लोगों के मारे जाने की जानकारी दी है। इन्हें मिलाकर तीन दिनों की लड़ाई में वहां मरे लोगों की कुल संख्या 13 हो गई है। जबकि थाइलैंड में 20 लोग मारे गए हैं जिनमें ज्यादातर नागरिक हैं। दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन आसियान, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अमेरिका और चीन ने संघर्षविराम के लिए दोनों देशों पर दबाव बढ़ा दिया है। कंबोडिया के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल माली सोचेता ने कहा है कि लड़ाई के बीच कंबोडिया के कोह कोंग प्रांत के नजदीक समुद्र में थाई नौसेना के चार युद्धपोत लंगर डाले हुए हैं और चार अन्य वहां आ रहे हैं। कंबोडिया में करीब 38 हजार लोगों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा गया है। जबकि थाइलैंड की सेना ने कंबोडिया के आरोपों को गलत बताते हुए प्रतिद्वंद्वी देश पर तनाव बढ़ाने का आरोप लगाया है।

## विमान के पहियों में आग लगी, मची चीख पुकार

# बच्चों को गोद में चपेटा और जान बचाकर भागे विमान के यात्री

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के डेनवर एयरपोर्ट पर मियामी जा रहे अमेरिकन एयरलाइंस के विमान के पहियों में आग लग गई। टेकऑफ से पहले लैंडिंग गियर में आग के कारण 173 यात्रियों को इमरजेंसी स्लाइड से बाहर निकाला गया। घटना का वीडियो वायरल हो गया है। एक यात्री के बच्चे से ज्यादा सामान बचाने की कोशिश पर भी विवाद हुआ है। अमेरिका के डेनवर एयरपोर्ट पर शनिवार को एक बड़ा विमान हादसा बाल-बाल टल गया। अमेरिकन एयरलाइंस की मियामी जाने वाली फ्लाइट एए-3023 के लैंडिंग गियर में आग लग गई। इस घटना ने रनवे पर अफरा-तफरी मचा दी। सोशल मीडिया पर इसका वीडियो वायरल हो गया है, जिसमें दिख रहा है कि किस तरह यात्री जान बचाकर विमान से बाहर भाग रहे हैं और चारों ओर धुआं फैला है। विमान में 173 यात्री और 6 क्रू मेंबर सहित 179 लोग सवार थे। यह घटना दोपहर 2:45 बजे (स्थानीय समय) के आसपास हुई जब बोइंग 737 मैक्स 8 विमान टेकऑफ की तैयारी कर रहा था। उसी दौरान लैंडिंग गियर में तकनीकी खराबी के कारण धुआं उठने लगा और कुछ ही देर में उसमें आग लग गई। डेनवर एयरपोर्ट प्रशासन और फायर डिपार्टमेंट की टीम को तुरंत अलर्ट किया गया। मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड ने आग बुझाई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि यात्री घबराए हुए विमान की इमरजेंसी स्लाइड से नीचे फिसलते हुए बाहर आ रहे हैं। इस दौरान चारों ओर धुआं फैला हुआ था। एक यात्री की हरकत पर विशेष रूप से चर्चा हो रही है जो आग की इस स्थिति में एक हाथ में बच्चा और दूसरे में सामान लेकर फिसलता दिखा। वह गिर भी गया और सोशल मीडिया पर उसकी आलोचना हो रही है कि उसने सामान को बच्चे से ज्यादा प्राथमिकता दी।

वीडियो में दिखी दहशत, सभी को बाहर निकलने की थी जल्दी

एक यात्री बच्चों की परवाह किए बगैर सामान बचाने लगा, विवाद



### एक व्यक्ति जख्मी

*डेनवर एयरपोर्ट और अमेरिकन एयरलाइंस की ओर से जारी बयान के मुताबिक, इस घटना में एक व्यक्ति को मामूली चोट आई है जिसे गेट पर प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल ले जाया गया। वहीं, पांच अन्य यात्रियों की मौके पर जांच की गई लेकिन उन्हें अस्पताल नहीं भेजा गया। सभी यात्रियों को बस के जरिए टर्मिनल तक पहुंचाया गया।*

### एफएए ने शुरू की हादसे की जांच

फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन (एफएए) ने इस पूरे घटनाक्रम की जांच शुरू कर दी है। आग लगने के बाद कुछ समय के लिए डेनवर एयरपोर्ट के रनवे पर अन्य उड़ानें भी रोक दी गई थीं। हालांकि, आग बुझाने और यात्रियों को निकालने के बाद स्थिति को सामान्य किया गया।

**मेंटेनेंस बना हादसे की वजह**

एयरलाइंस के अनुसार, विमान को पहले ही मेंटेनेंस समस्या की चेतावनी मिली थी, जो टायर से जुड़ा था। उड़ान से पहले यह तकनीकी गड़बड़ी गंभीर साबित हुई। आग लगने के बाद विमान को सेवा से हटा दिया गया है और इसकी जांच शुरू कर दी गई है। एयरलाइंस ने अपने बयान में यात्रियों से माफी मांगी और कर्मचारियों की तत्परता की सराहना की।

## चेंजिंग रूम में वीडियो बनाते पकड़ा युवक

# तुर्की दूतावास से कोई कनेक्शन होने की बढ़ी आशंका,जांच शुरू

एजेंसी ▶▶ तेलअवीव

इजराइल के तेल अवीव से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र को हिला दिया है। इजराइली पुलिस ने 29 वर्षीय विदेशी नागरिक को उस समय गिरफ्तार किया जब वो बीच पर स्थित महिलाओं के चेंजिंग रूम में घुसकर नाबालिग लड़कियों की छिपकर वीडियो बना रहा था। इस मामले में आरोपी के तुर्की दूतावास से संबंध होने का संदेह जताया जा रहा है।

पुलिस को 100 इमरजेंसी हेल्पलाइन पर मिली कॉल के बाद तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को बीच के पास ही पकड़ लिया गया। यह मामला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी संवेदनशील हो गया है, क्योंकि



आरोपी विदेशी मिशन से जुड़ा बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार, रविवार को हेल्पलाइन पर आई एक कॉल में शिकायत की गई कि एक व्यक्ति महिलाओं के चेंजिंग रूम में घुसकर वहां मौजूद नाबालिग लड़कियों की वीडियो रिकॉर्डिंग कर रहा है। तेल अवीव सेंट्रल स्टेशन और स्पेशल पेट्रोल यूनिट की टीम ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को रंगे हाथ पकड़ लिया।

# पहले गेम में हम्पी और दिव्या के बीच भिड़ंत, 1-1 पर ड्रॉ, शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष



एजेंसी ▶▶| बातुमी (जॉर्जिया)

फिडे महिला वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल दिव्या और हम्पी के बीच 26 जुलाई से शुरू हुआ। फाइनल में दो क्लासिकल गेम होंगे पहले गेम 26 को खेला गया, जो कि ड्रॉ रहा। वहीं अब दूसरा गेम रविवार को खेला जा रहा है। बता दें कि, क्लासिकल फॉर्मेट में हर खिलाड़ी को पहले 40 चालों के लिए 90 मिनट मिलेंगे।

## दिव्या का बेहतरीन प्रदर्शन

दिव्या देशमुख और दिग्गज कोनेरू हम्पी के बीच फिडे महिला वर्ल्ड कप का फाइनल मुकाबला खेला जा रहा है। इस दौरान शनिवार को फाइनल के पहले गेम में दिव्या ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए हम्पी को बराबरी पर रोका। विश्व रैपिड चैंपियन हम्पी का इस ड्रॉ के बावजूद पलड़ा भारी होगा क्योंकि वह काले मोहरों से खेल रही थी। दो-गेम के इस मिनी मैच में क्लासिकल शतरंज नियमों के तहत दूसरे और अंतिम गेम में हम्पी सफेद मोहरों से खेलेंगी।

## हम्पी ने शुरुआत में बनाया दबाव

वहीं ये मुकाबला भी अगर बराबरी पर खत्म होगा तो विजेता का निर्धारण करने के लिए कम अवधि के गेम खेले जाएंगे। शुरुआती गेम में दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ा संघर्ष देखने को मिला लेकिन दोनों अपने मौकों को भुनाने में सफल नहीं हुए। दिव्या पर हम्पी ने शुरुआत में दबाव बनाया लेकिन नागपुर की इस खिलाड़ी ने जल्द ही वापसी की और कम्प्यूटर के अनुसार 14वें चाल के बाद दिव्या का पलड़ा भारी था। हालांकि, हम्पी ने अनुभव का इस्तेमाल करते हुए मैच पर अपनी पकड़ कमजोर नहीं होने दी।



## पहली चाल से 30 सेकंड का इंक्रीमेंट

फाइनल में दो क्लासिकल गेम होंगे पहले गेम 26 को खेला गया जो कि ड्रॉ रहा। वहीं अब दूसरा गेम 27 जुलाई, रविवार को हुआ। बता दें कि, क्लासिकल फॉर्मेट में हर खिलाड़ी को पहले 40 चालों के लिए 90 मिनट मिलेंगे। इसके बाद बाकी के गेम के लिए अतिरिक्त 30 मिनट दिए जाएंगे, जिसमें पहली चाल से 30 सेकंड का इंक्रीमेंट होगा।

## इंक्रीमेंट के साथ होंगे दो रैपिड गेम

साथ ही अगर फिर भी क्लासिकल खेल में विजेता का फैसला नहीं होता है तो मैच टाई-ब्रेक की एक सीरीज के रूप में चलता रहेगा। सबसे पहले 10 मिनट प्लस 10 सेकंड के इंक्रीमेंट के साथ दो रैपिड गेम होंगे। इसके बाद फिर भी टाई रहता है तो 5 मिनट प्लस 3-सेकंड के इंक्रीमेंट के साथ दो पांच मिनट के गेम होंगे। ऐसे में जरूरत हो तो 3 मिनट प्लस 2-सेकंड के इंक्रीमेंट के साथ दो ब्लिट्ज गेम होंगे। बाद भी अगर मैच ड्रॉ रहता है तो खिलाड़ी तब तक 3+2 ब्लिट्ज गेम खेलना जारी रखेंगे तब तक कोई विजेता सामने नहीं आ जाता।

## खबर संक्षेप



### स्कॉटिश ओपन: 48वें स्थान पर पहुंची दीक्षा

**नॉर्थ आयशर (स्कॉटलैंड)।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर 2025 आईएसपीएस हांडा महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर के बाद 11 स्थान के फायदे से संयुक्त रूप से 48वें स्थान पर हैं। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता 24 साल की दीक्षा ने तीसरे दौर में दो बर्डी और एक बोगी से एक अंडर 71 का स्कोर बनाया। वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से 59वें स्थान पर थीं। टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही दो अन्य भारतीय प्रणवी उर्स और त्वेसा मलिक इससे पहले कट हासिल करने में नाकाम रहीं।

### जम्मू कश्मीर के खिलाड़ी जीत सकते हैं ओलंपिक में पदक : बिलकिस



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर की शीर्ष खिलाड़ियों में शामिल बिलकिस मीर का मानना है कि बर्फ से ढकी ढलानें, ग्लेशियर से निकलने वाली नदियां और खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को देखते हुए शीतकालीन खेलों और जलक्रीड़ा में राज्य के खिलाड़ियों के पास देश के लिए ओलंपिक पदक जीतने की क्षमता है। पेरिस ओलंपिक (2024) में जूरी सदस्य के रूप में देश का प्रतिनिधित्व करने वाली पहली भारतीय महिला मीर ने कहा कि वह जम्मू-कश्मीर और देश को पोडियम के शीर्ष स्थान पर देखना चाहती हैं और इस दिशा में अपने प्रयास जारी रखेंगी। जल क्रीड़ा खिलाड़ी मीर ने कहा, 'मेरा सपना है कि जम्मू-कश्मीर और देश को वैश्विक मंच पर शीर्ष स्थान पर देखूं। जम्मू-कश्मीर में ओलंपिक में जलक्रीड़ा और शीतकालीन खेलों में भारत का सफलतापूर्वक नेतृत्व करने की क्षमता है क्योंकि हमारे पास प्राकृतिक संसाधन होने के साथ-साथ आवश्यक प्रतिभा भी है, जिसे बस निखारने की आवश्यकता है।'

### सीनियर ओपन: भारतीय खिलाड़ियों की तालिका में शीर्ष पर अटवाल



**सनिंगडेल (ब्रिटेन)।** अर्जुन अटवाल आईएसपीएस हांडा सीनियर ओपन गोल्फ के तीसरे दौर में 1-अंडर 69 का स्कोर करने के बाद संयुक्त 29वें स्थान के साथ भारतीय खिलाड़ियों में तालिका में शीर्ष पर है। सीनियर्स टूर पर अपना दूसरा टूर्नामेंट खेल रहे अटवाल ने शुरुआती दो दौर में 67 और 72 के कार्ड खेले थे। 54 होल के खेल के बाद उनका कुल स्कोर दो अंडर का है। ज्योति रंधावा (70-71-70) एक ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त 50वें स्थान पर है, जबकि जीव मिल्खा सिंह (71-69-74) पांच-ओवर के स्कोर साथ संयुक्त 69वें स्थान पर है।




## चौथा टेस्ट: 311 रन पीछे, 0 पर 2 विकेट, फिर भी नहीं मानी हार

# सुंदर-जडेजा की ऐतिहासिक पारी ने इंग्लैंड को किया बेदम, मैनचेस्टर टेस्ट हुआ ड्रॉ

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

भारत-इंग्लैंड के बीच मैनचेस्टर में खेला गया चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ पर खत्म हुआ। लेकिन ये मुकाबला भारत के लिए कई मायनों में ऐतिहासिक रहा। इंग्लैंड ने पहली पारी में 669 रन बनाने के बाद भारत के सामने 311 रनों की लीड रखी थी। जिसके जवाब में उतरी भारतीय टीम को पहले ही ओवर में दो झटके लगे थे। ऐसे में भारत के सामने पारी से हार का खतरा मंडरा रहा था। लेकिन केएल राहुल और गिल के बीच 188 रनों की साझेदारी और उसके बाद जडेजा और सुंदर की बेबाक और जुझारू पारी ने इंग्लैंड को बेदम कर दिया। जडेजा और सुंदर दोनों ने ही नाबाद शतक लगाया। दोनों के बीच 203 रनों की साझेदारी हुई।

पांचवें और आखिरी दिन का खेल खत्म होने तक भारत ने 4 विकेट खोकर 425 रन बना लिए थे। रवींद्र जडेजा ने नाबाद 107 रन बनाए थे, जबकि सुंदर के बल्ले से नाबाद 101 रन आए। बता दें कि मुकाबले में इंग्लैंड की पहली पारी 669 रन पर सिमटी थी। यानी मेजबान इंग्लैंड ने भारत पर 311 रनों की बड़ी लीड बनाई थी। इससे पहले भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 358 रन ही बना पाई थी। हालांकि, इस ड्रॉ के बाद भी भारतीय टीम पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से पीछे है। इंग्लैंड में उसकी सीरीज जीतने का सपना अब भी सपना ही रहेगा। क्योंकि अगर 5वें और आखिरी मैच में भारत जीतता है तब भी सीरीज बराबरी पर खत्म होगी।



## गिल की जुझारू पारी, इंग्लैंड के खिलाफ आधा दर्जन शतक पूरे

भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने मैनचेस्टर में रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ जुझारू शतक जड़ा। सीरीज में 700 से ज्यादा रन ठोक चुके गिल ने ऐसी परिस्थिति में शतक जड़ा जब भारतीय टीम पर पारी से हार का खतरा मंडरा रहा है। गिल का यह टेस्ट करियर में 9वां शतक है। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ आधा दर्जन शतक जड़ दिए हैं।

## विदेशी सरजमीं पर दो भारतीय बल्लेबाजों ने बनाए 500 रन से अधिक



टेस्ट इतिहास में ऐसा दूसरी बार हुआ, जब विदेशी सरजमीं पर एक ही टेस्ट सीरीज में दो भारतीय बल्लेबाजों ने 500+ रन बनाए। इंग्लैंड के विरुद्ध इस टेस्ट सीरीज में शुभमन गिल ने चार मुकाबलों की आठ पारियों में 99.57 की औसत के साथ 697 रन बनाए हैं। वहीं, दूसरी तरफ केएल राहुल चार मुकाबलों की आठ पारियों में 72.57 की औसत के साथ 508 रन जोड़े हैं।
पहली बार यह कारनामा भारतीय बल्लेबाजों ने वेस्टइंडीज की सरजमीं पर 1970-71 में खेली गई टेस्ट सीरीज में किया था। सुनील गावस्कर ने उस सीरीज में 774 रन बनाए थे, जबकि दिलीप सरदेसाई ने 642 रन जोड़े।

## कप्तान के रूप में एक टेस्ट सीरीज में सर्वाधिक शतक

वहीं शुभमन गिल अब कप्तान के रूप में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले संयुक्त रूप से विश्व के तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। गिल से पहले सर डॉन ब्रैडमैन भारत के खिलाफ कप्तानी करते हुए चार शतक लगा चुके हैं। वहीं भारत के सुनील गावस्कर ने कप्तान रहते हुए वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में चार शतक ठोक दिए थे।

### गावस्कर-कोहली क्लब में शामिल हुए गिल

इसके साथ ही शुभमन गिल ने किसी भारतीय बल्लेबाज की ओर से एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली है। इंग्लैंड के खिलाफ जारी सीरीज में गिल ने चौथा शतक जड़ा है। भारत के लिए एक टेस्ट में सीरीज में सबसे ज्यादा शतक लगाने का रिकॉर्ड संयुक्त रूप से सुनील गावस्कर और विराट कोहली के नाम है। गावस्कर ने दो बार वेस्टइंडीज के खिलाफ एक सीरीज में चार शतक लगाए हैं। वहीं विराट ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में चार सेंचुरी ठोकी थीं।

- 4 – सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज़, 1971 (विदेश में)
- 4 – सुनील गावस्कर बनाम वेस्टइंडीज़, 1978/79 (घरेलू)
- 4 – विराट कोहली बनाम ऑस्ट्रेलिया, 2014/15 (विदेश में)
- 4 – शुभमन गिल बनाम इंग्लैंड, 2025 (विदेश में)**

# डीसी ओपन: फाइनल में पहुंची लेलाह फर्नांडिज और अन्ना कालिन्सकाया

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

लेलाह फर्नांडिज हार्ड कोर्ट टेनिस प्रतियोगिता डीसी ओपन के फाइनल में सत्र का पहला डब्ल्यूटीए खिताब जीतने उतरेंगी जबकि अन्ना कालिन्सकाया की नजरें करियर के पहले खिताब पर होंगी। अमेरिकी ओपन 2021 की उप विजेता फर्नांडिज ने 12 ऐस लगाते हुए सेमीफाइनल में 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रिबाकिना को तीन घंटे और 16 मिनट में 6-7, 7-6, 7-6 से हराया।
कालिन्सकाया ने हालांकि फर्नांडिज से आधे से भी कम समय में ऐमा राडुकानु को 6-4, 6-3 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में जगह बनाने वाली फर्नांडिज और कालिन्सकाया दोनों गैरवरीय खिलाड़ी हैं।




### फाइनल में दूसरी बार पहुंचे मनोर

पुरुष एकल में सातवें वरीय एलेक्स डि मनोर ने कोरेंटिन मोटेट को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार इस टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाई। अब उनकी भिड़ंत स्पेन के 12वें वरीय एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना से होगी। फोकिना ने सेमीफाइनल में चौथे वरीय बेन शेल्टन को 6-2, 7-5 से हराया।

## टेबल टेनिस को लगातार चैंपियन देने के लिए व्यवस्था की जरूरत



**नई दिल्ली।** अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल का मानना है कि भारतीय टेबल टेनिस को युवा प्रतिभाओं को सीनियर स्तर पर सफलतापूर्वक आगे बढ़ने में मदद करने के लिए एक सुस्पष्ट प्रणाली की आवश्यकता है। हालांकि हाल के परिणाम उत्साहजनक रहे हैं लेकिन 43 वर्षीय शरत का कहना है कि दीर्घकालिक विकास को बढ़ावा देने वाली प्रणाली के बिना केवल प्रतिभा ही पर्याप्त नहीं है। शरत ने बताया, 'हम एक-दो सितारों पर निर्भर नहीं रह सकते, हमें एक ऐसी संरचना की आवश्यकता है, जो लगातार चैंपियन तैयार करे।' उन्होंने कहा, 'युवा प्रतिभाएं तो बहुत हैं लेकिन मुख्य समस्या बदलाव के दौर की है। जब तक हम सही व्यवस्था नहीं अपनाते, हम जूनियर चैंपियन को सीनियर चैंपियन बनते नहीं देख पाएंगे।' भारत ने 2024 एशियाई चैंपियनशिप में तीन कांस्य पदक जीते, जिसमें आयहिका और सुतीर्था मुखर्जी ने महिला युगल में ऐतिहासिक पहला पदक जीता जबकि महिला टीम स्पर्धा में भी पहली बार कांस्य पदक मिला। पेरिस ओलंपिक में महिला टीम पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंची और प्री क्वार्टर फाइनल में दुनिया की चौथे नंबर की रोमानियाई टीम को हराया।

# ग्रीन और इंग्लिस का अर्धशतक, ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को तीन विकेट से दी मात

एजेंसी ▶▶| बासेटेरे (सेंट किट्स)

कैमरन ग्रीन और जोश इंग्लिस के अर्धशतक से ऑस्ट्रेलिया ने चौथे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में वेस्टइंडीज को 3 विकेट से हराकर 5 मैच की श्रृंखला में 4-0 की बढ़त बना ली। वेस्टइंडीज के 206 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने ग्रीन (नाबाद 55, 35 गेंद, 3 छक्के, 3 चौके) और इंग्लिस (51 रन, 30 गेंद, 10 चौके, 1 छक्का) की पारियों की बदौलत 19.2 ओवर में सात विकेट पर 206 रन बनाकर जीत दर्ज की। वेस्टइंडीज की ओर से जेडिया ब्लेड्स ने 29 रन देकर तीन विकेट चटकाए।

- आस्ट्रेलिया ने 5 मैच की टी20 श्रृंखला में बनाई 4-0 की बढ़त




### वेस्टइंडीज ने बनाए 205 रन

वेस्टइंडीज ने इससे पहले 9 विकेट पर 205 रन बनाए लेकिन उसकी तरफ से कोई बल्लेबाज टिककर बड़ी पारी नहीं खेल पाया। मेजबान टीम के चार बल्लेबाजों ने 20 रन के आंकड़े को पार किया, जिसमें शेरफेन रदरफोर्ड 31 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। ऑस्ट्रेलिया की ओर से आरोन हार्डी, जेवियर बार्टलेट, और सीन एबट ने दो-दो जबकि एडम जंपा ने तीन विकेट चटकाए।

## विश्व विश्वविद्यालय खेल: भारत ने स्पर्धा में जीते दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक

# अंकिता ने 3 हजार मीटर स्टीपलचेज में जीता रजत पदक

एजेंसी ▶▶| राइन रूहर (जर्मनी)

भारत की स्टीपलचेज एथलीट अंकिता ने विश्व विश्वविद्यालय खेलों के अंतिम दिन 9:31.99 सेकेंड के व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ 3000 मीटर स्पर्धा में रजत पदक जीता।

रविवार को कई भारतीय एथलीट ट्रैक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। 23 वर्षीय अंकिता ने अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 9:39.00 सेकेंड से लगभग सात सेकेंड कम समय में रजत पदक जीता। वह फिनलैंड की इलोना मारिया मोनोनेन (9:31.86 सेकेंड) के मिली सेकेंड से पीछे रहीं। जर्मनी की अदिया बुड्डे ने 9:33.34 सेकेंड का समय लेकर कांस्य पदक जीता।




### भारतीय पैदल चाल एथलीटों का प्रदर्शन निराशाजनक

रिले स्पर्धाओं में भारत पारंपरिक रूप से मजबूत है, जो पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर और चार गुणा 100 मीटर तथा महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर रिले स्पर्धाओं में पदकों की संख्या को और बेहतर करने की कोशिश करेगा। भारतीय पैदल चाल एथलीटों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। कोई भी पुरुष और महिला वर्ग में शीर्ष 10 में भी जगह नहीं बना पाया। हालांकि कुछ ने व्यक्तिगत या सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला।

### अंकिता ने हीट 1 में हासिल किया था शीर्ष स्थान हासिल

अंकिता ने 9:54.79 सेकंड का समय निकालकर हीट 1 में शीर्ष स्थान हासिल किया था और फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। सुबह के सत्र में अंकिता के पदक जीतने के साथ भारत ने इस प्रतिष्ठित स्पर्धा में अपने पदकों की संख्या दो स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदकों तक पहुंचा दी है। भारतीय महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने 3:35.08 सेकेंड से सत्र का सर्वश्रेष्ठ समय निकाला, लेकिन यह पदक के लिए पर्याप्त नहीं था।

### तीरंदाज साहिल जाधव को स्वर्ण त्रिकूद में चित्रावेल ने जीता रजत

साहिल जाधव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों के कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। इससे पहले परनीत कौर महिला कंपाउंड के रोमांचक फाइनल में दक्षिण कोरिया की मून यीउन के खिलाफ दबाव में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में नाकाम रही और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इन दोनों के अलावा भारत ने कंपाउंड तीरंदाजों ने मिश्रित टीम स्वर्ण, पुरुषों की टीम रजत, महिलाओं की टीम कांस्य के साथ रिकर्व तीरंदाजों के निराशाजनक प्रदर्शन की काफी हद तक भरपाई भी कर दी। वहीं भारत के 24 वर्षीय एथलीट प्रवीण चित्रावेल ने अपने दूसरे प्रयास में 16.66 मीटर की शानदार छलांग लगाकर त्रिकूद में रजत पदक जीता। भुवनेश्वर ऑस्ट्रेलिया के कॉनर मर्फी से पीछे रहा, जिन्होंने 16.77 मीटर की इस सत्र की सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई।

# विश्व तैराकी चैंपियनशिप में आर्यन-लिखित का सफर खत्म

एजेंसी ▶▶| सिंगापुर

भारतीय तैराक आर्यन नेहरा विश्व एक्वाटिक्स चैंपियनशिप में फाइनल के लिए क्वालीफाई करने से चूक गए जबकि एसपी लिखित भी अपनी स्पर्धा के सेमीफाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। पुरुषों के 400 मीटर फ्रीस्टाइल वर्ग में प्रतिस्पर्धा कर रहे नेहरा चार मिनट 00.39 सेकंड के समय के साथ अपनी हीट (शुरुआती दौर की रेस) में सातवें और कुल मिलाकर 37वें स्थान पर रहे। शीर्ष आठ तैराक फाइनल में पहुंचे।

ऑस्ट्रेलिया के सैमुअल शॉर्ट ने तीन मिनट 42.07 सेकेंड के सबसे कम समय के साथ हीट में शीर्ष स्थान हासिल किया। दूसरी ओर लिखित ने पुरुषों की 100 मीटर




ब्रेस्टस्ट्रोक स्पर्धा में एक मिनट 1.99 सेकेंड का समय लेकर कुल मिलाकर 40वां स्थान हासिल किया। शीर्ष 16 तैराकों ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई किया। तुर्की के नुसरत अल्लाहवर्दी एक मिनट 1.11 सेकेंड के समय के साथ हीट में सबसे तेज तैराक रहे।



## नाटक विश्वामित्र और हर्षिता की प्रस्तुति एवं राष्ट्रीय संगोष्ठी

# रस, राग और रचना के माध्यम से भारतीय संस्कृति की परंपरा से संवाद करती नाट्य प्रस्तुतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविंद्र भवन में आयोजित छह दिवसीय हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह का चौथे दिन दो नाटकों को प्रदर्शित किया, जिसमें पहला सतीश दवे निर्देशित विश्वामित्र और दूसरा डॉ. स्वपनकल्पा दास गुप्ता निर्देशित हर्षिता था। एक ओर विश्वामित्र की कथा यह सिद्ध करती है कि मनुष्य अपने संकल्प, साधना और आत्मबोध से किसी भी ऊंचाई तक पहुंच सकता है। तो दूसरी ओर रस, राग और रचना के माध्यम से भारतीय संस्कृति की परंपरा, आधुनिकता से संवाद करती है।



**हरिहर राष्ट्रीय नाट्य समारोह का चौथा दिन**

### नदी पारकर विश्वामित्र गायत्री मंत्र को करते हैं अवतरित



नाटक का कथासार में दिखाया कि घोड़ों को पानी पिलाने के उद्देश्य से ब्रह्मर्षि वशिष्ठजी के आश्रम में रुकते हैं जहां ब्रह्मर्षि उन्हें भोजन का आमंत्रण देते हैं। छोटे से आश्रम में विशाल सेना की उत्तम व्यवस्था से आश्चर्यचकित विश्वामित्र अमात्य से इसका रहस्य पूछते हैं। अमात्य उन्हें ब्रह्मा से प्राप्त नंदिनी गाय के बारे में बताते हैं। विश्वामित्र वशिष्ठ से गाय मांगते हैं। वशिष्ठ के मना करने पर युद्ध करते हैं। युद्ध में पराजित होने पर आध्यात्मिक शक्ति के लिए कठोर तप करते हैं।



### आठ प्रकार की नायिकाओं का वर्गीकरण

यह हास्य रस में नाट्यशास्त्रीक अष्टानायिका महान ऋषि भरत ने अपनी श्रेष्ट कृति अष्टनायिका, आठ प्रकार की नायिकाओं का वर्गीकरण विस्तृत रूप से किया गया है। यह भारतीय प्रदर्शन कलाओं पर एक आधारभुत ग्रंथ है। यह आठ नायिकाएं प्रेम और रिश्तों के संदर्भ मे विभिन्न भावनात्मक अवस्थाओं एवं मनोदिशाओं का प्रतिनिधित्व करती हैं।

### लोक धर्मी का अर्थ गांव का नाटक नहीं है

भरतमुनि राष्ट्रीय संगोष्ठी के प्रथम सत्र के वक्ता डॉ. पुरु दाधीच, इंदौर ने 'नाट्यशास्त्र प्रयोग विज्ञान' विषय पर उद्बोधन दिया। उन्होंने अभिनवगुप्त की परिभाषाओं का उदाहरण देते हुए प्रयोगों पर विस्तार से प्रकाश डाला। डॉ.दाधीच ने कहा कि रंगमंच में प्रयोग आलेख और प्रस्तुति की शैली में होता है, प्रयोग के साथ आवश्यक है कि अभिनेता मंच पर नाट्य करते हुए उस पात्र में डूबकर उसका आनंद लेता रहे। उस आनंद को ही दर्शक अपने आप में महसूस करते हैं। तभी रस की निष्पत्ति होती है



वैद साहब के खतों पर केंद्रित है 'तूजी शेरजी और आत्मगल्प'



# छतनारा के वितान में तेजी ग्रोवर ने याद किए कृष्ण बलदेव वैद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रविवार शाम, छतनारा समूह द्वारा वितान श्रृंखला के अंतर्गत तीसरे कार्यक्रम का आयोजन किया था, जिसमें कवि-अनुवादक तेजी ग्रोवर ने अपनी किताब 'तूजी शेरजी और आत्मगल्प' के इर्द-गिर्द बातचीत की।

यह भी गौरतलब रहा कि यह किताब महान कथाकार कृष्ण बलदेव वैद साहब के पत्रों पर केंद्रित है और रविवार को ही कृष्ण बलदेव का 98वां जन्मदिन भी था। कार्यक्रम में होस्ट की भूमिका में कवि-आलोचक निशांत उपाध्याय थे।

### आत्मकथा और गल्प का मिश्रण 'आत्म गल्प विधा'

तेजी ने कहा आत्म गल्प विधा, यह विधा आत्मकथा और गल्प अर्थात फिक्शन का मिश्रण है। निशांत ने भी अन्य एशियन लेखकों द्वारा लिखे आत्म गल्प के बारे में बताया। आगे की बातचीत में तेजी ग्रोवर ने कृष्ण बलदेव वैद द्वारा उनको लिखे गए एक पत्र के कुछ अंश पढ़े, जिसमें वैद साहब युवा कवि के लिए जरूरी नसीहतें तेजी को युवावस्था में देना चाहते थे। तेजी ने बताया कि किताब में स्केच कवि रुस्तम सिंह द्वारा बनाए गए हैं।

# मुंशी प्रेमचंद जयंती पर 24वां कहानी पाठ आयोजित किया

**भोपाल।** मुंशी प्रेमचंद जयंती के अवसर पर मध्य प्रदेश शासकीय कर्मचारी एकता रंगमंच के तत्वावधान में 24वां कहानी पाठ फेसबुक पेज पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रंजना अरगड़े, कार्यक्रम संयोजक डॉ. उर्मिला शिरीष रहीं। मुंशी प्रेमचंद की कहानी ठाकुर का कुआ का पाठ उर्मिला शिरीष किया गया। सुधीर नायक की कहानी 'बिल्ली के गले में घंटी कौन बांधे' चरणजीत सिंह कुकरेजा की कहानी गोद भराई का भी पाठ किया गया।

## राजधानी की खबरें

सर्वसिद्धि योग का संयोग, राजधानी के शिव मंदिरों में की विशेष तैयारी

# सावन का तीसरा सोमवार आज: अर्द्धनारीश्वर शिव की पूजा से अखंड सौभाग्य का आशीर्वाद होता है प्राप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सावन माह चल रहा है, इसे भगवान शिव का अतिप्रिय मास माना जाता है। आज सावन के तीसरे सोमवार पर भोले नाथ के विशेष पूजन से अखंड सौभाग्य, पूर्ण आयु, संतान प्राप्ति, संतान की सुरक्षा, कन्या विवाह, अकाल मृत्यु निवारण व आकस्मिक धन की प्राप्ति होती है। तो वहीं राजधानी के शिव मंदिरों में तीसरे सोमवार को लेकर विशेष तैयारी की गई है। इस दिन अर्द्धनारीश्वर शिव का पूजन किया जाता है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी पंडित रामजीवन दुबे गुरु जी ने बताया कि शिव और सर्वसिद्धि योग का खास संयोग रहेगा।

इस दिन बाबा भोलेनाथ को खुश करने के लिए ऊं महादेवाय सर्व कार्य सिद्धि देहि-देहि कामेश्वराय नमः मंत्र का 11 माला जाप करना श्रेष्ठ माना गया है। इनकी विशेष पूजन से अखंड सौभाग्य, पूर्ण आयु, संतान प्राप्ति, संतान की सुरक्षा, कन्या विवाह, अकाल मृत्यु निवारण व आकस्मिक धन की प्राप्ति होती है।



### मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में निकाली जाएगी शाही सवारी

मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में तीसरे सोमवार पर भगवान का विशेष श्रृंगार किया जाएगा। इसके साथ ही शाही सवारी निकाली जाएगी।

### फूलों से होगा श्रृंगार

गुफा मंदिर स्थित शिव मंदिर में महादेव का महाभिषेक फूल माला से श्रृंगार होगा। तो वहीं महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा।

### 21 क्विंटल दूध से होगा बटेश्वर का सहस्त्रधारा महाभिषेक

श्री बड़वाले महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा श्रावण महोत्सव के तृतीया सोमवार के अवसर पर बाबा बटेश्वर का 21 क्विंटल दूध से सहस्त्र धारा अभिषेक किया जाएगा। समिति के संजय अग्रवाल एवं प्रमोद नेमा ने बताया प्रातः काल नियमित रुद्राभिषेक एवं महा आरती के बाद गणेश पूजन, रुद्र कलश, सर्वभद्र मंडल, नमक ग्रह, कलश पूजन के बाद गर्भ ग्रह में दाल चावल व अन्य अनाजों से महामृत्युंजय मंत्र की प्रतिकृति बनाकर स्थापना एवं पूजन की जाएगी। रात्रि 9 बजे 21 वैदिक ब्राह्मण रुद्री पाठ से 21 क्विंटल दूध से बाबा बटेश्वर का अभिषेक होगा। इस अवसर पर चांदी से बने 1001 क्षिद्रों वाले कलश के द्वारा दूध से बाबा बटेश्वर का अभिषेक करेंगे। 21 रुद्री पाठ के बाद अर्धरात्रि में श्रृंगार व आरती होगी।

# श्रीराम की प्रत्येक लीला का एक सार्वकालिक संदेश है

श्रीरामकथा के दूसरे दिन मंदाकिनी दीदी ने कहा...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



त्रेतायुग में भगवान श्रीराम और रावण के मध्य जो युद्ध हुआ, उसकी व्याख्या करते हुए मानस की अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता दीदी मां मंदाकिनी श्रीरामकिंकर ने रविवार को तुलसी मानस प्रतिष्ठान द्वारा आयोजित श्रीरामकथा के दूसरे दिन कहा कि भगवान श्रीराम की प्रत्येक लीला का एक सार्वकालिक संदेश है। उन्होंने कहा यह अनोखा युद्ध था जिसमें दोनों सेनाओं में कोई बराबरी नहीं थी। भगवान श्रीराम के पास न रथ था, न कवच, न पादत्राण। यदि प्रभु चाहते तो अयोध्या से सेना बुला सकते थे।

भरतजी बड़ी प्रसन्नता से आकर युद्ध में सम्मिलित हो जाते पर प्रभु के ने ऐसा नहीं किया। क्योंकि यह दो राष्ट्रों का युद्ध हो जाता। भारत-श्रीलंका का युद्ध माना जाता। कुछ लोग तो आज भी उसे उत्तर और दक्षिण के युद्ध में व्याख्यायित करने का प्रयास करते है। दीदी मां मन्दाकिनी ने कहा कि श्रीराम के परम सेवक श्री हनुमानजी तो दक्षिण के ही है न ये आर्य और द्रविड़ का युद्ध था। भगवान श्रीराम अपने शरणागत प्रिय मित्र को समझाते है कि ये युद्ध तो बुराई और दुर्गुण दुर्विचारों के विरुद्ध मैं लड़ रहा हूँ। इसलिए प्रभु चाहते तो देवताओं से दिव्यास्त्र मंगवा कर भी लड़ सकते थे।

इलाज के साथ,
अब अनुभव भी होगा विश्वस्तरीय

गैस्ट्रोकेयर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल में लिवर और पाचन तंत्र के अलावा अब स्त्री रोग, मूत्र रोग, किडनी रोग, कैंसर, मधुमेह और हार्मोन संबंधी बीमारियों का उन्नत इलाज - नवीनतम तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में।





मध्यप्रदेश में पहली बार – अत्याधुनिक तकनीकें



FibroScan – Echosens Expert 630
- लिवर और स्प्लीन की बीमारी की painless और तुरंत जांच
- बायोप्सी का non-invasive विकल्प

SpyGlass System
- पित्त नली के कैंसर और पथरी की उन्नत जाँच
- हाई-डेफिनिशन कैमरा से सटीक डायग्नोसिस

Holmium Laser Technology
- बिना चीरे किडनी, पित्त और मूत्र नली की पथरी का इलाज

विशेषज्ञ सुविधाएं

विश्वस्तरीय - Advanced Endoscopy Theatres
उच्च सटीकता से की जाने वाली प्रक्रियाएं:
- एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, कैप्सूल एंडोस्कोपी, ई.आर.सी.पी.
- एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड और डबल बैलून एंटरोस्कोपी

Ultra-Modern Modular OT - दो 3D लैप्रोस्कोपी सिस्टम से सुसज्जित
- Gynae, GI, Urology और Cancer की जटिल सर्जरी में विशेषज्ञता
- संक्रमण-रहित (Infection-controlled) मॉड्यूलर वातावरण

Hi-Tech Radiology Unit - डिजिटल सटीकता के साथ
- सी.टी. स्कैन, एंजियोग्राफी, कलर डॉपलर
- डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी, वीडियो फ्लोरोस्कोपी

विशेषज्ञों द्वारा संचालित और पूर्ण रूप से सुसज्जित - Pathology Department
- Biopsy और Cytology की जांच वरिष्ठ हिस्टोपैथोलॉजिस्ट द्वारा
- सम्पूर्ण शरीर की स्वास्थ्य जांच की सुविधा

G.I. Physiology Lab – पाचन तंत्र की कार्यक्षमता की जांच
- Advanced Manometry – भोजन नली और आंतों की गति संबंधी समस्याओं की जांच
- pHmetry, H. Pylori Breath Tests – गैस, एसिडिटी, अल्सर जैसी समस्याओं के लिए

BIG Gastrocare Multi Speciality Hospital
E-3/120, 121, अरेरा कॉलोनी भोपाल
फोन: 0755-4055123, 4701444
हेल्पलाइन: 9300 951 215

**अमरनाथ यात्रा के 15वें जत्थे में 83 यात्री शामिल**

# बाबा बर्फानी के लिए विशाल आकार की राखी लेकर आज जाएंगे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए राजधानी भोपाल से अमरनाथ यात्रियों का जाने का सिलसिला जारी है। इसी के तहत सोमवार को राजधानी का बड़ा जत्था रवाना होगा। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि मंडल के 83 भोले भक्तों का 15वां जत्था सोमवार मालवा एक्सप्रेस द्वारा भोपाल से विशाल आकार की राखी लेकर बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना होगा। इस जत्थे में 17 महिलाएं शामिल हैं, जिनके द्वारा विशाल आकर की राखी बाबा बर्फानी को अर्पित की जाएगी एवं सैनिकों को राखी भेंट की जाएगी, जो कि दिन रात भक्तों की सेवा में लगे हुए हैं। यह जत्था पहलगांव मार्ग से बाबा बर्फानी के दर्शन हेतु प्रस्थान करेगा। इस जत्थे का नेतृत्व प्रकाश आधार पाटिल द्वारा किया जाएगा। इस जत्थे में भोपाल के अलावा, रायपुर छत्तीसगढ़, जलगांव महाराष्ट्र से भी भोले भक्त जा रहे है। मंडल सदस्यों द्वारा जत्थे की बिदाई फूलमाला, तिलक लगाकर ढोल धमाकों द्वारा की जाएगी।

ज्योति कलश रथ यात्रा एक अगस्त को पहुंचेगी भोपाल

# ज्योति कलश यात्रा एवं युवा चिंतन शिविर की तैयारियां चरम पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में शताब्दी वर्ष 2026 की तैयारी के तहत शुरू हुई, ज्योति कलश रथ यात्रा एक अगस्त को भोपाल पहुंचेगी।

वहीं 28 अक्टूबर तक संपन्न होने वाले युवा चिंतन शिविर की तैयारियां चरम पर है। इसको लेकर रविवार को प्रथम कार्यक्रम कंफर्ट कॉलोनी अयोध्या नगर में 24 घरों में गायत्री यज्ञ, पौधरोपण एवं देव स्थापना का कार्यक्रम ओपी विश्वकर्मा एवं भाइयों बहनों के द्वारा संपन्न किया गया। हुआ। दूसरा कार्यक्रम भोपाल के 98 क्वार्टर माता मंदिर गोकुल धाम कॉलोनी प्लेटिनम प्लाजा न्यू मार्केट में 16 घरों में यज्ञ, पौध रोपण जन एवं व्यसन जागरण रैली का आयोजन हरिशंकर राय एवं बहनों के द्वारा संपन्न होगा। तीसरा कार्यक्रम श्याम शर्मा जिला समन्वयक के मार्गदर्शन में बिड़ला मंदिर परिसर में गायत्री परिवार के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। उल्लेखनीय है कि अखिल विश्व गायत्री परिवार की गुरु माता वंदनीय माता भगवती देवी शर्मा के 100 वर्ष एवं अखंड दीपक के 100 वर्ष 2026 में होने जा रहे हैं, जिसमें शताब्दी वर्ष के अंतर्गत गुरुदेव के विचारों ओर गायत्री परिवार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने के लिए उपरोक्त कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं ।





**नर्मदापुरम से भोपाल तक रोप रहे हैं पौधे**

# कांवड़ यात्रा में दिख रही सामाजिक समरसता कांवड़ियों ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के कांवड़ियों द्वारा नर्मदापुरम से भोपाल तक कावड़ यात्रा निकाली जा रही है। 3 दिवसीय यात्रा में सामाजिक समरसता दिखा दे रहा है। तो वहीं पर्यावरण का संदेश भी दिया जा रहा है। दरअसल सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति द्वारा श्रावण मास के शुभ अवसर पर नर्मदापुरम से भोपाल पैदल बाबा बटेश्वर कांवड़ा यात्रा दिनांक 25 जुलाई से 28 जुलाई तक आयोजित गई है। रविवार को तीसरे दिन यात्रा मंडीदीप पहुंची, संस्था के अध्यक्ष



चेतन भार्गव एवं प्रकाश मालवीय ने बताया कि यात्रा में कांवड़िए जगह जगह विभिन्न प्रकार के पौधे रोपण कर रहे पौधों की सुरक्षा का संकल्प स्थानीय निवासी से ले रहे हैं।

कांवड़िए तीसरे सोमवार को भोपाल पहुंचरकर बाबा बटेश्वर का अभिषेक करेंगे। यात्रा में 700 से



अधिक कांवड़िए शामिल हुए हैं। युवा कांवड़ और तिरंगा हाथों में थामे भोपाल की और आगे बढ़ रहे हैं। कांवड़ियों का जगह-जगह पुष्प हार फूल पहनाकर श्रद्धालुओं द्वारा स्वागत किया जा रहा है।

### नेपाली समाज की कांवड़ यात्रा भोपाल पहुंची, आज होगा बाबा का अभिषेक

श्री पशुपतिनाथ नेपाली समाज मंदिर गोविन्दपुरा ने कांवड़ यात्रा का आयोजन किया। कांवड़िए मां नर्मदा का जल ला कर भगवान श्री पशुपतिनाथ का अभिषेक करेंगे। 26 जुलाई को नेपाली समाज के 300 से अधिक कावंड़ यात्री बुधनी घाट से कांवड़ में जलभरकर बोल बम और श्री पशुपतिनाथ भगवान के जयकारों के साथ रवाना हुए। रविवार को कांवड़ यात्रा भोपाल पहुंची। 28 जुलाई सोमवार को सुबह 8 बजे भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया जाएगा।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930